संसेक्स 71,072.49 ▲ -523.00
डॉलर 83.010 ▼ -0.005

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 15.0 | 23.0 |
| धनबाद | 27.0 | 18.0 | 23.0 |
| जमशेदपुर | 31.0 | 17.0 | 27.0 |
| पलामू | 26.0 | 16.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 13 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 118, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय जीवन शैली में सुधार लाकर हृदयाघात जैसी बीमारी से बचें जाक सकता है ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
भारत का समय आ गया है, पूरा विश्व भारत ...12 देश/विदेश




**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# बिहार विधानसभा में नीतीश सरकार ने जीता विश्वास मत, समर्थन में पड़े 129 वोट

**पटना।** बिहार विधानसभा में सोमवार को नीतीश सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। मतदान से पहले ही विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया था। सत्ता पक्ष की मांग पर वोटिंग करवाई गई। इसमें समर्थन में 129 वोट पड़े। विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा। नीतीश कुमार की सरकार के विश्वास मत पर वोटिंग से पहले विपक्ष ने सदन का बहिष्कार कर दिया। इसके बाद सीएम नीतीश के कहने पर उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने पक्ष में विधायकों को खड़ा होने कहा और उनकी गिनती करवाई। सरकार के समर्थन में 129 वोट पड़े। स्पीकर को हटाने के वक्त सरकार के पक्ष में 125 वोट ही पड़े थे। विश्वास मत पर वोटिंग के दौरान चार और वोट सरकार के पक्ष में बढ़ गए। इस बहस से पहले बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार के रखे विश्वास मत प्रस्ताव पर बहस



के दौरान सदन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव रखा, जिस पर विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने अपनी बात रखी है। जितने लोगों ने अपनी बात रखी है, उन्हें मैं धन्यवाद देता हूं। नीतीश कुमार ने कहा कि आरजेडी को जब शिक्षा मंत्रालय दिया तो गड़बड़ी करने लगे।

## राजद भ्रष्टाचार आचरण में लिप्त रही, कराऊंगा जांच : नीतीश कुमार



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को आरोप लगाया कि पिछली सरकार में राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्ट आचरण में लिप्त थी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार इसकी जांच कराएगी। बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार ने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति का फैसला तो तब हो चुका था, जब भाजपा और जदयू की सरकार थी। जब राजद के साथ सरकार बनी तब राजद ने जबरदस्ती शिक्षा विभाग लिया था, लेकिन वे लोग शिक्षा विभाग में काम करने के बजाय सारे काम को रोक रहे थे। इससे पहले भी जब महागठबंधन की सरकार बनी थी तब उस समय कांग्रेस के पास शिक्षा विभाग हुआ करता था, लेकिन कांग्रेस ने गड़बड़ी नहीं की थी। राजद ने गड़बड़ किया। नीतीश कुमार ने विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि राजद के शासनकाल को भी याद करना चाहिए। कोई कानून-व्यवस्था नहीं थी। 2005 से पहले राजद अपने शासनकाल के दौरान भ्रष्ट आचरण में लिप्त था, मैं इसकी जांच कराऊंगा। उन्होंने कहा कि 2005 में मेरे सत्ता में पहले तेजस्वी के पिता और मां को 15 साल तक काम करने का मौका मिला तो क्या होता था बिहार में। शाम में कोई भी आदमी घर से बाहर नहीं निकलता था, अब 11-12 बजे रात तक महिलाएं घूमती हैं। ये लोग कमाने में लग गए और यह बात मुझे मालूम चला तो अलग हो गए। अब सबका हम जांच करवाएंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले स्पीकर के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में भी नीतीश कुमार के पक्ष में 125 और विपक्ष में 112 विधायकों ने वोट किया है।

### पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,090
चांदी (किलो) 71,370

### एक नजर

**झारखंड विस का बजट सत्र 23 से दो मार्च तक, 27 को पेश होगा बजट**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा जो दो मार्च तक चलेगा। बजट सत्र आहूत करने के प्रस्ताव को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की ओर से मंजूरी मिल गई है। चम्पाई सोरेन की सरकार 27 फरवरी को 2024-25 का बजट पेश करेगी। पंचम विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों को सदन के पटल पर रखा जायेगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी का भी उपस्थापन होगा। 24-25 फरवरी को कोई बैठक नहीं होगी। 26 फरवरी को प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक पर चर्चा होगी। 27 फरवरी को प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय व्यय का उपस्थापन होगा। 28 फरवरी को प्रश्नकाल और बजट के आय- व्यय पर सामान्य चर्चा होगी। 29 को प्रश्नकाल, वाद- विवाद और इस पर सरकार का उत्तर आने के अलावा मतदान होगा। एक मार्च को प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर वाद- विवाद, सरकार का उत्तर और मतदान के अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय- व्यय के विनियोग विधेयक का उपस्थापन होगा।

### 55 हजार सखी मंडलों के बीच 825 करोड़ की सहायता और क्रेडिट सपोर्ट का वितरण

# राज्य के विकास में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण : चंपाई

**इस महासम्मेलन में राज्य की 30 हजार सखी मंडल की महिलाएं भाग ले रहीं**

**1.4 लाख एसएचजी को बैंक क्रेडिट लिंकेज से 8, 247 करोड़ उपलब्ध कराए**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर मामले में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र हैं। अब महिलाएं पुरुषों के बराबर सब कुछ करने में सक्षम हैं। समाज सुधार, राजनीति, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, विज्ञान व अनुसंधान, व्यवसाय, खेलकूद और सैन्य बलों सहित कई क्षेत्रों में हमारी बहनों और बेटियों ने अमूल्य योगदान दिया है। मुख्यमंत्री सोमवार को मोरहाबादी मैदान में सखी मंडल की महिलाओं की राज्यस्तरीय एक्सपोजर एवं क्षमता संवर्धन शिविर सह महिला महासम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में 55 हजार महिला सखी मंडलों के बीच 825 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की। चंपई ने कहा कि मैं आज इस मंच से यहां उपस्थित सभी महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों से अपील करना चाहता हूं कि आप अपनी प्रतिभा पहचाने और



**समाज को बेहतर दिशा देने में लगी है एसएचजी ग्रुप की बहन-बेटियां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि घर-परिवार के साथ समाज और राज्य को सही दिशा देने में एसएचजी ग्रुप की बहन-बेटियां निरंतर बेहतर कार्य कर रही हैं। आज के इस महिला महासम्मेलन में राज्य के लगभग 30 हजार सखी मंडल की महिलाएं भाग ले रही हैं। इसी तरह अन्य चारों प्रमंडल में भी राज्य की लगभग 45 हजार सखी मंडल की बहन-बेटियां इस कार्यक्रम से जुड़ी हैं। महिलाओं के सम्मान और समाज में समानता के लिए यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें यह समझने की जरूरत है कि महिलाएं हमारे समाज की आधारशिला होती हैं और उनके योगदान के बिना हमारा समाज अधूरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लगातार सखी मंडल के माध्यम से राज्य में विकास से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है। शेष पृष्ठ 11 पर

विश्वास के साथ आगे बढ़ें। हर कदम हर स्थिति में यह सरकार आपके साथ सदैव खड़ी रहेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार जिस तरह आप दीदियों के साथ खड़ी थी, उसी तरह हम भी आपके हर दुख और सुख में साथ रहेंगे। आपके राज्य सरकार की ओर से किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। यह मैं आज आप सभी को विश्वास देने आया हूं।

**33 हजार से ज्यादा महिलाओं को मिला फूलों झानों आशीर्वाद योजना का लाभ :** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि ऐसे तो पिछले 4 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले महिला पुरुषों के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई गई हैं। फूलों झानों आशीर्वाद योजना भी एक महत्वपूर्ण योजना बनकर उभरी है। इस योजना के माध्यम से हड़िया-दारु के व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं शेष पृष्ठ 11 पर

# जेट से होगा राज्य में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति



**झारखंड कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

**झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट रूल के गठन को स्वीकृति**

**जेट स्कोर से ही पीएचडी कोर्स में लिया जाएगा एडमिशन**

**झारखंड तकनीकी सेवा नियमावली 2023 को मिली स्वीकृति**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अब शीघ्र ही शिक्षकों की कमी दूर होने वाली है। सोमवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। बैठक में कुल 25 प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट में निर्णय हुआ कि झारखंड के विश्वविद्यालय और कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेट) लिया जाएगा। इसके लिए झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट रूल के गठन को स्वीकृति दी गई है। इसी टेस्ट के स्कोर के जरिए विश्वविद्यालयों के पीएच-डी कोर्स में भी एडमिशन लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के एक अन्य प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई है। इस विभाग के अधीन आने वाले तकनीकी शिक्षा निदेशालय के द्वारा राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज में शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। इसके लिए झारखंड तकनीकी सेवा नियमावली 2023 को स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने यह जानकारी दी।

**कृषि ऋणों पर अब चार फीसदी की छूट :** कैबिनेट की बैठक में कृषि ऋणों पर बड़ा निर्णय लिया गया। अब किसानों को कृषि ऋण के ब्याज पर तीन की जगह चार फीसदी की छूट दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल 25 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। वैसे किसान जो कृषि लेकर उसे एक वर्ष के भीतर शेष पृष्ठ 11 पर

### इन प्रस्तावों को भी मिली स्वीकृति

- केन्द्र प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) एवं विश्व बैंक संपोषित झारखंड म्युनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट अंतर्गत 14436.84 लाख रुपये की लागत पर तकनीकी अनुमोदन प्राप्त लोहरदगा शहरी जलापूर्ति परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति एवं इस योजना के मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी) की स्वीकृति दी गई।
- केन्द्र प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) एवं विश्व बैंक संपोषित झारखंड म्युनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट अंतर्गत 11289.83 लाख रुपये की लागत पर तकनीकी अनुमोदन प्राप्त गुमला शहरी जलापूर्ति परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति एवं इस योजना के मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी) की स्वीकृति दी गई।
- रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र अन्तर्गत निमार्णाधीन झारखंड सरकार के 11 कैबिनेट मंत्री के आवास के लिए कुल राशि 114,47,21,100 रुपये की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2023 को अधिनियमित करने के लिए झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक को आगामी बजट सत्र में पुनर्स्थापित करने के बिन्दु पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति दी गई।
- राज्यपाल सचिवालय की स्थापना में राज्यपाल के वरीय आप्त सचिव का 01 (एक) पद सृजित करने की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड सम्पूर्ण बिजली आच्छादन योजना अन्तर्गत शेष बचे हुए कार्यों को पूर्ण करने के लिए मार्च तक योजना के अवधि विस्तार की स्वीकृति की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य विधि आयोग की कार्यावधि 14 नवंबर 2023 से 13 नवंबर, 2025 तक भूतलक्षी प्रभाव से विस्तारित करने की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- झारखंड विधि पदाधिकारी (सगाई) नियमावली, 2018 में संशोधन की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्यान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन छात्रावास निर्माण, संचालन एवं प्रबंधन के लिए झारखण्ड अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ी जाति/ अल्पसंख्यक छात्रावास पोषण योजना, 2024 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- कर्त्तव्य के दौरान नक्सली घटनाओं में मारे गये इंडिया रिजर्व बटालियन के जवानों के शेष कर्त्तव्य अवधि के वेतन के समतुल्य राशि उनके आश्रितों को भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।

**इंडिया**

# धर्म, आस्था और परंपरा पर सवाल तार्किक हों राजनीतिक नहीं



सुनील बादल

**अक्सर** ज्यादा पढे लिखे लोग या राजनेता परंपराओं के बाद धर्म या आस्था का विरोध करते आदिवासी मान्यताओं के बाद सनातन धर्म का मजाक उड़ाने लगते हैं जो कई बार कट्टरता की हद तक पहुँच जाता है। यह विरोध कभी विज्ञान की कसौटियों के नाम पर होता है तो कभी आधुनिकता के नाम पर तो कभी पाखंड के नाम पर। यह सही है कि कोई भी मान्यता सर्वकालिक नहीं हो सकती और मूल धर्म में लोगों ने जो परंपराएँ जोड़ीं उसमें कुछ पाखंड भी जुड़ गए पर धर्म या मान्यता के औचित्य पर सवाल उठाने या विरोध करने से पहले उसके सभी पहलुओं पर विचार अवश्य करना चाहिए। पहले तो हम समझें कि धर्म है क्या? धर्म असल में एक संविधान की तरह प्राचीन काल से था जब लिखित या घोषित संविधान की रचना नहीं हुई थी। तब उदाहरणों या प्रतिकों के अलावा धर्म के नाम पर लोगों को अनुशासनबद्ध किया जाता था। आज भी जो बातें लोगों को अन्य किसी माध्यम से न समझाई जा सकती हों उन्हें धर्म के नाम लोगों से मनवा सकते हैं। कुछ धर्म या आस्था के अनुयायी किसी भी हाल में प्राचीन मान्यताओं को नहीं बदलने पर अडिग हैं क्योंकि उनका धर्म उन्हें इसकी इजाजत नहीं देता पर कुछ धर्म विशेषतया सनातन इस मामले में अत्यंत उदार है और उसके मानने वाले और न मानने वाले विरोधी तक जन्मया हिंदू या सनातनी हैं जबकि कुछ धर्म में इतनी उदारता नहीं है। इसी तरह के सवाल आज सरस्वती पूजा पर उठाए जा रहे हैं कि विज्ञान के युग में किसी फोटो या मूर्ति की पूजा से ज्ञान कैसे मिलेगा? तो क्या किसी प्रारंभिक विद्यार्थी से यह पूछने पर कि इन कुछ दर्जन भर भारी भरकम किताबें पढ़कर तुम डॉक्टर,इंजीनियर या वैज्ञानिक बन सकते हो तो क्या वह विश्वास कर पाएगा ? पहले तो वह डर जाएगा और निराश हो जाएगा । वास्तव में मनुष्य का शरीर एक ऐसा जटिल उपकरण है जो वातावरण और नियमित संस्कारों या प्रशिक्षण से असंभव लगते कार्यों को आसानी से कर लेता है और पूजा उपासना या इबादत वह प्रक्रिया है जो उसे सुसंकृत या सुव्यवस्थित करती है। अनेक वैज्ञानिकों के साथ ऋषि मुनियों ने भी कहा है कि विचारों से या कुविचारों



से हमारे शरीर के अंदर स्वास्थ्य या विकार से लेकर बीमार करने की स्थिति उत्पन्न होती है। सरस्वती पूजा वास्तव में ज्ञान, मेधा या सुविचारों के प्रति आस्था जगाने का प्रतीक पर्व है जो ऋतुराज बसंत का उत्सव भी है। बसंत पंचमी के शुभ दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी उस पहले दिन से बहुत दूर आ गए हैं जब मनुष्य ने भाषा या एक अर्थपूर्ण शब्द का उच्चारण किया था। उसके बाद भाषाविदों ने भाषा की उत्पत्ति का पता लगाने की कोशिश की है, लेकिन आज जब भाषा कहीं अधिक उन्नत है, और यहां तक कि बॉट्स और एआई भी इंसानों की तरह बोलते हैं और प्रतिक्रिया देते हैं, भारतीय छात्र अभी भी इस देवी के सामने अपना सिर झुकाते हैं।कई अन्य धर्मों के विपरीत, सनातन धर्म देवत्व के स्त्री पहलुओं को दृढ़ता से स्वीकारता है। एक उदाहरण यह है कि त्रिमूर्ति - ब्रह्मा, विष्णु, शिव - में से प्रत्येक एक महिला देवी के साथ है और पुरुष भगवान उसके बिना काम नहीं कर सकते हैं। सरस्वती का शाब्दिक अर्थ स्वयं का सार है क्योंकि संस्कृत में सारा का अर्थ सार और स्व का अर्थ स्वयं है। उन्हें तीन प्रमुख नियमों में माना जाता है: नदी के रूप में, वाक (वाणी) के रूप में, और देवी के रूप में। प्रारंभिक सनातन धर्म में, सरस्वती को सरस्वती नदी से जुड़ी नदी देवी के रूप में माना जाता था । सरस्वती नदी को वर्तमान समय में गंगा की तरह सबसे प्रभावशाली नदी माना जाता है क्योंकि यह नदी भूमि को समृद्ध करती है और उर्वरता पैदा करती है। बहते पानी की शुद्धिकरण शक्ति के कारण सरस्वती नदी भी पवित्रता का प्रतिनिधित्व करती है। ऋग्वेद में कहा गया है कि सरस्वती नदी लोगों को स्वास्थ्य और लंबी उम्र का आशीर्वाद भी देती है। बाद में वैदिक काल में, उन्हें वाणी की देवी वाक से जोड़ा गया । हिंदू धर्म में वाणी की शक्ति का महत्व रहा है। वेदों के अनुसार, ब्रह्म, सभी चीजों के हृदय में स्थित दिव्य वास्तविकता, लघु मंत्र ओम द्वारा निर्मित है, जो सृष्टि की ध्वनि है। फलतः वाणी को सृष्टि की आदिशक्ति एवं उत्पत्ति माना गया है। यदि ज्ञान देने वाली शक्ति के प्रति सम्मान गुरुओं के सम्मान की तरह आस्था प्रकट किया जा रहा है तो आज भी एक विनम्र संस्कार है।

## पीएमएलए कोर्ट में पेश किए गए हेमंत ईडी रिमांड और तीन दिनों के लिए बढ़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ईडी रिमांड की अवधि और तीन दिनों के लिए बढ़ा दी है। ईडी उनसे 3 फरवरी से लगातार पूछताछ कर रही है। सोरेन की पांच दिनों की दूसरी रिमांड अवधि पूरी होने पर ईडी ने सोमवार को उन्हें कोर्ट के समक्ष पेश करते हुए कहा कि अभी कई और बिंदुओं पर पूछताछ की जरूरत है, इसलिए रिमांड चार दिनों के लिए बढ़ाया जाए। दोनों पक्षों की ओर से बहस के बाद कोर्ट ने तीन दिन का रिमांड बढ़ाने की मंजूरी दी। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया और हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार ने पक्ष रखा, जबकि हेमंत सोरेन की ओर से झारखंड के एडवोकेट जनरल राजीव रंजन ने बहस की। गौरतलब है कि ईडी ने रांची के बरियातू में करीब साढ़े आठ एकड़ जमीन के घोटाले में 31 जनवरी को आठ घंटे की पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। पिछले दस दिनों के दौरान उनसे जमीन के स्वामित्व, उनके दिल्ली स्थित आवास से बीएमडब्ल्यू कार की बरामदगी, करीबी विनोद सिंह के व्हाट्सएप चैट के बारे में पूछताछ की गई है। कोर्ट ने ईडी को पुलिस रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन का मेडिकल चेकअप कराते रहने का निर्देश दिया था। साथ ही किसी तरह की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना नहीं करने को भी कहा था। इसके अलावा कोर्ट ने पूछताछ के दौरान हेमंत सोरेन को अपने परिवार के सदस्य और अपने वकील से मुलाकात करने की छूट दी थी। मुलाकात की अवधि 30 मिनट निर्धारित की थी।

## एक नजर

### हैदरनगर में रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात अधेड़ का शव

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के हैदरनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। वरीय स्टेशन प्रबंधक मो. सलाउद्दीन ने बताया कि सोमवार की सुबह मृतक को स्टेशन परिसर में देखा गया है। इसके बाद उन्होंने आरपीएफ पोस्ट जपला व जीआरपी थाना मेदिनीनगर को सूचना दी है। मृतक के ट्रेन पकड़ने रेलवे स्टेशन आने की संभावना जतायी जाती है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो पायेगा। हालांकि इसकी खबर फैलते ही सैकड़ों लोग शव देखने पहुंचे हैं। पर मृतक का पहचान नहीं हो सका है। उन्होंने आम लोगों से इसकी पहचान होने पर मृतक के परिजनों तक तत्काल जानकारी पहुंचाने का आग्रह किया है। मृतक देखने से संपन्न परिवार का प्रतीत होता है।

### व्यापार मंडल अध्यक्ष को पितृशोक

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के पिता मुनारिक बैठा का रविवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी तट स्थित मुक्ति धाम पर किया गया। उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से सांसद बीडी राम, विधायक कमलेश कुमार सिंह,पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, कर्नल संजय सिंह,अजय गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह,बीससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,नपं के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार,प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,जिप सदस्य राजू मेहता आदि शामिल रहे।

### भारतीय जनतंत्र मोर्चा की कार्यकारिणी गठित

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने जिला तथा प्रखंड के महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की घोषणा की है। इसके तहत जिला इकाई में उपाध्यक्ष सतीश पांडे व ब्रजेश तिवारी, महामंत्री राकेश शुक्ला, मंत्री शिव सेवक सिंह व अभिषेक पांडे, जिला प्रवक्ता आशुतोष मिश्रा बनाये गये हैं। सोशल मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी अभय रंजन व अविनाश मिश्रा को दी गयी है। इसके अतिरिक्त कार्यसमिति में महेंद्र पासवान,आशुतोष पाठक, मोतीलाल मुंडा, बीरबल भुइयां, राकेश दुबे, विकास कुमार, कमल पासवान, नीरज दुबे, मोहम्मद अख्तर, सुशील विश्वकर्मा, मुन्ना पांडे, सुनील कुमार व अजीत पांडे को शामिल किया गया है। मेदिनीनगर प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण तिवारी, चैनपुर का सूर्य कुमार राम ,पांकी प्रखंड अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र जायसवाल, तरहसी का अखिलेश कुमार महतो, पाटन का शंकर कुमार, मनातू का अशोक उरांव, छतरपुर का अर्जुन मिश्रा, पड़वा का कृष्ण मुरारी मेहता, हरिहरगंज का निरंजन सिंह एवं हैदरनगर का शशि रंजन मिश्रा को अध्यक्ष बनाया गया है।

# तापमान में उतार-चढ़ाव से संक्रामक बीमारियों का प्रसार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में एक सप्ताह से अधिक समय से जारी तापमान पर उतार-चढ़ाव नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। इससे वायरल फीवर, सर्दी-खांसी आदि संक्रामक बीमारियों तेजी से प्रसार कर रही हैं। आसमान में उमड़-घुमड़ कर रहे बादलों के कारण समस्या और भी बढ़ गयी है। अनियमित तापमान के साथ सामंजस्य नहीं बन पाने के कारण इस समय शहरों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी वायरल फीवर पूरी तरह से अपना पांव पसार चुकी है। बच्चों व बुजुर्गों पर मौसम का सर्वाधिक असर देखा जा रहा है। चिकित्सालयों में विभिन्न मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिले में समुचित चिकित्सा सुविधा के अभाव में नागरिक झोला छाप चिकित्सकों की शरण लेने को विवश हैं। लोगों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर समीक्षा, बनायी गयी रणनीति

# एसडीएम ने विभिन्न दलों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** 15 फरवरी को क्षेत्र में आ रही कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोमवार को छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार और डीएसपी अवध कुमार यादव ने क्षेत्र के विभिन्न दलों के कार्यकताओं के साथ समीक्षा बैठक की। एसडीओ ने बताया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा के मार्ग पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त करने, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने तथा अनजान लोगों पर पैनी नजर रखने का



निर्देश स्थानीय पुलिस अधिकारियों को दिया। साथ ही न्याय यात्रा के दौरान किसी प्रकार का हुड़दंग मचाने वालों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई निरंजन कुमार, प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, छात्र राजद जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी, छात्र प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन, प्रखण्ड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, अशोक जायसवाल आदि उपस्थित थे। इससे पहले सभी ने नवपदस्थापित एसडीपीओ अवध कुमार यादव तथा थाना प्रभारी चंदन कुमार को बुके देकर स्वागत किया।

### केंद्र में पुन: मोदी सरकार लाने को लेकर कार्यकर्ताओं ने कसी कमर

# भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत दीवाल लेखन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के नेतृत्व में सोमवार को गांव चलो अभियान के तहत दीवाल लेखन कार्यक्रम किया गया। इस दौरान हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के 61 बूथों पर गांव चलो अभियान के अन्तर्गत एक बार फिर से मोदी सरकार के संकल्प के साथ दीवाल लेखन किया गया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं से भेंट कर मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताया। कहा कि अपने दो बार के कार्यकाल में पीएम मोदी ने समाज के सभी वर्गों के हित में विशेषकर महिलाओं व किसानों के लिये आशातीत कार्य किये हैं। जनता पुनः पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार देखना चाहती है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, सत्येन्द्र पासवान, करण राजवीर, सत्येन्द्र मेहता, कन्हाई विश्वकर्मा, विनय विश्वकर्मा, चन्दन जयसवाल, अम्बुज सिंह, महेंद्र पासवान, कमलेश यादव, धनंजय सिंह, शिव मेहता, सत्येन्द्र भुइयां, भीमसेन शर्मा, अनुपमा देवी, रूबी सिंह, मनोज सोनी, पवन गुप्ता, सनोज पासवान, संतोष पासवान, उमेश साव, ओमप्रकाश सिंह, राकेश साव आदि मौजूद थे।

## केतात पंचायत में भाजपा का दीवाल लेखन अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विश्रामपुर प्रखंड के केतात पंचायत में प्रवास किया। इस दौरान ग्रामीणों से मिलकर केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई गयीं। इसके अलावा केंद्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया गया। पंचायत में दीवाल लेखन अभियान को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। मौके पर वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी,सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय,कार्यक्रम प्रभारी राधाकृष्ण साव,सुरेश पांडेय, मार्कण्डेय चौबे, विकास चौबे, संजीव चौबे, कश्यप चौबे,अमित चौबे, पंकज चौबे, सुमित चौबे, सनी चौबे, मुकेश चौबे मौजूद थे।





# सात किमी कम हो जायेगी पड़वा प्रखंड की दूरी

### विधायक पुष्पा ने बैदाकला-कुड़वा मोड़ पथ निर्माण का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** विधायक पुष्पा देवी ने सोमवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पाटन प्रखण्ड के बैदा कला-कुड़वा मोड़ मार्ग का शिलान्यास किया। साढ़े सात किमी लंबी सड़क के शिलान्यास पर पूर्व सांसद मनोज कुमार भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में विधायक ने कहा सड़क का निर्माण हो जाने से पड़वा प्रखण्ड की दूरी सात किलोमीटर कम हो जायेगी। इससे दो दर्जन गांवों के विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।



मौके पर जिला परिषद विधानसभा प्रतिनिधि उमेश सिंह, पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह,उताकी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डॉ. इंदल महतो, कामता सिंह, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, गौतम सिंह शुभ क्रांति, पारस मेहता, डॉ. कृष्ण मुरारी तिवारी मौजूद थे।

# नव पदस्थापित थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**हरिहरगंज।** नव पदस्थापित पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार को मुखिया विनय कुमार सिंह व सामाजिक कार्यकताओं ने गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए नए जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। आमजन किसी भी समय उनसे समस्याओं को लेकर मिल सकते हैं। विकास कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, राणा सिंह, कुश सिंह, धीरज सिंह मौजूद थे।

### अमृत शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गांवों का किया दौरा, लोगों को यात्रा में शामिल होने का दिया निमंत्रण

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का बदला रूट, कांग्रेसियों ने लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट में परिवर्तन किया गया है। राहुल गांधी की यात्रा आगामी 14 फरवरी को पूर्व निर्धारित समय से विश्रामपुर पहुंचेगी, लेकिन अब राहुल गांधी बीमोड़ से विश्रामपुर की जगह पड़वा मोड़ होते हुए नावा बाजार जायेंगे। पहले उन्हे विश्रामपुर इटको होते हुए नावा बाजार जाना था। जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। वरीय कांग्रेसी नेता सह पूर्व विस प्रत्याशी अमृत शुक्ला के नेतृत्व में पार्टी के कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बदले हुए रूट का जायजा लिया। इसके बाद श्री शुक्ला ने बीमोड़ पर आयोजित वार्ता में कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से देश में उत्साह का माहौल है। इस न्याय यात्रा के बाद देश का राजनीतिक हालात भी बदलेगा। कांग्रेस गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ 2024 में केंद्र मे सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान राहुल गांधी को जनता का अपार समर्थन प्राप्त हो रहा है। जिससे भाजपा घबराई हुई है। क्योंकि राहुल गांधी भाजपा को बेरोजगारी और महंगाई पर घेर रहे हैं। श्री शुक्ला ने दावा किया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में वे हजारों समर्थकों के साथ शामिल होंगे।

## तैयारी में जुटे कार्यकर्ता, जोरदार होगा स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को सफल व एतिहासिक बनाने के लिऐ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता तन-मन से लगे हैं। पलामू में न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगी। युक्त बातें हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा के वरिष्ट नेता सह झारखंड प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा के अगुआ और देश के जन-जन के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी 14 फरवरी को नीलांबर-पीतांबर की धरती पलामू पहुंच रहें है। इसी क्रम में 15 फरवरी को छतरपुर- हरिहरगंज के मुख्य सड़क होते हुए वे बिहार में प्रवेश करेंगे। छतरपुर में उनका रोड शो और हरिहरगंज में भव्य स्वागत किया जाएगा।



श्री तिवारी ने विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिकों का न्याय यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है। मौके पर प्रदेश महासचिव सत्यानारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष अवध बिहारी सिंह, सैयद मशरूर अहमद, श्याम सुंदर गुप्ता, रंजय कुमार सिंह, लक्ष्मीनारायण राम, मुस्ताक अंसारी मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में समाजसेवी की मौत से भड़के ग्रामीण

### ● मुआवजे की मांग को लेकर लगाया जाम ● प्रशासन के आश्वासन के बाद देर रात हटाया जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ के तेतराई नहर के समीप सोमवार की दोपहर घटित सड़क दुर्घटना में समाजसेवी विनोद सिंह की मौत की खबर लगते ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। ग्रामीणों ने कर्पूरी ठाकुर चौक के समीप मुख्य पथ को जाम कर दिया। वे





मृतक के आश्रितों को 25 लाख रुपए मुआवजा एवं सरकारी नौकरी की मांग कर रहे थे। मामले की जानकारी होने पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद समेत प्रखंड के अन्य प्रतिनिधि भी धरना स्थल पर पहुंच गये। पांकी थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा द्वारा आश्वासन के बाद देर रात ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। हादसे में मृतक के भाई रामा सिंह भी घायल हुये हैं। मृतक के भाई बुद्ध नारायण सिंह ने बताया कि दोनों भाई रिश्तेदारी में जा रहे थे।

# राहुल गांधी का नावा बाजार में रात्रि विश्राम क्षेत्र का सम्मान

### कांग्रेस की प्रदेश सचिव ने पड़ाव स्थल का लिया जायजा, दिये निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे चरण में 14 फरवरी की रात में नावा बाजार में रात्रि विश्राम करना क्षेत्र व क्षेत्रवासियों का सम्मान है। छत्तीसगढ़ के रास्ते न्याय यात्रा गढ़वा ज़िले में प्रवेश करेगी। गढ़वा के रास्ते रेहला, बीमोड़, पड़वा मोड़ होते हुये नावा बाजार पहुंचेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव पूर्णिमा पाण्डेय ने बताया कि यह विश्रामपुर विधानसभा वासियों के लिये सौभाग्य की बात है कि गरीबों-मजलूमों के लिये न्याय की मांग पर निकले राहुल गांधी यहां पहुंच रहे हैं। कार्यकर्ता इससे उत्साहित हैं। 15 फरवरी को उनकी यात्रा



छतरपुर-हरिहरगंज होते हुये बिहार में प्रवेश करेगी। जहां सीमा पर झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर बिहार प्रदेश अध्यक्ष को फ़्लैग हैंड ओवर करेंगे। प्रदेश सचिव ने उनके न्याय यात्रा के रूट की रेकी एवं पड़ाव स्थल जायजा लिया। उन्होंने बताया कि राहुल जी की इस न्याय यात्रा का उद्देश्य जनता को युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय एवं भागीदारी न्याय दिलाना है। इस यात्रा को जनता का अपार समर्थन प्राप्त हो रहा है।

## परेशानी — मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों ने उपायुक्त को भेजा पत्र

# देवी मंदिर पथ को गंदगी से निजात दिलाने की उठी आवाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त को सौंप कर देवी मंदिर पथ को गंदगी से निजात दिलाने की आवाज बुलंद की है। सदस्यों ने अवगत कराया है कि मंदिर परिसर के अलावे मुख्य पथ पर मल-मूत्र से पनप रहे गंदगी से बचाने के लिये शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। दो वर्ष पूर्व सार्वजनिक शौचालय का निर्माण तो शुरू किया गया, परंतु संवेदक की लापरवाही से आज तक अधूरा निर्माण रहने से मुख्य पथों पर मलमूत्र फैलता जा रहा है। इससे पैदल व वाहनों से माता के दरबार तक आने वाले श्रद्धालुओं को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। समिति सचिव रामाश्रय सिंह के अलावे मनीष कुमार सिंह, केपी गुप्ता, सत्येन्द्र दुबे, भोलू सिंह, सोनल सिंह, अमित, रविन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य सदस्यों ने उपायुक्त से अधूरे शौचालय का निर्माण अविलंब पूरा कराने या मंदिर समिति को शेष कार्य सौंपने का आग्रह किया है। इसकी प्रति एसडीओ व समिति अध्यक्ष सह बीडीओ को भी दी गई है। उन्होंने बताया कि इस सिद्धपीठ मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष शारदीय व चैत माह में एक पखवारे तक आयोजित नवरात्र मेला में हजारों श्रद्धालुओं का आगमन भी होता है। जिसमें झारखंड के साथ समीपवर्ती बिहार, यूपी, मप्र, छत्तीसगढ़ आदि प्रांतों से भी श्रद्धालु आते हैं।



### ठगा महसूस कर रहा अति पिछड़ा वर्ग

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय अति पिछड़ा आरक्षण मंच के जिला संयोजक रंजन चंद्रवंशी की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित वार्ता के दौरान ओबीसी की समीक्षा करने की आवाज बुलंद की गयी। उन्होंने चिंता जताते हुये कहा कि ओबीसी के अंतर्गत आने वाला आर्थिक रूप से संपन्न वर्ग ही आरक्षण का लाभ ले रहा है। जबकि जरूरतमंद अति पिछड़ी जाति वर्ग खुद को ठगा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में मंडल कमीशन के बदले अति पिछड़ी जाति के लिए नये आयोग का गठन किया जाये। संजय किशोर सिंह ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जी रोहिणी की अध्यक्षता में गठित आयोग की रिपोर्ट को जल्द से जल्द प्रकाशित किया जाये। मौके पर तुलसी प्रजापति,मुकेश चौधरी,रंजन कुमार,मुकेश कुमार,सुधीर कुमार ठाकुर,निरंजन प्रसाद,लक्ष्मण राम आदि मौजूद थे।

# बोर्ड परीक्षा में 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जैक द्वारा संचालित मैट्रिक व इंटर की बोर्ड परीक्षा में सोमवार को हरिहरगंज के मोतीराज इंटर महिला महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जहां मैट्रिक के 524 परीक्षार्थियों में 9 एवं इंटरमीडिएट के 192 परीक्षार्थियों में तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि केंद्र पर विधि व्यवस्था के बीच कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित हो रही है। केंद्र पर वीक्षक नरेंद्र प्रियदर्शी, निर्भय सिंह, वसंत कुमार, श्यामदेव चौधरी, अभिषेक चक्रवर्ती, रिंकू कुमार, एसआई जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।



### कदाचार मुक्त हो रही मैट्रिक की परीक्षा

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के दो परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक की परीक्षा पूर्ण शुचितापूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त हो रही है। राजकीय कृत श्रीश्याम बिहारी सिंह प्लस टू उच्च विद्यालय नामूदाग व राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नामूदाग में मैट्रिक के छात्र-छात्राओं का सोमवार को सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। इस दौरान श्रीश्याम बिहारी सिंह केंद्र पर 605 में पांच विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरे केंद्र पर 377 में तीन विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। सीएस अजीत कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा ली जा रही है। इस दौरान पुलिस बल की भी तैनाती की गयी है। मौके पर सीएस महीप्त कुमार शर्मा, पप्पू कुमार, पंकज कुमार, महेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, संजय, अरुण,नीतीश कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर

### महायज्ञ कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के फुलवरिया चांपी में आयोजित मां दुर्गा प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्री शतचंडी महायज्ञ में धार्मिक अनुष्ठान के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने पवित्र कलशपात्र सिर पर उठा कर क्षेत्र का भ्रमण किया। कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने श्रद्धालुओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर प्रो. बच्चन ठाकुर, भाजपा नेत्री मंजुलता दुबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, भाजपा नेत्री रीमा शर्मा, कमेश यादव, रौशन सिंह, मंटू शर्मा, साधु मांझी, महायज्ञ कमेटी अध्यक्ष ईश्वरी यादव, सचिव अजय विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार यादव, उपाध्यक्ष महेन्द्र साहू, उप सचिव योगेन्द्र भुईयां, मुख्य पुजारी रामनाथ भुईयां, लछु यादव, पिंटू साव, सरंक्षक मनोज सिंह, विरेन्द्र साहू उपस्थित थे।

### स्कूलों को बंद करना बच्चों के साथ अन्याय

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने उपायुक्त पलामू के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किसी भी प्रकार के सरकारी आयोजनों के लिये स्कूलों के बंद कराने को बच्चों के साथ अन्याय करार दिया है। उन्होंने कहा कि 10 फरवरी के बाद 12 फरवरी को भी सरकारी कार्यक्रम के लिये स्कूली बसों को अधिग्रहित कर लिया गया। परिणामस्वरूप निजी स्कूल बंद रहे। ऐसे में जब वार्षिक परीक्षा सिर पर है तो स्कूलों के लगातार बंद होने से पठन-पाठन पर व्यापक दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

### वाहनों को छुड़वाने के लिये दबाव बना रहे मुखिया

**मेदिनीनगर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिये कसमार ओपी थाना प्रभारी मंटू कुमार सिंह के द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट और कागजात के पकड़े गए दो पहिया वाहनों को जब्त कर जुर्माना लगाया गया है। बताया जा रहा है कि इन वाहनों को छुड़वाने के लिये स्थानीय मुखिया के द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। कसमार गांव के कम्युनिस्ट नेता विराट सिंह एव पंचायत समिति सूर्यदेव पासवान ने बताया कि वाहन छुड़वाने के लिये परेशान करना उचित नहीं है।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नीलकंठ दिवस

**मेदिनीनगर।** आनंदमार्गियों ने सोमवार को नीलकंठ दिवस हर्षाल्लास के साथ मनाया। नयी मोहल्ला व आबादगंज स्थित जागृति में छह घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण और मेडिकल कैम्प भी लगाया गया। वरिष्ठ आनंदमार्गी बैद्यनाथ ने कहा कि आनंदमार्ग के संस्थापक श्रीश्री आनंदमूर्ति जी को बिहार के पटना बांकीपुर केन्द्रीय कारागार में 12 फरवरी 1973 को दवा के रूप में विष दिया गया था। अपने ही अनुयायियों की हत्या करवाने के झूठे आरोप में इंदिरा सरकार की तानाशाही व्यवस्था ने आनंद मार्ग के संस्थापक को गिरफ्तार कर बांकीपुर जेल भेज दिया था। मौके पर भुक्ति प्रधान मधेश्वर जी, जगरनाथ जी, एडवोकेट लक्ष्मण सिंह, विश्वनाथ जी, गोपाल, रामस्वरूप, सरोज, प्रदीप, मणिकांत, चंदन, अमरेश आदि उपस्थित रहे।

### सखी मंडल की महिलाओं का प्रमंडलीय एक्सपोजर व क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम का आयोजन

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए सखी मंडल चैनपुर एवं भंडारिया सम्मानित





### लखपति गांव बनाने की दिशा में हो रहा कार्य: उपायुक्त

उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि प्रमंडलीय महासम्मेलन में तीनों जिले यथा पलामू, गढ़वा और लातेहार की 10 हजार से ज्यादा दीदियां भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रमंडल में चार लाख 50 हजार से ज्यादा महिलाएं जुड़ चुकी हैं। सखी मंडल से जुड़कर महिलाएं जागरूक हो चुकी हैं और अपने जीवन में परिवर्तन लाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में 40441 सखी मंडलों का गठन हुआ है। 39087 सखी मंगल को चक्रीय निधि की राशि एवं 38855 सखी मंडल को सामुदायिक निवेश की राशि दी जा चुकी है। साथ में बैंक क्रेडिट सपोर्ट 36179 सखी मंडलों को दिया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा कि फूलों-झानों आशीर्वाद अभियान के तहत सखी मंडल की दीदी सम्मानजनक आजीविका से जुड़ी हैं। कृषि और गैर कृषि आजीविका गतिविधि से 23473 से ज्यादा लखपति दीदी बनकर अपने घर रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अब लखपति दीदी गांव बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाओं की उत्पादों का निर्माण एवं बिक्री की दिशा में हो रहे कार्यों सहित उनके अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (नन फॉर्म) नीतीश कुमार सिन्हा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि जेएसएलपीएस के प्रयास से गांवों की तस्वीर बदल रही है। महिलाओं प्रगति की नई इबारत लिख रहीं हैं।

### सखी मंडल से महिलाओं का हो रहा आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन: बैद्यनाथ राम

अपने सम्बोधन में लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि देश की आधी आबादी आगे आ रहीं हैं। सखी मंडल से जुड़कर महिलाएं सबल बन रही हैं। महिलाओं में बौद्धिक, आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन हुआ है। आत्मसम्मान में जागृति आई है। कल तक गृहिणी बनकर चौखट के अंदर रहने वाली महिलाओं में आज आत्मविश्वास बढ़ा है। उनकी सामाजिक पहचान बनी है।

**सखी मंडल की दीदियों के संवर्धन, आर्थिक मजबूती के लिए पांकी विधानसभा क्षेत्र में क्लस्टर स्तर पर हॉल बनाने की घोषणा की, ताकि दीदियों को बैठक करने में सहुलियत हो : पांकी विधायक**

### सखी मंडल से जुड़कर मजबूत हुई महिलाएं : रामचंद्र सिंह



मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि सखी मंडल से जुड़कर महिलाएं मजबूत हो रही हैं। सरकार ने महिलाओं के लिए नई-नई योजनाएं लाकर उन्हें मजबूत करने का कार्य किया है। सखी मंडल से आज हजारों महिलाएं जुड़कर आत्मसम्मान की जीवन जी रही हैं। सखी मंडल की दीदियां विभिन्न उत्पादों का निर्माण भी कर रही हैं। इन उत्पादों को सरकार के स्तर से बाजार भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सखी मंडल की महिलाओं का प्रमंडलीय एक्सपोजर व क्षमता संवर्धन शिविर-सह-महिला महासम्मेलन का आयोजन सोमवार को शिवाजी मैदान में किया गया। इसमें पलामू प्रमंडल के तीनों जिले यथा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले की सखी मंडल से जुड़ी करीब दस हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं मंत्री आलमगीर आलम सहित राज्यस्तरीय अन्य वरीय पदाधिकारियों ने रांची में आयोजित राज्यस्तरीय महिला महासम्मेलन से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर महिलाओं को संबोधित किया। जबकि प्रमंडल स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों ने सखी मंडल की महिलाओं की आर्थिक समृद्धि, उत्थान, उनके बदलाव एवं राज्य के विकास में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिये सीमा सखी मंडल चैनपुर व साकेत सखी मंडल भंडरिया को सम्मानित किया गया।

**सखी मंडल की दीदियों के संवर्धन व आर्थिक मजबूती के लिए बनेगा हॉल शशिभूषण :** पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि सखी मंडल से जुड़ने से महिलाओं में जागृति आई है। समूह से जुड़ने से महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ा है। उन्होंने सखी मंडल की दीदियों के संवर्धन, आर्थिक मजबूती के लिए पांकी विधानसभा क्षेत्र में क्लस्टर स्तर पर हॉल बनाने की घोषणा की, ताकि दीदियों को बैठक करने में सहुलियत हो। कही।

**महिलाओं ने साझा की बदलाव की कहानी :** प्रमंडल स्तरीय महिला महासम्मेलन में लातेहार की माया देवी ने अपने जीवन में आए बदलाव की कहानी व्यक्त की। इसी तरह पलामू की अंशु कुमारी और गढ़वा की दीपशिखा देवी ने भी बदलाव की कहानी व्यक्त की।

**परिसंपत्तियों का हुआ वितरण**

कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से लाभुकों को डमी चेक प्रदान किया गया। चक्रीय/सामुदायिक निधि से लातेहार की सुनीता देवी, पलामू की लालती देवी और गढ़वा की पूनम देवी को लाभान्वित किया गया। पलामू की रिंकी देवी, लातेहार की मीना देवी और गढ़वा की शबाना खातून को बैंक लिंकेज से जोड़ा गया। वहीं फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत नीलांबर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) की किरण देवी एवं बबली कुमारी को लाभान्वित किया गया।

**नियुक्ति पत्र मिला**

कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत छतरपुर की पुष्पा कुमारी, बेबी कुमारी, नेहा कुमारी एवं शोभा कुमारी और चैनपुर के मधु कुमारी को नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही बेहतर कार्य करने वाली दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में सखी मंडल की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ सखी मंडल के रूप में सीमा सखी मंडल चैनपुर पलामू एवं साकेत सखी मंडल भंडारिया को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ ग्राम संगठन के रूप में हरियाली ग्राम संगठन सतबरवा पलामू एवं पताशा ग्राम संगठन गढ़वा को सम्मानित किया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ संकुल संगठन के रूप में धावाड़ीह संकुल संगठन सतबरवा, पलामू एवं कल्याणपुर संकुल संगठन, गढ़वा को सम्मानित किया गया।

**चक्रीय/ सामुदायिक निधि से लातेहार की सुनीता देवी, पलामू की लालती देवी और गढ़वा की पूनम देवी को लाभान्वित किया गया, पलामू की रिंकी देवी, लातेहार की मीना देवी और गढ़वा की शबाना खातून को बैंक लिंकेज से जोड़ा गया, वहीं फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत नीलांबर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) की किरण देवी एवं बबली कुमारी को लाभान्वित किया गया**

### स्टॉलों पर लगी प्रदर्शनी

जेएसएलपीएस की ओर से शिवाजी मैदान में स्टॉल लगाए गए थे। इसमें पलाश, आजीविका संवर्धन, वित्तीय समावेशन एवं जेएसएलपीएस द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु रखा गया था। मौके पर छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, लातेहार के उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के राज्य परियोजना समन्वयक (जोहार) संजय दास, पलामू की डीपीएम शांति मांर्डी, लातेहार डीपीएम संतोष कुमार, गढ़वा डीपीएम सुशील दास, जिला प्रबंधक (वित्त) इमरान अहमद, एसएमआईबी अख्तर अंसारी, जिला प्रबंधक (जॉब एंड स्टील) नवल किशोर राजू, डीएमएफआई विकास खलखो, कुमार कविश एवं जोश लकड़ा सहित पलामू प्रमंडल क्षेत्र के पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले के जेएसएलपीएस कर्मी एवं बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं उपस्थित थीं।

# शिवाजी मैदान में लगेगी शहीदों की भव्य प्रतिमा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राजा मेदिनीराय एवं शहीद नीलांबर-पीताम्बर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पिछले दो महीनों से चल रहे धरने को झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने आश्वासन देकर सोमवार को समाप्त कराया। अध्यक्ष श्री सिन्हा ने धरने पर बैठे मोर्चा के सद्स्यों और पलामू उपायुक्त के साथ समन्वय स्थापित कर शहर के शिवाजी मैदान में भव्य प्रतिमा स्थापित करवाने की बात की। जिसके बाद मोर्चा के लोगों ने धरने को समाप्त कर जिलाध्यक्ष के प्रति आभार जताया। जल्द ही शिवाजी मैदान में राजा मेदनीराय सहित शहीद भाईयों की भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। इस दिशा में सुनील उरांव, अजय सिंह चेरो, त्रिपुरारी सिंह भी लगातार प्रयासरत थे। मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष ललन चौधरी, संगठन सचिव विवेकानंद सिंह, उपाध्यक्ष बबलू चौधरी, छात्र मोर्चा सचिव फैजल सैयद मौजूद थे।

### दोनों मृतक पांकी के निवासी, घायल रिम्स रेफर

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिछले 24 घंटे के अंतराल में जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर घटित सड़क हादसों में जहां दो किशोर सहित दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को रांची रिम्स रेफर किया गया है। पहली घटना में सदर थाना क्षेत्र के दुबियाखाड़ में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम भवरदह निवासी मुन्नी भुइयां के पुत्र पवन कुमार उम्र 16 वर्ष की मौत हो गई। जबकि उसी गांव के गौतम भुइयां के पुत्र राजन कुमार उम्र 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में मेला देखने गए थे। वहीं पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम तेतराइ मोड़ के पास सोमवार को घटित हादसे में तेतराइ निवासी सगे भाई विनोद सिंह उम्र 45 वर्ष और रामा प्रसाद सिंह उम्र 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे में प्रमोद की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि राम प्रसाद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता लाल सूरज ने सदर अस्पताल पहुंचकर अपनी देखरेख में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया। दोनों भाई शादी समारोह से भाग लेकर वापस लौट रहे थे।

**ग्रामीणों ने लगाया जाम**

लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं से आक्रोशित ग्रामीणों ने तेतराइ मोड़ के पास जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराकर जाम खुलवाया।

### वाणिज्य मंत्रालय के जेम पोर्टल से कापियां खरीदने की योजना

# एनपीयू में परीक्षा व्यवस्था मजबूत करने की कवायद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी परीक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। इस कड़ी में वाणिज्य मंत्रालय के जेम पोर्टल से कॉपियां खरीदने की योजना बनायी जा रही है। विश्वविद्यालय इसके लिए राजभवन की अनुमति लेकर जल्द ही ई-टेंडर निकालेगा। जिसके तहत आठ पेज की उत्तर पुस्तिका की खरीदारी के लिए कोटेशन मांगा जायेगा। जेम भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय का एक पोर्टल है। जिससे सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयां उचित और पारदर्शी तरीके से सामग्रियों की खरीदारी करती हैं।

**एनपीयू में 60 हजार विद्यार्थी नामांकित**



एनपीयू में 60 हजार से भी ज्यादा छात्र-छात्रायें नामांकित हैं। इन्हें अपनी पढ़ाई के दौरान आंतरिक टेस्ट देना पड़ता है। यह आंतरिक टेस्ट आठ पन्ने की उत्तर पुस्तिका में ही दिया जाता है। उत्तर पुस्तिका की घोर कमी के कारण मूल्यांकन में परेशानी होती है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक ने बताया कि औसतन एक पाठ्यक्रम सत्र में दो लाख उत्तर पुस्तिकाओं की जरूरत होती है।


**वर्जन...**

राजभवन से अनुमति की कोशिश की जा रही है। अनुमति मिलते ही क्रय का रास्ता खुल जाएगा। इससे परीक्षार्थियों को काफी राहत मिलेगी।

# शहर की यातायात व्यवस्था चरमरायी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महिला महासम्मेलन की वजह से सोमवार को मेदिनीनगर शहर की यातायात पूरी तरह से चरमरा गयी। सम्मेलन में भाग लेने के लिये सखी मंडल की महिलाओं का रेला उमड़ जाने से शाहपुर मार्ग स्थित कोयल पुल पर भीषण जाम की स्थिति देखी गयी। जाम खुलवाने में काफी मशक्कत के बाद भी यातायात पुलिस नाकाम देखी गयी। काफी देर तक जाम लगे होने के कारण कई स्कूली बस भी फंसे रहे। सदिक मंजिल चौक, महिला कॉलेज रोड, नामधारी गुरुद्वारा रोड और छहमुहान पर भी लगे जाम से लोग बेचैन नजर आए।



**मुश्किल से निकला बीमार को लेकर जा रहा टेंपो :** इसी दौरान एक बीमार व्यक्ति को एमएमसीएच लेकर जा रहा टेंपो भी जाम में फंस गया। सदिक मंजिल चौक के पास परिजन बेहाल थे। उनकी बेबसी देख वहां मौजूद लोगों ने प्रयास कर टेंपो को किसी तरह पास कराया।

## संक्षिप्त खबरें

### सुधार पर जिले की पुलिसिंग व्यवस्था

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के कमान संभालने के बाद जिले की पुलिसिंग व्यवस्था काफी सुधर चुकी है। किसी भी घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट जा रही है। इसकी वजह से आम जनता को भी काफी राहत महसूस हो रहा है। इसकी बानगी रविवार रात नौ बजे सदर अस्पताल में देखने को मिली। जब अस्पताल में गंभीर स्थिति में पहुंचे मरीज के परिजन शराब के नशे में हंगामा मचाने लगे। इस दौरान परिजनों द्वारा डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार भी की गयी। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी वन प्रभारी निर्भय कुमार सिंह टाइगर मोबाइल के जवान विनोद कुमार यादव,इसरार खान,सरोज कुमार, चालक संजीव कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया।

### ओबीसी समाज के लोगों ने दिया एकता का परिचय

**मेदिनीनगर।** अपनी हक व अधिकार से संबंधित 11 सूत्री मांगों को लेकर पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच के प्रमंडलीय महासम्मेलन एकता प्रदर्शित करने के लिये संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने पिछड़ा समाज का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अब सरकार से सीधी लड़ाई है। अधिकार से कम कुछ भी स्वीकार नहीं है। युगल पाल ने कहा कि शिक्षा, रोजगार,चुनाव सभी क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण मिलना चाहिए। श्रवण कुमार ने कहा कि ओबीसी समाज की बात जो करेगा समाज उसी का साथ देगा। मौके पर सरफराज आलम, अख्तर अंसारी, श्रवण कुमार, राजेंद्र पासवान, अशोक प्रसाद, राजनारायण पटेल उपस्थित थे।

### सुदूरवर्ती क्षेत्र में पहुंचा भाजपा का गांव चलो अभियान

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र पंचायत करसो के ग्राम पचलेवा स्थित बूथ नंबर नौ पर भाजपा के गांव चलो अभियान का आगाज प्रवासी प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, संयोजक सतीश प्रसाद राम, प्रवेश साव, रामजी यादव, लाला पासवान, लालबाबू पासवान, काशीनाथ यादव, राधेश्याम यादव, संजू देवी, कबूतरी देवी, शिवकुमार यादव, विकास, संतोष आदि ने दीवाल लेखन कर किया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ही सोच है। अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। इसके लिये शीर्ष नेतृत्व के निर्देशन में भाजपा कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से जुटे हैं।

### एमकेडीएवी में मनी महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती

**मेदिनीनगर।** स्थानीय एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने कहा कि महर्षि दयानंद जी का जीवन, मानव कल्याण एवं स्वस्थ समाज निर्माण हेतु समर्पित था। उन्होंने जटिल पूजा पद्धति एवं पाखंड, आडंबरों का विरोध करते हुए वेदों का अध्ययन कर तद अनुसार आचरण करने पर बल दिया था।

## अव्यवस्था

### सदर अस्पताल में लावारिस शवों को रखने में हो रही परेशानी

# पोस्टमार्टम हाउस का डीप फ्रीजर महीनों से खराब

**दुरूस्त कराने की दिशा में नहीं है किसी का ध्यान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखा डीप फ्रीजर कई महीनों से खराब होने के कारण लावारिस शवों को रखने में अस्पताल प्रबंधन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फ्रीजर को बनवाने की दिशा में कोई पहल नहीं किये जाने से समस्या दिन-प्रतिदिन गहराती जा रही है। पोस्टमार्टम हाउस में आने वाले अज्ञात शवों को सुरक्षित रखने के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से तीन शवों को एक साथ रखने के लिए फ्रीजर की व्यवस्था कराई गई है। बताया जाता है कि पिछले कई महीनों से पोस्टमार्टम हाउस में रखे फ्रीजर कार्य नहीं कर रहे हैं। जिससे लावारिस शवों को संरक्षित करने में दिक्कत होने लगी है। पोस्टमार्टम हाउस में जिन स्लैव पर शवों को रख कर पोस्टमार्टम किया जाता है वह भी गंदगी से भरा पड़ा हैं। इसके साथ ही भवन में लगी अधिकांश लाइट कार्य नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते पोस्टमार्टम करते समय डॉक्टरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया जा चुका है। इसके बाद भी सिर्फ आश्वासन मिल रहा है।



**गर्मी के मौसम में बढ़ जायेगी दिक्कत**

एक महीना में गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा। ऐसी स्थिति यदि तत्काल डीप फ्रीजर को सही नहीं कराया गया तो गर्मी में परेशानी और भी बढ़ जायेगी। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस में रखे डीप फ्रीजर को यहां के मैकेनिक सही नहीं कर पा रहे हैं। बाहर से इलेक्ट्रिक इंजीनियर को बुलाकर इसे ठीक कराया जाएगा।

**आवश्यकता है**

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### बीडीओ ने बीपीओ व रोजगार सेवक से पूछा स्पष्टीकरण

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने बीपीओ मनोज कुमार, सभी रोजगार सेवक और कम्प्यूटर आपरेटर से बगैर जानकारी दिये मनरेगा अंतर्गत 53 नयी योजनाओं को स्वीकृति देने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। बीडीओ ने कहा कि 25 जनवरी को उनके योगदान देने के पश्चात 19 सिंचाई कूप, 25 मेडबंदी, तीन डोभा व छह तलाबों की स्वीकृति कैसे हो गयी। उन्होंने उक्त कर्मियों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। उचित जबाव नहीं देने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है की 25 जनवरी को बीडीओ सावित्री कुमारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार प्रभारी बीडीओ नंदजी राम से लिया था। इसके बाद 31 जनवरी तक 53 नयी योजनाओं की स्वीकृति बगैर उनकी जानकारी के ही दे दी गयी है। फिलहाल बीडीओ ने सभी योजनाओं के भुगतान पर रोक लगा दी है।

### मुखिया ने बेलाबार में पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के बेलाबार गांव में सोमवार को मुखिया मुंगा साह ने पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। उक्त पीसीसी सड़क 15वें वित्त की राशि से 2.50 लाख रुपए में निर्मित की जायेगी। मुखिया ने कहा कि पंचायत क्षेत्र की सभी कच्ची सड़क का धीरे-धीरे पक्कीकरण किया जायेगा। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत होगी। इस मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, कसमुद्दीन अंसारी,कुंडल सिंह, साबित अंसारी, मुजाहिदीन अंसारी, निसार अंसारी, जुबैर अंसारी, फुजैल अंसारी , शकील अंसारी, ओम नारायण गुप्ता, राकेश कुमार,असलम अंसारी मौजूद थे।

### स्कूल बस के धक्के से अधेड़ की मौत

केतार। केतार- खरौंधी मुख्य पथ पर सोमवार को दासीपुर गांव के समीप सड़क किनारे खड़े बसंत जयसवाल (55) स्कूल बस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा ले जाने के क्रम में रास्ते में उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दासीपुर गांव के समीप तीन - चार लोग सड़क किनारे खड़ा होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी क्रम में स्कूली बच्चों को घर छोड़कर बेलाबार आ रही स्कूल बस के धक्के से बसंत जयसवाल के माथे में गंभीर चोट लग गयी। उन्हें तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिकी इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया था।

## परीक्षा में तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित, केंद्राधीक्षक ने किया निरीक्षण

# चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच हो रही मैट्रिक बोर्ड परीक्षा, पुलिस बल तैनात







**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सोमवार को प्रखंड के चार केन्द्रों पर हुई झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में 1476 छात्र-छात्राओं में से तीन परीक्षार्थी अनुस्थित रहे। प्लस टू उच्च विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक अजय सेठ ने बताया कि केंद्र पर सभी 773 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इसी क्रम में बालिका उच्च विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक शशि प्रकाश रमण व सहायक केंद्राधीक्षक धर्मदेव उरांव ने बताया कि 114 परीक्षार्थियों में से दो अनुपस्थित रहे। जबकि मध्य विद्यालय सिलीदग एक के केंद्राधीक्षक फूलेंद्र राम ने बताया कि सभी 336 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं राजकीय कृत मध्य विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक रिंकू कुमार पासवान ने बताया कि 253 में से एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा।

चिनियां मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में मैट्रिक परीक्षा केंद्र पर सोमवार को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई। चिनियां प्रखंड के पांच विद्यालयों का मैट्रिक का परीक्षा केंद्र मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में बनाया गया है। जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय रणपुरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चपकली, आवासीय उच्च विद्यालय चिनियां व कस्तूरबा गांधी विद्यालय चिनियां का नाम शामिल है। सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 237 में से तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हो रही परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश के बाद केंद्र पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। मौके पर दंडाधिकारी बृजेश पांडे , केंद्र अधीक्षक समीर राज, पदाधिकारी मौजूद थे।

### 795 छात्रों ने दी समाजिक विज्ञान की परीक्षा



खरौंधी प्रखंड मुख्यालय स्थित दो परीक्षा केंद्रों पर सोमवार को 795 छात्र-छात्राओं ने सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा दी। जबकि तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा सहित अन्य परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई। तोरेलावा परीक्षा केंद्र पर दंडाधिकारी अमरेंद्र कुमार मिश्रा व एएसआई मुन्ना चौधरी मौजूद रहे। केंद्राधीक्षक दिनेश ठाकुर ने बताया कि तीसरे दिन 238 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए । जबकि 2 छात्र अनुपस्थित रहें। उक्त दोनों केंद्रों पर वीक्षण कार्य के लिये शिक्षकों को लगाया गया है। जमा दो उच्च विद्यालय राजी के दंडाधिकारी दयाशंकर कुमार एवं महिला पयर्वेक्षिका सरिता कुमारी ने बताया कि केंद्र पर शन्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन हुई। परियोजना उच्च विद्यालय केंद्र पर परीक्षा देने आए छात्रों ने बताया केंद्र पर सभी सुविधा उपलब्ध है। वीक्षण कार्य मे अमरेश कुमार राम, फूलकुमारी बाखला, रेणु कुमारी, पंकज कुशवाहा, संतोष मेहता, विनय सिंह, सुजीत कुमार, विश्वनाथ राम, गोविंद उरांव, जमाल उद्दीन, सविता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, पूजा श्रीवास्तव लगे रहे।

## तुलसीदामर डोलोमाईट खदान चालू करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने निकाला जुलूस

# मेहनत मजदूरी की कमाई, जोड़ के लेंगे पाई-पाई

नवीन मेल संवाददाता

श्रीबंशीधर नगर। तुलसीदामर डोलोमाईट खदान चालू करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा सोमवार को पदयात्रा और एसडीओ कार्यालय का घेराव किया गया। पदयात्रा गोसाईबाग मैदान से शुरू होकर मेन रोड होते हुए अनुमंडल कार्यालय परिसर जाकर सभा के रूप में तब्दील हो गयी। पद यात्रा में शामिल लोग मेहनत मजदूरी की कमाई, जोड़ के लेंगे पाई-पाई, तुलसीदामर खदान चालू करो, सेल प्रबंधन होश में आओ जैसे नारे लगाते हुये सभा स्थल पर पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए इंटक नेता सुशील चौबे ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में खदान बंद हो जाने से रोजगार की समस्या हो गयी है। मजदूरों के बारे में कोई नहीं सोच रहा है। विधायक-सांसद इसे लेकर मौन हैं। इंटक मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेगी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शैलेश चौबे ने कहा कि यहां के विधायक और सांसद जनता की मूलभूत समस्या को लेकर उदासीन हैं। अगर ये लोग जनता के दुख-दर्द को समझते तो कब का खदान चालू हो जाता। कांग्रेस के जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे ने कहा कि तुलसीदामर खदान से सैकड़ों मजदूरों का घर-परिवार चलता था, लेकिन सेल प्रबंधन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के कारण यह बंद है। जिससे सैकड़ों घर का चूल्हा बुझ गया है। कार्यक्रम के अंत मे एसडीओ को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक जायसवाल ने किया। मौके पर प्रदीप शर्मा, बबन पासवान, गोपाल उरांव, शंभू राम, माणिक राम, महेंद्र पाल, विजय महतो, विरेंद्र शाह, संजय सिंह, श्याम सुंदर मेहता मौजूद थे।

**तुलसीदामर खदान से सैकड़ों मजदूरों का घर-परिवार चलता था, लेकिन सेल प्रबंधन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के कारण यह बंद है : ओम प्रकाश चौबे**



## पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी बने चेतना मंच के संरक्षक



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** डॉ. राममनोहर लोहिया चेतना मंच के सदस्यों ने सोमवार को पूर्व मंत्री रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवास पर पूर्व मंत्री की अध्यक्षता में बैठक कर कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व मंत्री श्री केशरी को संरक्षक बनाया गया। संरक्षक मंडल में उनके साथ विजय कुमार सिंह,विश्वनाथ भंडारी व मथुरा पासवान को भी शामिल किया गया है। साथ ही कृष्णा विश्वकर्मा को अध्यक्ष, कमलेश बिहारी को उपाध्यक्ष, सत्येन्द्र कुमार ठाकुर को सचिव,सीताराम जायसवाल को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी। जबकि विजय कुमार केशरी,अश्विनी कुमार,नंदकिशोर प्रसाद,अजय कुमार गुप्ता,बसंत प्रसाद जायसवाल व मो. नईम

## अबुआ आवास योजना में लापरवाही से आजसू मुखर

# योग्य लाभुकों का सूची से नाम हटाने के विरोध में धरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** अबुआ आवास योजना की सूची से योग्य लाभुकों का नाम काटे जाने से क्षुब्ध ग्रामीणों ने आजसू नेता जयराम पासवान के नेतृत्व में प्रखंड परिसर में धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए आजसू नेता जयराम पासवान ने कहा कि अबुआ आवास में सरकार के गाईड लाईन से हटकर सर्वेक्षण कर्ताओं द्वारा लाभुक चयन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गयी है। प्रखंड के सभी पंचायतों में अबुआ आवास की प्राथमिक सूची में ऐसे अयोग्य लाभुकों का चयन कर उनका जिओ टैग कर लिया गया है, जिन्हें पूर्व में पीएम आवास का लाभ मिल चूका है। साथ ही कई ऐसे लाभुकों का चयन कर आवास हेतु जिओ टैग कर लिया गया है। जिनके पास तीन व चार पहिया वाहन के साथ साथ पक्का मकान और जमीन जायदाद है। कहा कि अगर ऐसे लाभुकों का नाम फाईनल सूची से हटाते हुए झोपडी व कच्चे मकानों में निवास करने वाले योग्य गरीब लाभुकों का चयन कर उन्हें अबुआ आवास का लाभ नहीं दिया गया तो सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई जारी रहेगी। धरना कार्यक्रम को वरुण बिहारी यादव, अरुण गुप्ता, उदय आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में बीडीओ के प्रतिनिधि के रूप में धरनास्थल पर पहुंचे अबुआ आवास के प्रखंड समन्वयक अशोक प्रसाद को मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्री मांगपत्र सौंपा गया।



## निर्देश के अनुसार हर हाल में बच्चों को मुहैया कराना है मध्याह्न भोजन

# लाापरवाही: उच्च विद्यालय राजी के 517 विद्यार्थी मध्याह्न भोजन योजना से रहे वंचित

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही व शिक्षा विभाग की शिथिलता के कारण प्रखंड के जमा दो उच्च विद्यालय राजी के कक्षा एक से आठ तक के 517 विद्यार्थी सोमवार को मध्याह्न भोजन से वंचित रहे। जानकारी के अनुसार जमा दो उच्च विद्यालय राजी में मैट्रिक परीक्षा का सेंटर बनाया गया है। जिसके अनुसार एक ओर आज जहां विद्यालय में परीक्षार्थियों की मैट्रिक बोर्ड परीक्षा चल रही थी। वहीं दुसरी ओर इस विद्यालय के प्राइमरी और मिडिल सेक्शन के बच्चे सड़क पर कंचे (एली) खेल रहे थे। विद्यालय के प्राइमरी और अपर प्राइमरी सेक्शन के सभी बच्चों की मैट्रिक की परीक्षा को लेकर छुट्टी कर दी गई थी। जबकि विभागीय निर्देश के अनुसार विद्यालय प्रबंधन को सभी बच्चों को मध्याह्न भोजन की व्यवस्था जारी रखने का निर्देश था। जिसके तहत सुविधानुसार बच्चों को आसपास के सरकारी विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर मध्यान भोजन खिलाना था। पीएम पोषण योजना के तहत बच्चों को मिलने वाला मध्यान भोजन किसी भी कीमत पर बाधित न हो इसका ध्यान रखना था। इसके बाद भी बच्चे पोषाहार से वंचित रहे। लोगों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमेश मेहता ने बताया कि मध्याहन भोजन के बारे में प्रधानाध्यापक से पूछा तो बताया गया कि सिपलिया, हरियरी और लोहबंधा विद्यालय को बोल देंगे,लेकिन उन्होंने उन विद्यालयों को बोला था या नहीं, यह नहीं जानते। प्रधानाध्यापक की लापरवाही से बच्चों को मध्याहन भोजन नहीं मिला। अगर उन्हें मध्याहन भोजन की जिम्मेदारी दी जाती तो वह अपने मूल विद्यालय (प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राइमरी सेक्शन वाली बिल्डिंग) में ही बच्चों का मध्यान भोजन बनवाकर परीक्षा समाप्ति के बाद बड़े आराम से खिला देते। इस संबंध में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में बोर्ड परीक्षा का सेंटर होने के कारण पास के विद्यालय में हमारे विद्यालय के बच्चों को मध्याह्न भोजन खिलाना था। इस संबंध में पास के उन तीनों विद्यालयों के प्रभारी शिक्षकों ने बताया कि हमारे विद्यालय में पूर्व की भांति मध्याह्न भोजन संचालित है। हालांकि अन्य विद्यालय के बच्चों के मध्याह्न भोजन के लिए कोई पूर्व तैयारी नहीं थी।

**दुसरी ओर इस विद्यालय के प्राइमरी और मिडिल सेक्शन के बच्चे सड़क पर कंचे (एली) खेल रहे थे**



### मूल विद्यालय में ही मिले मध्याह्न भोजन

खेल रहे राहुल पटेल, सूरज कुमार, रितेश गुप्ता, सत्यम पटेल, कन्हाई पटेल, संगम पटेल, सोनू पटेल, अंकित कुमार आदि छात्रों ने बताया विद्यालय में छुट्टी है। छुट्टी में उन्हें सिरपलिया, हरियरी और लोहबंधा विद्यालय से मध्यान भोजन मिलेगा, लेकिन उनके घर से उक्त विद्यालयों की दूरी करीब दो किलोमीटर होने के कारण वे मध्याह्न भोजन के लिए वहां नहीं जा पाएंगे। अगर हमलोगों को अपने मूल विद्यालय में ही मध्यान भोजन मिलता तो हम लोग अन्य दिनों की तरह मध्याहन भोजन खाते।

## चोर गिरोह की सक्रियता से ग्रामीणों की उड़ी नींद

# पाइप काटकर सबमर्सिबलचुरा ले गये चोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के कई गांव से विगत एक माह के अंदर दर्जनों सबमर्सिबल मोटर की चोरी की घटना से ग्रामीणों की नींद उड़ी हुई है। मामले में पुलिस की शिथिलता से लोगों में काफी आक्रोश है। ताजा घटनाक्रम में 11 फरवरी की रात्रि मेराल के फुलवरिया टोला पक्की सड़क के किनारे ब्रजेश कुमार मिश्र के एसडी मेमोरियल स्कूल नवनिर्मित भवन की चहारदीवारी पार कर चोर पाइप काटकर सबमर्सिबल चोरी कर ली गयी। भुक्तभोगी ने थाने में आवेदन दी है। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने लोकेशन ट्रेस किया। इसके पूर्व बाना के चंद्रमणि पाठक की भी मोटर पंप चोरी हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व गोंदा गांव से भी एक ही परिवार के दो लोगों का मोटर चोरी हो चुका है। बाना, रेजो, गोंदा, खुटैलिया संगबरिया गांव में भी मोटर चोरी की घटना से ग्रामीण लोग परेशान हैं।

**वर्जन....**

थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल ने कहा कि चोरी की घटना को लेकर पुलिस काफी गंभीर है। इसके लिए छापेमारी अभियान भी चलाया जा रहा है तथा शीघ्र ही इसमें शामिल लोगों को पकड़कर मामले का उद्भेदन किया जाएगा।



## प्रदर्शन — अजय सिन्हा को न्याय के लिये मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम सौंपा मांग पत्र

# पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले क्षेत्रीय पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाकर सोमवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रीय नवीन मेल के लातेहार के ब्यूरो चीफ अजय सिन्हा की संदेहास्पद मौत की सीआईडी जांच सहित राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम छह सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंपा। वक्ताओं ने रोष जताते हुये कहा कि सच के खिलाफ लिखने के लिए पत्रकारों की जान भी खतरे में पड़ रही है। मौके पर अखिलेश ठाकुर, विनय कुमार, उपेंद्र कुमार, सूर्य प्रकाश मेहता, चंदन मेहता, जिला अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम जयसवाल, जिला महासचिव अमित कुमार मेहता मौजूद थे। इस दौरान उनकी पत्नी को 10 लाख रुपये मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग प्रमुखता से उठाई गयी।



### पत्रकार के ऊपर जानलेवा हमला

डंडई एक दैनिक समाचार पत्र के प्रखंड संवाददाता मनीष कुमार के ऊपर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक पुलिस पदाधिकारी के द्वारा नहीं की गई है। जबकि भारतीय प्रेस कॉउंसिल के अध्यक्ष मार्कंडेय काटजू के अनुसार 24 घंटा के अंदर हमलावरों की गिरफ्तारी हो जानी चाहिए । जबकि संवाददाता के ऊपर हुये हमले को 36 घंटे हो चुके हैं। मामले में उप प्रमुख अंजली देवी, उनके पति आशीष प्रसाद सहित अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। हमलावरों द्वारा संवाददाता के भतीजे के साथ भी मारपीट की गयी है। मामले की जानकारी थाना प्रभारी शाबाज अंसारी को दी गयी है।

**आरापियों की गिरफ्तारी न होने से रोष, अबुआ आवास में रिश्वत मामले के खुलासे से भड़के हमलावर**

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर दी जानकारी

# 51 बहनों की शादी को लेकर दिया आमंत्रण पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** नव जवान संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस पर 28 फरवरी को 51 गरीब कन्याओं की शादी का आमंत्रण पत्र बनसानी पंचायत में भाजपा नेता निरंजन पाठक के नेतृत्व में ग्रामीणों को दिया जा रहा है। लोगो को इस कार्यक्रम में आने व वर-वधु को आशीर्वाद देने का अनुरोध किया गया। इस पुनीत कार्य में सहयोग हेतु भिक्षाटन भी किया गया। इस कार्यक्रम को लेकर पंचायत में खुशनुमा माहौल बना हुआ है। विशेषकर महिलाओं में विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा कराए जा रहे सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है। आमंत्रण का कार्य और निधि संग्रह बूथ संख्या 103,102,105,107,108 पर जोर-शोर से चल रहा है। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के भवनाथपुर मंडल अध्यक्ष रंजीत प्रसाद, वरिष्ठ भाजपा नेता रामपति बैठा, बूथ अध्यक्ष अभय पांडे, मदन साह, दिलीप राम, सूर्यदेव ठाकुर, सूरज पाठक, विनय प्रजापति, शिवनंदन मेहता, विष्णुकांत कुशवाहा,जेपी गुप्ता, विनोद सिंह, विद्या पासवान, विजय यादव, दयानंद यादव, राजेश्वर पासवान, मनमोहन यादव, देवधारी राम, अभिषेक साह,विनोद बैठा उपस्थित थे।



## एक नजर

### सड़क सुरक्षा मानक अनुपालन की शपथ

**टंडवा।** प्रखंड के आम्रपाली - चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र में कोल वाहन चालकों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जीएम अमरेश सिंह ने बताया कि सामुहिक तौर पर सुरक्षा मानकों के अनुपालन की शपथ दिलाई गई। मौके पर डीटीओ इंद्र कुमार, परिवहन सुरक्षा प्रबंधक अमित कुमार, पीओ पीके सिन्हा, स्टाफ अधिकारी केके पांडा, वाहन संघ से विजय कुमार साहु, ईश्वरी साहु समेत अन्य मौजूद थे।

### कुकिंग प्रतियोगिता

**प्रतापपुर।** प्रखंड संसाधन केंद्र प्रतापपुर द्वारा प्रखंड स्तर पर चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली रसोईये की कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोमे के प्रांगण में कराई गई। प्रतियोगिता में गोमें की रसोइया चिंता देवी ने प्रथम और मध्य विद्यालय नवादी की रसोइया रिंकी देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर बीपीओ अजय कुमार, बीआरपी, सीआरपी नेहाल अख्तर, प्रदुमन कुमार, मोहम्मद इनाम उलहक मुकेश कुमार, शिक्षक मंजर हसन, विद्यालय प्रधानाध्यापक अवध ठाकुर आदि मौजूद थे।

### दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती मनाई

**लातेहार।** डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रार्थना सभागार में स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती मनाई गई। प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद हवन का आयोजन किया गया। इस मौके पर संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा, सुशील कुमार दुबे, शिक्षिका शकुंतला पाल आदि मौजूद थे।

### कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार।** राजकीय पोलिटेक्निक कॉलेज में सोमवार को भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के एमएसएमई विकास कार्यालय के तत्वावधान में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एमएसएमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक संदीप सिंह ने स्वागत भाषण में योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। एलडीएम राजीव कुमार मंदिलवार ने कई ऋण सुविधाओं की जानकारी दी।

### भाजपाइयों ने किया दीवार लेखन

**महुआडांड़।** गांव चलो अभियान के तहत सोमवार को भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सह भाजपा नेता संजय जायसवाल के नेतृत्व में प्रखंड के कई मतदान केंद्र के पोषक क्षेत्रों में दीवार लेखन किया गया। अभियान में भाजपा नेता भुवनेश्वर सिंह, भाजपा महामंत्री जमुना प्रसाद, संजय राय, अवधेश जायसवाल, प्रशांत सिंह और मुकेश जायसवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नारी शक्ति वंदन पर हुई हुई कार्यशाला

**लातेहार।** जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की उपस्थिति में नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गयी। मौके पर जिप सदस्य पूनम देवी, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, रामधनी सिंह, कल्याणी देवी, सीतामणि तिर्की, जिला महामंत्री बंसी यादव, कार्यक्रम के जिला संयोजक शीला देवी, युवा मोर्चा प्रदेश कर समिति सदस्य मुकेश पांडे, गोविंद प्रसाद, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी प्रियंका कुमारी, रमेश राम, स्टेला नगेसिया प्रमुख प्रतिमा देवी, उप प्रमुख कामेश्वर राम राजकुमार प्रसाद, मंडल अध्यक्ष मुद्रिका सिंह, मंडल महामंत्री जमुना प्रसाद, अवधेश चंद्रवंशी, दीपक निषाद, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अश्वनी सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष रिकी वर्मा, आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता परीक्षा आधारित शिक्षा पर जोर

**इटखोरी।** प्रखंड अंतर्गत पीतीज स्थित जीएस महाविद्यालय के यूनिट जीएस पब्लिक स्कूल में नए सत्र से ही शैक्षणिक पढ़ाई व संपूर्ण विकास के साथ सभी बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा आधारित शिक्षा गांव के बच्चों को पाने का अवसर प्राप्त होगा। उक्त जानकारी स्कूल के निदेशक सूर्यदेव प्रजापति ने देते हुए बताया कि गांव के बच्चों को पूर्णतः शहर के बच्चों की तरह सभी प्रकार के हुनर सिखाया जाएगा। बच्चों को डिजिटल क्लास के माध्यम से सभी विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी। एक से अधिक भाषा का ज्ञान, कोडिंग क्लासेस, कंप्यूटर क्लासेस एवं अन्य आधुनिक शिक्षा पर जोर दिया जाएगा।

# दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार अजय सिन्हा पंचतत्व में हुए विलीन

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ/लातेहार**

हिंदी दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल के जिला प्रभारी अजय सिन्हा का लातेहार सदर प्रखंड स्थित छटना ही औरंगा नदी तट स्थित मुक्ति धाम पर अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी के साथ कई पत्रकार बंधु जनप्रतिनिधि, समाजसेवी शामिल हुए। मुक्तिधाम पहुंचकर लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि बीते रविवार को लातेहार सदर थाना क्षेत्र के डेम्बू- लातेहार रेल मार्ग स्थित खंबा संख्या 214 / 16-18 पर संदिग्ध अवस्था में पत्रकार अजय सिन्हा का शव बरामद किया गया था।

### मुआवजा व सरकारी नौकरी की मांग

**बारियातु।** प्रखंड के पत्रकारों ने हिंदी दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल के जिला ब्यूरो चीफ की मौत से मर्माहत हैं। पत्रकारों ने दिव्यांगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के लिए मौन रखा। इनमें अरशद अजमी, संजय राम, सत्येंद्र प्रसाद, मो कुतुबउद्दीन, रुपेश कुमार, रामप्रीत लोहरा शामिल थे। बता दें कि अजय सिन्हा का शव रेलवे ट्रैक से रविवार को बरामद किया गया था। पत्रकारों ने परिवार के सहयोग के लिए सरकार से 25 लाख रुपये मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। साथ ही अजय सिन्हा की मौत की प्रशासन से उचित जांच की मांग की है।



### शोक सभा आयोजित

**मनिका।** प्रखंड के पत्रकारों ने सोमवार को कार्तिक पुस्तकालय भवन में पत्रकार अजय सिन्हा के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। पत्रकार विनय कुमार मंदीलवार की अध्यक्षता में हुई शोक सभा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। पत्रकारों ने अजय सिन्हा की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत की सही जांच करने की मांग सरकार से की है। साथ ही मृतक पत्रकार के परिवार को पच्चीस लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। उपायुक्त से मृतक अजय सिन्हा के बच्चों की उचित शैक्षणिक व्यवस्था करने की मांग की गई है। शोक सभा में पत्रकार मुकेश कुमार उर्फ छोटू, विनय कुमार मंदीलवार, अशोक कुमार यादव, धर्मेंद्र कुमार उर्फ मंटू, अभय पासवान, सचिन आदि उपस्थित थे।

# विधिक सशक्तिकरण शिविर को सफल बनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में 14 फरवरी को टॉउन हॉल में आयोजित होने वाले विधिक सशक्तिकरण शिविर के सफल आयोजन को लेकर बैठक हुई। अपर समाहर्ता द्वारा जानकारी दी गई कि 14 फरवरी को लातेहार जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाना है। इसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित होने वाले विधिक सशक्तिकरण शिविर को सफल बनाने में सहयोग करें। जिलास्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल कुमार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डीएलएसए, हिमांशू मोहन उपायुक्त सह उपाध्यक्ष, डीएलएसए, अमित कुमार विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो, सिविल कोर्ट, अंजनी अंजन पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, डीएलएसए करेंगे।

### प्रतिनियुक्त किए गए न्यायिक पदाधिकारी

लातेहार प्रखंड में अखिल कुमार प्रधान जिला. एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डीएलएसए, लातेहार, स्वाति विजय उपाध्याय, सचिव, डीएलएसए, की उपस्थिति में, राजीव आनंद प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय की उपस्थिति में चंदवा प्रखंड कार्यालय में, संजीव दास अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-1 की उपस्थिति में मनिका प्रखंड कार्यालय में, अमित कुमार अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-द्वितीय की उपस्थिति में हेरहंज प्रखंड कार्यालय में, संजीव झा अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-तृतीय की उपस्थिति में बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में। मो. अब्दुल नसीर, उखट की उपस्थिति में गारू प्रखंड कार्यालय में, शशि भूषण शर्मा, एसीजेएम की उपस्थिति में बरियातु प्रखंड कार्यालय में, मिथिलेश कुमार, एसडीजेएम सह पीएम जेजेबी की उपस्थिति में बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में। राहुल कुमार,जे.एम. प्रथम श्रेणी, लातेहार की उपस्थिति में महुआडांर प्रखंड कार्यालय में।

# सरस्वती पूजा में डीजे व अश्लील गानों पर प्रतिबंध का प्रस्ताव पारित

## शांति समिति की बैठक में तय समय पर प्रतिमा विसर्जन का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें विद्यालयों में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाते हुए अश्लील गानों पर रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही निर्धारित समय पर प्रतिमा विसर्जन करने का निर्णय लिया गया।

बताया गया कि प्रतिमा विसर्जन शुक्रवार को संध्या 3 बजे से 5 बजे के बीच कर लेना है। गैर शैक्षणिक संस्थाओं के साथ प्रखंड के विभिन्न क्लबों में स्थापित प्रतिमा विसर्जन 8 बजे रात्रि तक कर लेने का निर्णय लिया गया। वहीं सिमरिया एसडीपीओ अजय केसरी ने क्षेत्र में हो रहे अफीम व ब्राउन शुगर के कारोबार को रोकने में पुलिस को सहयोग करने की अपील की। बैठक के दौरान प्रत्येक सोमवार को संध्या 3 बजे से 6 बजे तक कोल वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, सदर पुलिस निरीक्षक पप्पू कुमार शर्मा, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा, अशोक कुमार पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, मनोज कुमार, देवनारायण दांगी, नितीश कुमार व चमारी प्रसाद दांगी आदि उपस्थित थे।




# अनियंत्रित कोलवाहन पेड़ से टकराया, चालक की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

थाना क्षेत्र के सिमरिया-टंडवा मुख्य पथ किनारे स्थित किशनपुर टोला मधवापुर के समीप रविवार देर रात तेज रफ़्तार अनियंत्रित कोलवाहन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। इस घटना में चालक की मौत हो गई, जिसकी पहचान गया जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र स्थित सिंदूरगढ़ निवासी पप्पु कुमार के रूप में की गई है। ज्ञात हो कि दुर्घटनास्थल पर सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ों के कारण अबतक दर्जनों दुर्घटनाओं में कई लोग जान गंवा चुके है।

### अंचल कार्यालय में अमीन का योगदान

**गिद्धौर(चतरा)।** अंचल कार्यालय गिद्धौर में सोमवार को सरकारी अमीन मनोज कुमार महतो ने योगदान दिया। महतो ने योगदान अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक के पास दिया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह के सोमवार व मंगलवार को गिद्धौर आंचल का कार्य करेंगे, जबकि अन्य दिन सदर अंचल का कार्य करेंगे।

# सीएस ने किया गिद्धौर सीएचसी का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद ने सोमवार को किया। परिसर में गंदगी को देखकर सफाई कर्मियों को जमकर फटकार लगाई। मौके पर ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र में लाइट की सुविधा नहीं होने की शिकायत की, जिस पर सिविल सर्जन ने समस्याओं को लिखित रूप से कार्यालय भेजने का निर्देश दिया। जर्जर भवन को कंडम घोषित करने को लेकर पत्राचार करने का निर्देश दिया। इस दौरान डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, डॉ. अमृता अनुप्रिया, डॉ.अंजलि भगत, डॉ. सत्यप्रकाश, ए ग्रेड नर्स अनीशा उपस्थित थे।



# समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। इसमें सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति चतरा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चतरा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सिमरिया एवं महिला पर्यवेक्षिका आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने मातृ वंदना योजना में सर्वेन्वित प्रथम गर्भवती महिलाओं की इंट्री, दूसरी बच्ची की शत-प्रतिशत इंट्री कार्य करने में हंटरगंज, प्रतापपुर और ईटखोरी परियोजना से कम इंट्रीपर नाराजगी जताते हुए पर्यवेक्षिकाओं को तेजी लाने का निर्देश दिए।

# थम नहीं रहा तस्करी का खेल

**शशि पाठक। टंडवा (चतरा)**

टंडवा -सिमरिया सड़क तस्करी जोन बन गया है। इस सड़क से प्रतिदिन बालू, कोयला एवं पत्थर की बड़े पैमाने पर तस्करी हो रही है।

संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी के बावजूद आंख बंद किए रहते हैं। आम्रपाली कोल परियोजना से मोटरसाइकिल गैंग हजारों की संख्या में प्रतिदिन कोयला तस्करी में लगे हैं और ईंट भट्ठों समेत बिहार तक तस्करी कर ले जाया जा रहा है। वहीं टंडवा की विभिन्न नदियों से सैकड़ों ट्रैक्टर धनगड़ा घाटी के ऊपर आईएससी कंपनी समेत सिमरिया की ओर जाते हैं। वहीं सिमरिया से पत्थर तस्करी कर टंडवा थाना क्षेत्र के मगध, आम्रपाली एवं एनटीपीसी समेत विभिन्न सड़क निर्माण कंपनियों में अवैध तरीके से हाईवा से सप्लाई की जा रही है। बताया गया है कि एक चलान से कई हाईवा पत्थर की सप्लाई की जाती है। खनिज संपदाओं को तस्करी होने के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी समेत प्रखंड प्रशासन चुप क्यों है अपने आप में शवाल है?


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग,
## भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 317826 Building (23-24);D है को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 318685 Building(23-24).D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
## (E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

### –: रद्द संबंधी सूचना:–

इस कार्यालय के पत्रांक 2008/जि0प0, दिनांक 29.11.2023 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीक निविदा आमंत्रण सूचना सं0–46/23–24 (PR No. 312311 District (23-24) # D) में वर्णित कार्य (Solar street lights with 75 Wp solar Panel, 12 W LED Luminaire and 12.8 V – 30 Ah Li Battery as per MNRE Specification. (प्रखण्ड सिमरिया, टण्डवा एवं लावालौंग में कुल 374 नग) अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 318711 (District)23-24*D



## OFFICE OF THE DISTRICT BOARD CHATRA.
## (districtboardchatra@gmail.com)

### Expression of Interest (very short)

EOI No.:- EOI-58/2023-24

The **District Engineer, District Board, Chatra** invites proposals thereinafter referred as bid(s) from eligible bidders for entering Into a rate contracts for the supply and installation of Medical Equipment Appliances/Accessories etc. in chatra lok sabha as per details hereunder.

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | SITC for Blood cell counter analyzer (CBC Machine & Bio Chemical analyzer) at various CHC/HSP/PSC/Hospitals in chatra parliamentary constituency. |
| 2. | Estimated BOQ Amount | Rs. 6000000.00 (sixty lakh only) |
| 3. | Completion Period of work | 04 months |
| 4. | Tender fee | Rs. 10000.00 |
| 5. | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 120000.00 |
| 6. | Date of publication of Tender on Website | **17.02.2024 Time: 11:00AM** |
| 7. | Start Date/time for Online Submission of bid | **19.02.2024 Time: 11:00AM** |
| 8. | Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids | **26.02.2024 Time: 17:00PM** |
| 9. | Technical Bid Opening Date and Time | **28.02.2024 Time: 02:00PM** |
| 10. | Place of Opening Bid | **O/o the District Board Chatra** |
| 11. | Name & Address of inviting EOI Officer | Suresh Ram, District Engineer District Board chatra. |
| 12. | Contact No. of Inviting EOI Officer | 87091-84201 |

Note:
1. The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web portal and when required.
2. The detailed tender notice terms and conditions can be obtained from the website **https://jharkhandtenders.gov.in** & copies of technical bid and financial bid can be downloaded there from
3. No hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/Evaluation. However ZP Chatra/Department may ask original documents for verification before award of contract.
4. Tender Fee and EMD will be received through online mode only. Bidders can use Internet Banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS Challan generated for the tender from www.jharkhandtenders.gove.in portal
5. Refund will only be issued to the originated bank account use for the payment of Tender Fee and EMD. So, Bidders are advised NOT to close Bank Account used for online payment/(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
6. L-1 Bidder online EMD submitted amount will be refunded in the same bank account through which online tender fee and EMD fee payment has been done after AOC process.
7. Companies registered under Jharkhand MSME/MSME under Gov. of India for said work are exempted for EMD Submission.

**District Engineer**
**District Board Chatra**

PR 318680 District(23-24).D



## कार्यालय- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
## Email- npsbnagar@gmail.com

### आम सूचना

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक– 01/न0प्र0नि0/NULM/SUSV-चुनाव/82/2017/2312 दिनांक– 21.12.2023 के निर्देश के अनुपालन में आज दिनांक 10.02.2024 को कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर अंतर्गत दिनांक 15.06.2018 को गठित टाउन वेंडिग कमिटि को निरस्त किया जाता है।

विभागीय पत्र के अनुसार टाउन वेंडिग कमिटि के पाँच वर्ष के अवधि पूर्ण होने के उपरांत नये सिरे से गठन किया जाना है, नये सिरे से गठन हेतु चुनाव संबंधि सूचना अखबार में प्रकाशन किया जाएगा।

प्रशासक
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 318697 Urban Development(23-24)#D



## झारखंड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

### अति अल्पकालीन ई- पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 15/R1/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक:– 12-02-2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/GUMLA/STPKG-15/2023-24 | एस0एच0 बसिया से कुलुसेरा पार्ट–ए तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–6.150 कि0मी0)<br>एस0एच0 बसिया से कुलुसेरा पार्ट–बी0 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–6.500 कि0मी0)<br>करमटोली से मंझकेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.250 कि0मी0)<br>तिरल से बोम्बीयारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0)<br>किनीरकेला से तुरबुंगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.600 कि0मी0) | 1258.869 | बारह करोड़ अंठावन लाख छियासी हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 15 माह | द्वितीय |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 15.02.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–23.02.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 26.02.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभिंयता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 318699 Rural Work Department (23-24)_D



## कार्यलिय गुमला नगर परिषद्, गुमला

पत्रांक ............... वित्तीय वर्ष 2024–25 दिनांक ...............

### सैरात बन्दोबस्ती सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 (माह 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) के लिए गुमला नगर परिषद् द्वारा निम्नांकित सैरातों की वार्षिक बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक दिनांक 22.02.2024 दिन वृहस्पतिवार को अपराह्न 12:00 बजे से गुमला नगर परिषद् के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि (रू० में) | जमानत की राशि (रू० में) | आवेदन प्रपत्र शुल्क (रू० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ललित उरांव बस पड़ाव वाहन शुल्क वसूली की बन्दोबस्ती। | 54,18,050/- | 5,41,900/- | 10,000/- |
| 2 | गुमला बाजार टांड़ अन्तर्गत अस्थायी फुटपाथ दुकान, मार्केट, ठेला पर बेचने वाले फल दुकान, सब्जी दुकान, गुमटी एवं अन्य छोटे दुकान की बन्दोबस्ती। | 22,03,300/- | 2,20,400/- | 5000/- |
| 3 | गुमला नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत अस्थायी फुटपाथ दुकान, ठेला पर बेचने वाले फल दुकान, सब्जी दुकान, गुमटी एवं अन्य छोटे दुकान की बन्दोबस्ती। | 11,18,700/- | 1,11,900/- | 5000/- |
| 4 | पालकोट रोड में चलने वाली टेम्पु से शुल्क वसूली की बन्दोबस्ती। | 6,61,100/- | 66,200/- | 5000/- |
| 5 | सिसई रोड में चलने वाली टेम्पु से शुल्क वसूली की बन्दोबस्ती। | 5,29,650/- | 53,000/- | 5000/- |
| 6 | गुमला नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत विज्ञापन की बन्दोबस्ती। | 4,42,750/- | 44,300/- | 5000/- |

बैठक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति आवेदन की राशि नगर परिषद्, गुमला में जमा करते हुए आवेदन प्राप्त कर आवेदन के साथ जमानत की राशि एवं अन्य कागजात दिनांक 21.02.2024 तक कार्यालय अवधि में जमा करेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। आवेदन प्रपत्र एवं जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, गुमला के नाम से प्रतिज्ञ होगा। आवेदन के साथ जमानत की राशि जमा नहीं करने वाले व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग नहीं लेंगे। नियम एवं शर्त्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद् कार्यालय के सूचना पट्ट एवं संबंधित कर्मी से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन शुल्क Non Refundable होगा। आवेदन प्रपत्र कार्यालय अवधि में दिनांक 15.02.2024 से 20.02.2024 तक कार्यालय अवधि में निर्धारित आवेदन प्रपत्र शुल्क जमा करते हुए प्राप्त किया जा सकता है।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद्, गुमला

PR 318695 District(23-24).D

## एक नजर

### सूखेर भगत को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर मिलीं बधाइयां

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड निवासी सूखैर भगत को कांग्रेस पार्टी द्वारा झारखंड एथेलेटिक्स एशोसिएशन का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। मौके पर सूखैर भगत ने कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का जो मौका मिला है उसे खिलाड़ियों के भविष्य को निखारने का प्रयस करेंगे। बधाई देने वालों में राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, डॉ. अजय सहदेव, हाजी शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि नितीश जयसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, क्यूंम खान के अलावे जाहिद अहमद, अफसर कुरैशी, नंदकिशोर शुक्ला, सगीर अंसारी, जोगेंद्र उरांव, हाजी शकील अहमद आदि शामिल हैं।

### हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

**लोहरदगा।** शहर के पुराना शुकबाजार अजय पार्क के समीप नवनिर्मित सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान व विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चौथे दिन सोमवार को वेदी विसर्जन पुष्पांजलि व शांति जलग्रहण के साथ समाप्ति की गयी।

### भाजपा ने चलाया गांव चलो अभियान

**चैनपुर।** भाजपा के चैनपुर मंडल अध्यक्ष मनोहर बडाइक तथा भाजयुमो उपाध्यक्ष शिवम केशरी के नेतृत्व में सोमवार को ग्राम भठोली, दरकाना तथा ओरामार में गांव चलो अभियान चलाया गया। लोगों को जगरूक करते हुए केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। मौके पर म्बुधराम नायक, गुलाब साय, राजेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

## विपक्ष में पड़े 9 मत, पंचायत समिति सदस्यों ने लगाया था असफलता का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा प्रखंड पंचायत समिति के सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख बरिया देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था। इसको लेकर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रखंड मुख्यालय के सभा भवन में विशेष बैठक हुई। इसमें प्रस्ताव पर 9 पंचायत समिति सदस्यों ने प्रमुख बरिया देवी के विरोध में अपना वोट दिया। सभाकक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा की उपस्थिति में हुई पंचायत समिति की बैठक में यह प्रस्ताव लाया गया। इस पर विचार के पश्चात गुप्त मतदान के जरिये सदस्यों का मंतव्य लिया गया। एसडीओ ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हुआ, जिसमें विरोध में 9 मत पड़े, जबकि निवर्तमान प्रमुख व मसमानो के एक पंसस नहीं पहुंचे। पंचायत समिति सदस्यों ने प्रमुख बरिया देवी पर लापरवाही बरतने, मासिक समीक्षा बैठक बुलाने में असफल रहने, पंचायत समिति सदस्यों द्वारा मांगी गयी सूचनाएं उपलब्ध कराने में सहयोग नहीं करने, बैठक में पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं कराने व प्रखंड के पदाधिकारियों व कर्मियों पर प्रशासनिक नियंत्रण के अभाव का आरोप लगाया था।

**क्या था मामला:** प्रखंड पंचायत समिति के सदस्यों ने 25 जनवरी को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपकर प्रखंड प्रमुख को हटाने के लिए उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की थी। बीडीओ ने अनुमंडल पदाधिकारी को पत्राचार कर जानकारी दी। मामले का संज्ञान लेते हुए एसडीओ ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की अनुमति दी। एसडीओ ने कहा कि पंचायत समिति के एक चौथाई से अधिक सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की गयी थी। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर विशेष बैठक की गई। इस पर गुप्त मतदान से निर्णय लिया गया। निर्णय की जानकारी पंचायती राज पदाधिकारी को भी दे दी गयी है।

### दिनदहाड़े शिक्षक की बाइक ले उड़े चोर

**लोहरदगा।** सुंदरू गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय परिसर से अज्ञात चोरों ने सोमवार की दोपहर काले रंग की पल्सर बाइक लेकर फरार हो गए। कुडू थाना में पीड़ित सहायक शिक्षक शंभू कुमार शर्मा ने मामला दर्ज कराया है। कुडू सुंदरू गांव स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक हसन अंसारी का विदाई समारोह आयोजित था, जिसमें भाग लेने के लिए शंभू कुमार शर्मा सुंदर गांव गए थे। बाइक को स्टेरिंग लॉक कर सुंदर गांव में विद्यालय के पुराने भवन के निकट खड़ा कर कार्यक्रम में भाग लेने चले गए। वापस आने पर बाइक गायब थी जबकि, बाइक में लटकाया गया हेलमेट बगल में फेंका हुआ था।

# भाईचारे और प्रेम के साथ मनेगी सरस्वती पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सदर थाना प्रांगण में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों ने सरस्वती पूजा को आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ मनाने का निर्णय लिया। मौके पर एसडीओ अमित कुमारने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी तरह का कोई भी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसकी खैर नहीं। मौके पर डीएसपी श्रद्धा केरकेट्टा, सदर थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन कुमार ठाकुर, सदर अंचल अधिकारी आशुतोष, रउफ अंसारी, फारूक अंसारी, फारूक कुरैशी, मनान खान, अनवर अंसारी, दीपक सर्राफ, लक्ष्मी उरांव, सूरज साहु, प्रदीप राणा, परमेश्वर साहू, आबिद अंसारी, शंकर उरांव, प्रेम प्रकाश भगत, लालू उरांव आदि मौजूद थे।

### सेन्हा थाने में शांति समिति की बैठक

**सेन्हा।** थाना परिसर में बीडीओ की अशोक चोपड़ा अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें पूजा शांति व सौहार्द से मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें थाना प्रभारी अभिनव कुमार अंचलाधिकारी राकेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### आजसू पार्टी ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन

**कैरो।** कैरो प्रखंड में प्रभारी एवं केंद्रीय सचिव अरविंद यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। इसकी अध्यक्षता कैरो प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी हसन अंसारी, लोहरदगा विधानसभा संगठन के प्रभारी एवं हटिया विधानसभा प्रभारी भरत काशी, झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी केंद्रीय महासचिव एवं विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत मुख्य रूप से उपस्थित रही। कैरो प्रखंड के 6 पंचायत एवं 26 राजस्व ग्राम में एक महिला एवं एक पुरुष पिलर मेंबर के रूप में बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पारस उरांव, जिला अध्यक्ष ओम भारती, लोहरदगा नगर के अध्यक्ष अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, विजय उरांव आदि मौजूद थे।

# चैनपुर बीडीओ ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर मुख्यालय के सभी परीक्षा केंद्रों का प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने सोमवार को निरीक्षण कर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि लूथरन हाई स्कूल में 215 विद्यार्थी उपस्थित रहे। संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय में 257 उपस्थित व 1 अनुपस्थित रहे। बरवे उच्च विद्यालय 277 बच्चे उपस्थित तथा 1 अनुपस्थित रहे। प्रिजेक्ट उच्च विद्यालय 165 बच्चे उपस्थित रहे।

### 778 विद्यार्थियों ने दी मैट्रिक परीक्षा

**सेन्हा।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्ष कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न हुई। छठे दिन सोमवार को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 789 परीक्षार्थियों में 778 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा 11 अनुपस्थित रहे। मौके पर दंडाधिकारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज सिंह, बीपीओ निलेंद्र व एसआई शशिकांत, एएसआई राजेश राम मौजूद रहे।

### सामाजिक विज्ञान की परीक्षा हुई संपन्न

**भंडरा।** जैक बोर्ड झारखंड द्वारा संचालित मैट्रिक का सामाजिक विज्ञान की परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण व्यवस्था में संपन्न हुई। इस संबंध में लाल बहादुर शास्त्री के केंद्र अधीक्षक डॉक्टर सुधांशु कुमार सिंह ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा में सामाजिक विज्ञान के 545 छात्रों ने सामाजिक विज्ञान की परीक्षा लिखी। पांच छात्र अनुपस्थित रहे। उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बीटपी के केंद्र अधीक्षक अजय तिर्की ने बताया कि उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बीटपी में 372 छात्रों ने सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दी। एक छात्र अनुपस्थित था।

### मंदिरों में सुरक्षा की व्यवस्था का निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पर्यटन संवर्द्धन समिति शासी निकाय की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में हुई। मंदिरों में सुरक्षा व साफ-सफाई हेतु आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिये गये। बीएस कॉलेज में रात्रि प्रहरी हेतु जेटीडीसी से मांग किये जाने का निर्देश दिया गया। सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव द्वारा बैठक में मिले प्रस्ताव पर कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित बौद्ध मठ के संवर्द्धन हेतु निदेशक, संस्कृति को पत्र लिखे जाने का निर्देश पर्यटन पदाधिकारी को दिया गया।

सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल द्वारा समय-समय पर पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई कराये जाने का प्रस्ताव दिया गया। टिको ग्राम में शहीद हुईं रूनिया-झुनिया के शहादत स्थल का संवर्द्धन हेतु हलधर -गिरघर शहीद स्थल के भाग पर विभाग की स्वीकृति लिए जाने का निर्देश दिया गया। धरधरिया जलप्रपात के पास शहीद जवानों का शिलालेख लगाये जाने हेतु निर्देश दिया गया। पझरी पहाड़ी के रख-रखाव हेतु स्थानीय स्तर पर एक समिति गठित करने और पहाड़ी में बने रेलिंग का भौतिक जांच किये जाने का निर्देश दिया गया। जिप अध्यक्ष ने सुकुरहुटू मंदिर में विवाह मंडप, शौचालय, चेंजिंग रूम का प्रस्ताव दिया।

# विद्यालय रसोइया संघ ने की बैठक

**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संग जिला अध्यक्ष संघ की बैठक हुई। इसमें 18 मार्च से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही अभिभावकों से इस दौरान बच्चों को लंच के साथ भेजने की अपील की गई। बैठक में संजय, शोभा देवी, बीना देवी, विमल खड़िया, बिंदु देवी, सीता मुनि उरांव, मीना देवी, कुश धारी टोप्पो, किरण उरांव आदि मौजूद थे।


## झारखण्ड सरकार, उद्योग विभाग
### हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय
### कार्यालय- अग्र परियोजना केन्द्र, चियाँकी, पलामू

**अति–अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना– 01/2023–24**

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 50 दिनांक 19.12.2023 अन्तर्गत आलोक में अग्र परियोजना केन्द्र, चियाँकी पलामू कीटपालन परियोजनार्थ कीटपालन उपस्करों के क्रय करने हेतु इच्छुक इकाई/प्रतिष्ठान/आपूर्तिकर्त्ता से सीलबंद लिफाफे में अति–अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण कि जाती है।

1. कार्यालय में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि– 24.02.2024 अपराह्न 03.00 बजे तक
2. निविदा जमा करने का स्थान– अग्र परियोजना केन्द्र, चियांकी
3. निविदा खोलने कि तिथि– दिनांक– 26.03.2023 अपराह्न 02.00 बजे
4. EMD कि राशि– रू0 10,000/– मात्र।
5. महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, पलामू की अध्यक्षता में गठित क्रय समिति के समक्ष निविदा खोला जायेगा एवं न्युनतम दर वाले आपूर्तिकर्त्ता का चयन किया जायेगा।
6. चयनित निविदाकर्त्ता को कार्यादेश निर्गत होने के सात दिनों के अन्दर सामग्री की आपूर्ति कार्यालय में करते हुये विपत्र उपलब्ध कराना होगा।
7. निविदाकर्त्ता द्वारा वित्तीय विड में अंकित किये गये जी0एस0टी0 सहित सामग्री के मुल्य के अतिरिक्त अन्य कोई कर अथवा व्यय भुगतान नहीं किया जायेगा और न हीं कोई अग्रीम भुगतान किया जायेगा।
8. इस निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

**नोट :–** निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें एवं सामग्री का विवरण कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकता/ प्राप्त किया जा सकता हैं।

ह0/– अग्र परियोजना पदाधिकारी,
अग्र परियोजना केन्द्र, चियाँकी, मेदिनीनगर, पलामू

PR 318694 District (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला
E-Mail – nrepgumla@gmail.com

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 21/2023-24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला। |
| 2. | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 19.02.2024 को 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 3. | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 19.02.2024 को 03.30 बजे अपराहन में। |
| 4. | परिमाण प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 5. | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में। |
| 6. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 7. | कार्य मद | :– | पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग। |
| 8. | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गुमला | Repair of Drain with slab (outer Side) at Albert Ekka Stadium, Campus, Gumla. | 2316900.00 | 46500.00 | 5000.00 | 30.06.2024 तक |
| 2 | गुमला | Construction of Drain with slab (Inside of track) at Albert Ekka Stadium, Campus, Gumla. | 2483300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 30.06.2024 तक |
| 3 | गुमला | Earth filling and land leveling at Albert Ekka Stadium play ground, Gumla. | 2290100.00 | 46000.00 | 5000.00 | 30.06.2024 तक |

**निविदा की शर्तें:–**

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ राश्ट्रीयकृत बैंक का बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. निविदादाता को संबंधित कार्य के क्षेत्रों में अनुभव होना आवश्यक होगा।
3. निविदादाता विभिन्न स्थलों जहाँ पर समान कार्य हुआ हो अथवा निविदादाता द्वारा कार्य किया गया हो उसे स्थल का भौतिक निरीक्षण करते हुए PPT के माध्यम से दिखाना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट् एवं जिले के बेवसाईट www.gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला

PR 318740 NREP(23-24).D



## झारखंड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला।

**अति अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–निविदा संख्या:- 13/R2/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांकः–12.02.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाखं) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/GUMLA/STPKG-12/2023-24 | पोकला रेल गुमटी से चितोपिरही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–5.150 कि0मी0)<br>मुरगा से झोरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–9.900 कि0मी0)<br>पोरही से धरमपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.400 कि0मी0)<br>एस0एच0 टुरूडु से आमटोली पार्ट–बी0 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.250 कि0मी0)<br>कोनडेलकेरा से बुरूहातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–5.300 कि0मी0) | 1396.973 | तेरह करोड़ छियानबे लाख संतानबे हजार तीन सौ रू0 मात्र। | 15 माह | तृतीय |
| 2 | RWD/GUMLA/STPKG-13/2023-24 | कपरी बी0पी0डी0पी0 रोड से फरसामा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.000 कि0मी0)<br>ममारला से बंगालोया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.400 कि0मी0)<br>पाकरटोली से जामटोली पार्ट–बी0 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–6.500 कि0मी0)<br>नावाडीह से गांगरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.800 कि0मी0)<br>नारेकेला से नावाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.600 कि0मी0)<br>नारेकेला से लोहरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.600 कि0मी0)<br>एस0एच0 लोंगा से सिवाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.250 कि0मी0) | 1089.794 | दस करोड़ नवासी लाख उनासी हजार चार सौ रू0 मात्र। | 15 माह | तृतीय |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 15.02.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–23.02.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 26.02.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR 318698 (Rural Work Department) 23-24 (D)



## कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बसिया।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 02/2023–24**

1 विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बसिया।
2 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.02.2024 (कार्यालय अवधि में)
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.02.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.02.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– प्रखण्ड कार्यालय, बसिया।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यालय, बसिया
7. कार्य की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | ग्राम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आँगनबाड़ी केन्द्र कोचेडेगा का जिर्णोधार | कोचेडेगा | बसिया | 620,000 | 1250 | 12,400 | 2 माह |

निविदा की शर्त्तें:–

1. निविदाकारों का भवन निर्माण विभाग /ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड में समुचित श्रेणी में पंजीकृत होना अनिवार्य है। समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकते है
2. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बसिया के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जयेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा प्रकाश की तिथि से 3 माह होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10 प्रतिशत से न्यूनतम दर मान्य नहीं होगी।

निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
गुमला।

PR 318691 Rural Development(23-24)D



## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

**(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)**
ई–निविदा सूचना संख्या – 59/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Design fabrication & installation of stainless-Steel Bus Passengers shelters multiple Bus stops in chatra Parliamentary Constituency. | 10000000 | 10000 | 200000 | 04 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17/02/2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 19.02.2024 से 26.02.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 28.02.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201
शेष शर्तें यथावत् रहेगी।
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.318683 District(23-24):D



## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,चतरा
Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

आसन्न लोक सभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव–2024 में उपयोग होने वाले कम्प्यूटर सामग्री/मतदान सामग्री/मुद्रण सामग्री/कार्यालय उपयोगी सामग्री के लिए दर निर्धारण एवं सेवा प्राप्ति हेतु ई–निविदा सूचना (PR 318485 Election (23-24) D) प्रकाशित की गई है। उक्त सभी निविदाएँ दिनांक–17.02.2024 के स्थान पर दिनांक–19.02.2024 को खोला जायेगा।

**ई–निविदा का शेष अन्य शर्त्त यथावत् रहेगा।**

उप निर्वाचन पदाधिकारी,
चतरा

PR 318642 Election(23-24).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /

पत्रांक–.................दिनांक–........................

**–:निविदा स्थगित सूचना पत्रः–**

एत्द द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के PR317633Building(23-24)D से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना जिसका बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि 15.02.2024 थी एवं निविदा खोलने की तिथि 16.02.2024 थी को अपरिहार्य कारण से स्थगित की जाती है।

निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 318640 (Building)23-24*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक............ दिनांक..................

**प्रेस विज्ञप्ति**
**PR No.-317264**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–10/2023 –24/EE/ RWD /DALTONGANJ, दिनांक 29.01.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में अपरिहार्य कारणवश प्रकाशन, अंतिम तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि में संशोधन किया जाता है जो निम्न है :–

1. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 03.02.2024 के स्थान पर 13.02.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17.02.2024 up to 5.00 PM के स्थान पर 27.02.2024 होगा।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 19.02.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे के स्थान पर 29.02.2024 होगा।

शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR.NO.318651 District(23-24):D

# समान अधिकारों के लिए समान दृष्टि वाले कानून बनें

संविधान निमार्ताओं ने महसूस किया कि विवाह और भरण-पोषण से जुड़े मामलों का संबंध किसी पूजा-पद्धति से नहीं है, बल्कि इसका संबंध इंसानियत से है। निःसंतान व्यक्ति यदि किसी बच्चे को गोद लेकर अपनी वंश-परंपरा को आगे बढ़ाना चाहता है या उससे उसको सुरक्षा बोध का एहसास होता है, तो उससे किसी पूजा-पद्धति की अवमानना कैसे हो सकती है? यदि किसी कानून से किसी महिला को सामाजिक सुरक्षा मिलती है या पति से अलग होने या पति के नाराज होने के बाद उसे दर-बदर भटकने के बजाय गुजारे-भत्ते की व्यवस्था की जाती है, तो इसमें उसका धर्म कहां से आड़े आता है? महिला-पुरुष के वैवाहिक संबंधों में यदि समानता सुनिश्चित की जाती है, तो इससे किसी भी सभ्य समाज को शर्मिंदगी नहीं, अपितु गर्व होना चाहिए। आजादी के बाद हिंदू विधि में व्यापक परिवर्तन किए गए। हिंदू विवाह अधिनियम द्वारा बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाया गया। पति-पत्नी को विवाह-विच्छेद करके सम्मानपूर्वक एक-दूसरे से अलग रहने का अधिकार दिया गया। महिलाओं को भरण-पोषण का अधिकार दिया गया। पिता की संपत्ति में बेटियों को भी अधिकार देने की परंपरा शुरू हुई। संतान को गोद लेने के मामलों में भी पति के एकाधिकार को तोड़ते हुए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश की गई। हिंदू कानून में किए गए सुधारों में मानवाधिकारों और समानता के सिद्धांतों की तरजीह दी गई। पर वोट बैंक खिसकने की स्वार्थी सोच के कारण दूसरी जगहों पर ऐसा नहीं हो सका और उन्हें बेहतरी के मौके से लगातार वंचित रखा गया।आधुनिक सोच का लाभ दूसरे मतावलंबियों को भी हासिल हो, इसके लिए अदालतें लगातार कोशिश करती रही हैं। मोहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो मामले (1985) में सुप्रीम कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खेद का विषय है कि अनुच्छेद 44 में तय राज्य की जिम्मेदारी अब निर्जीव शब्द समूहों का संग्रह बनकर रह गई है। अदालत ने कहा कि मुस्लिम समाज को इस मामले में पहल करने की जरूरत है, ताकि प्रगति की दौड़ में वे दूसरों से पीछे न रहें। हैरानी की बात यह है कि शाहबानो के जिस मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों से आगे बढ़ने की पहल का आह्वान किया, उसके दुष्प्रचार ने समान नागरिक कानून की पहल को सबसे मर्मांतक चोट पहुंचाई। उसके बाद सरला मुद्गल तथा लिली थॉमस जैसे कई प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायालय ने समान नागरिक कानून के नहीं होने के दोषों को उजागर करते हुए इसका तुरंत क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। वैवाहिक मामलों में वैयक्तिक विधि के दुरुपयोग से विचलित होकर अदालत ने कहा कि अब तो इसका दुरुपयोग कानून को धोखा देने के लिए होने लगा है। जब वैवाहिक साथी से छुटकारा पाना हो, तो कुछ समय के लिए अपना धर्म बदलकर दूसरी शादी कर ली, क्योंकि दूसरे धर्म से जुड़े कानून में उसे मान्यता दी गई है। उसके बाद अपनी मर्जी से तलाक देकर उस महिला से छुटकारा पा लिया, क्योंकि उस धर्म का कानून इसकी इजाजत देता है।

**हिंदू कानून में किए गए सुधारों में मानवाधिकारों और समानता के सिद्धांतों की तरजीह दी गई। पर वोट बैंक खिसकने की स्वार्थी सोच के कारण दूसरी जगहों पर ऐसा नहीं हो सका और उन्हें बेहतरी के मौके से लगातार वंचित रखा गया।आधुनिक सोच का लाभ दूसरे मतावलंबियों को भी हासिल हो, इसके लिए अदालतें लगातार कोशिश करती रही हैं। मोहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो मामले (1985) में सुप्रीम कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खेद का विषय है कि अनुच्छेद 44 में तय राज्य की जिम्मेदारी अब निर्जीव शब्द समूहों का संग्रह बनकर रह गई है।**

इन दिनों

# जीवन शैली में सुधार लाकर हृदयाघात जैसी बीमारी से बचें


विजय केसरी



***स्वस्थ*** रहने के लिए इस स्लोगन को आत्मसात कर लें, आपके जीवन की दिशा और दशा ही बदल जायेगी। दिल का ख्याल रखें,.. ता उम्र दिल आपका ख्याल रखेगा। दिल आपका है। इसे कभी टूटने ना दीजिए? नाराज ना होने दीजिए ? परेशान न होने दीजिए। दिल को जो स्वस्थ खुराक चाहिए, वही दें। दिल के अनुकूल कार्य कीजिए। अर्थात दिल का ख्याल दिल से करें। दिल को स्वस्थ रखने के लिए खानपान की शुद्धता, शारीरिक व्यायाम और सक्रियता बहुत जरूरी है। दिखावे की जिंदगी से दूर रहिए, जो आपके पास है , उसी में संतुष्ट रहने का प्रयास कीजिए। दूसरे के धन को देखकर अकारण परेशान नहीं हों । सहज सरल और मधुर बनने का प्रयास कीजिए । आपकी सहजता और सरलता से आपका दिल मजबूत होगा। विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं को अनुकूल बना कर रखें। इमानदारी पूर्वक जीवन जीएं। नैतिकवान बने। इससे आप तनाव से दूर रहेंगे। आप जितना तनाव से दूर रहेंगे, आपका दिन उतना ही दुरुस्त रहेगा। आज की बदली परिस्थिति और भागम भाग भरी जिंदगी के संदर्भ में कुछ बातें रख रहा हूं। शायद ये बातें आपके मन मस्तिष्क को दिल का ख्याल रखने के लिए कुछ प्रेरित कर सकें। आज की भागम भाग भरी जिंदगी में जितनी भी कोशिश कर लें, तनाव बन ही जाता है। बाद में यही तलाव कई मानसिक बीमारियों के साथ हृदयाघात जैसी बीमारी के रूप में तब्दील हो जाती है। हम सबों को अपने हृदय के संबंध में जरूर जानना चाहिए। अपने हृदय को विपरीत परिस्थितियों में कैसे बेहतर बनाकर रखें ? हृदय की बीमारियों से कैसे बचें ? यह जानना जरूरी हो जाता है। झारखंड प्रांत, रांची के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ दीपक गुप्ता ने हृदय संबंधी उत्पन्न होने वाले विकारों पर कहा कि जीवन शैली में सुधार लाकर हृदयाघात जैसी बीमारी से बहुत हद तक बचा जा सकता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि पहले यह बीमारी 50 से 60 वर्ष के लोगों में पाई जाती थी। लेकिन बाद के दिनों में 35 से 40 वर्ष के उम्र के लोगों में भी पाई जाने लगी। अब तो यह बीमारी 30 वर्ष के उम्र के लोगों में भी पाई जा रही है। यह सभी जानते हैं कि कई बार हृदयघात जैसी बीमारी व्यक्ति की जीवन लीला ही समाप्त कर देती है। आज युवाओं को यह बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। अचानक हृदयाघात जैसी बीमारी चपेट में ले लेने से संपूर्ण विश्व के सामने एक बड़ी समस्या आ खड़ी हुई है। विश्व भर के विज्ञानिक इसके कारण की खोज और निवारण में लगे हैं। जहां तक मेरी जानकारी है। मैं यह बताना चाहता हूं कि अगर युवाओं को हृदयाघात जैसी बीमारी से बचना है, तो समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराएं। खान पान पर विशेष ध्यान दें। नियमित रूप से व्यायाम करें और टहलें। आज हर व्यक्ति की जीवन शैली किसी न किसी उलझनो और परेशानियों जुड़ी हुई है। तनाव का होना लाजमी है। यह व्यक्ति की सोच पर निर्भर करता है कि वह तनाव को किस रूप में लेता है? जहां तक मेरी जानकारी है कि व्यक्ति अपने जीवन शैली में सुधार लाकर हृदयाघात जैसी बीमारी से बच सकता है । नियमित रूप से व्यायाम को अपने जीवन शैली का हिस्सा बनावें। व्यायाम करें। ट्रेडमिल करें । व्यक्ति की शारीरिक गतिविधि 4 किलोमीटर तेज टहलने के बराबर हो। साथ ही खानपान में चार सफेद चीजों से दूरी बनाएं । चीनी, सफेद चावल, आलू और मैदा का उपयोग जितना कम से कम हो करें। अगर डायबिटीज है,तो इन चीजों का बिल्कुल ही प्रयोग ना करें । प्रत्येक दिन केवल 15 मिलीमीटर तेल का ही उपयोग करें । साथ ही यह भी ध्यान रखें कि जमने वाली वसा यानी वनस्पति, घी अथवा मक्खन से जितना हो सके बचने का प्रयास करें। हर 6 महीने में खाने पीने वाला तेल बदलें। पोषक और संतुलित आहार लें। आज लोगों का वजन दिन-ब-दिन बढ़ता चला जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण व्यक्ति का खानपान है। अपने खानपान में सुधार रखें। यह ध्यान रखें कि आपका वजन ना बढे। ऐसे व्यक्ति के गलत आदतों के कारण हृदयाघात जैसी बीमारी अपनी गिरफ्त में आई ले लेती है। इसलिए जरूरी है कि धूम्रपान से जितना संभव हो सके बचें। धूम्रपान हृदयाघात जैसी बीमारी का एक बड़ा कारण है। भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा धूम्रपान ना करने की हिदायत बार-बार दी जाती है। इसके बावजूद लोग धूम्रपान करते हैं। मैं धूम्रपान करने वालों से निवेदन करना चाहता हूं कि जितना संभव हो सके धूम्रपान से बचें। अल्कोहल भी आपकी सेहत के लिए अच्छी पेय पदार्थ नहीं है। इससे भी दूरी बनाएं। तंबाकू के सेवन से बचें । ये तीनों ऐसी चीजें हैं, जिनसे आप इतनी दूरी बना कर रखेंगे, आपका हृदय उतना तंदुरुस्त रहेगा। अगर आपको हृदय संबंधी कोई विकार महसूस होता है तो आप तुरंत किसी हृदय रोग विशेषज्ञ से जांच करवा लें। अन्यथा आपके मन में अकारण डर बना रहेगा। इसलिए समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का जांच जरूर कराएं। मैं यह कहना चाहता हूं कि हृदयाघात अकस्मात मृत्यु का प्रमुख कारण है। कोरोनरी आर्टरी ( धमनी) में ब्लॉकेज । इसकी वजह से हार्ट अटैक और अकस्मात मृत्यु का खतरा 20 फीसदी होता है। व्यायाम करते समय, ट्रेडमिल पर दौड़ते वक्त अथवा फिर तनाव की स्थिति में भी हृदय घात हो सकता है। कई बार यह भी सुनने को मिला है कि कोई 30 वर्ष का व्यक्ति कसरत कर रहा था और उसकी ट्रेडमिल पर ही मृत्यु हो गई। इसका मतलब है कि उस व्यक्ति को पहले से कोई न कोई परेशानी रही होगी। जिसका उसे पता नहीं चला । कुछ मामलों में ऐसा भी होता है कि व्यक्ति रात को हंसते खेलते सोया और सुबह उठा ही नहीं। यह सब हृदय की बीमारी के कारण होते हैं । इसलिए शरीर में किसी भी तरह की परेशानी हो तो एक बार चिकित्सक से मिलकर अपने शरीर का स्वास्थ्य जांच जरूर करा लें। समय रहते जांच हो जाने और बीमारी का पता चल जाने से इस बीमारी कख इलाज संभव है। कई लोग मेरे पास बीमारी के जन्म लेते ही पहुंच जाते हैं । समय पर उसकी बीमारी का इलाज हो जाता है। वे पूर्ण स्वस्थ हो जाते हैं। इसलिए समय-समय पर जांच आपके स्वास्थ्य की जांच बहुत ही जरूरी है। मैं यहां यह बताना चाहता हूं कि पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में दिल संबंधी बीमारियों अधिक इसलिए है कि हमारी जीवन शैली में कहीं ना कहीं कुछ कमी है। भारत में 10 से 12 फीसदी लोग हृदय रोगों से ग्रसित है। जबकि अमेरिका जैसे देशों में यह दर 4 से 5 फीसदी है। अध्ययन बताते हैं कि अमेरिका के मुकाबले हमारे देश में 10 साल कम उम्र में ही हृदय रोग हो जाता है। यह अच्छा संकेत नहीं है। लेकिन इससे बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। समय पर जांच और जीवनशैली में सुधार कर इन तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है। 'विश्व हृदय दिवस' पर मैं विशेष रूप से यह कहना चाहता हूं कि अगर हृदयाघात या उससे जुड़ी साइलेंट बीमारियों से बचना चाहते हैं? तो इसके लिए एक एकजेक्टिव हेल्थ चेक की प्रक्रिया होती है। हम यही सुझाव देते हैं कि 30 वर्ष की उम्र में यह टेस्ट करवा लेना चाहिए।

**आपकी सहजता और सरलता से आपका दिल मजबूत होगा। विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं को अनुकूल बना कर रखें। इमानदारी पूर्वक जीवन जीएं। नैतिकवान बने। इससे आप तनाव से दूर रहेंगे। आप जितना तनाव से दूर रहेंगे, आपका दिन उतना ही दुरुस्त रहेगा। आज की बदली परिस्थिति और भागम भाग भरी जिंदगी के संदर्भ में कुछ बातें रख रहा हूं। शायद ये बातें आपके मन मस्तिष्क को दिल का ख्याल रखने के लिए कुछ प्रेरित कर सकें। आज की भागम भाग भरी जिंदगी में जितनी भी कोशिश कर लें, तनाव बन ही जाता है।**

## आपकी बात

### राम पर नया नजरिया संतुलित लेख


विजय केसरी

'राष्ट्रीय नवीन मेल' इंडिया स्तंभ में प्रकाशित आपके आलेख पर मेरी प्रतिक्रिया :- आज आपने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम पर एक उत्कृष्ट आलेख आपने प्रस्तुत किया है। भगवान राम क्या हैं? उनके आदर्श क्या हैं? राम राज्य क्या है ? इस पर आपने तो विस्तार से चर्चा की है। आगे अपने दर्ज किया है कि हिंदी के मर्मज्ञ विद्वान सह रामचरितमानस के शोधकर्ता फादर कामिल बुल्के ने अपना संपूर्ण जीवन रामचरितमानस को समर्पित कर दिया था। उन्होंने देश-विदेश में प्रचलित रामायण की खोज कर एक वृहद रामायण को प्रस्तुत किया था।
आपने प्रस्तुत किया है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी,.. हे राम ! कहकर इस दुनिया से विदा हुए थे। गांधी के सुबह और शाम के भजन में राम शामिल थे। उन्होंने राम राज्य की जो बात कही थी। क्या आज देश उस और बढ़ता दिखाई दे रहा है ? इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। जहां राम हैं,वहां तकरार नहीं है ।
जहां राम हैं ,वहां अशांति नहीं है।
जहां राम हैं ,वहां शांति है।
जहां राम हैं ,वहां त्याग है।
जहां राम हैं, वहां मित्रता है ।
जहां राम हैं, भ्राता प्रेम है।
जहां राम हैं, वहां वसुधैव कुटुंबकम है।
जहां राम हैं, वहां प्रेम है।
करोड़ों सनातनियों के श्रद्धेय भगवान राम के जीवन चरित्र से सबक लेने की जरूरत है। राम के खिलाफ बोलने वाले इस आलेख को जरूर पढ़ें। संभवत उन्हें एक नई दृष्टि मिल पायेगी। एक उत्कृष्ट आलेख के लिए, वरिष्ठ पत्रकार भाई सुनील बादल जी, को हृदय से साधुवाद।।

**– हजारीबाग**

### बदलते मौसम से परेशानी

जिले में एक सप्ताह से अधिक समय से जारी तापमान पर उतार-चढ़ाव नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। इससे वायरल फीवर, सर्दी-खांसी आदि संक्रामक बीमारियों तेजी से प्रसार कर रही हैं। आसमान में उमड़-घुमड़ कर रहे बादलों के कारण समस्या और भी बढ़ गयी है। अनियमित तापमान के साथ सामंजस्य नहीं बन पाने के कारण इस समय शहरों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी वायरल फीवर पूरी तरह से अपना पांव पसार चुकी है।

**– अमित कुमार, मेदिनीनगर**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

प्रेरणा

# स्वतंत्रता आंदोलन में थी सरोजनी नायडू की अहम भूमिका


योगेश कु. गोयल

***आजादी*** के राष्ट्रीय आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वतंत्रता सेनानियों में 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' तथा 'भारत कोकिला' के नाम से विख्यात प्रख्यात कवयित्री और देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू का नाम सदैव आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके नाम का जिक्र होते ही एक ऐसी महिला की छवि उभर कर सामने आती है, जिन्हें कई भाषाओं में महारत हासिल थी और जिनकी लिखी कविताएं हर ओर धूम मचाती थी। उन्हीं के सम्मान में उनके जन्म दिवस 13 फरवरी को अब प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरूआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 145वीं जयंती मना रहा है। सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी। वह बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में बहुत तेज थी और उन्होंने केवल 12 वर्ष की आयु में ही मद्रास यूनिवर्सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया था तथा केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की 'लेडी ऑफ द लेक' नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था। पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह 'द गोल्डन थ्रैशहोल्ड' 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें 'भारत कोकिला' कहा जाता था। उन्हें 'शब्दों की जादूगरनी' के नाम से भी जाना जाता था।

**13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरूआत की गई थी।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# रेडियो की खनक सदैव रहेगी बरकरार?


डॉ. रमेश ठाकुर

***इसमें*** दो राय नहीं कि सूचना-मनोरंजन की पारंपरिक उपाधि सदैव रेडियो के हिस्से ही रहेगी। आज का दिन रेडियो के लिए खास है। क्योंकि समूचा संसार आज 'विश्व रेडियो दिवस' मना रहा है। रेडियो की अहमियत मानव जीवन से कितना वास्ता रखती है, जिसका अंदाज मौजूदा वर्ष-2024 की थीम से लगा सकते हैं। इस बार की थीम 'सूचना देने, मनोरंजन करने और शिक्षित करने वाली एक सदी' रखी गई है जिसका उद्देश्य रेडियो के उल्लेखनीय अतीत, प्रासंगिक वर्तमान और गतिशील भविष्य पर व्यापक प्रकाश डालना। ये सच है कि सूचना यो मनोरंजन विधाओं में चाहे कितने ही साधन क्यों न उपलब्ध जाएं। पर, रेडियो की अहमियत और उसकी प्रासंगिकता कभी भी कम नहीं होगी। विश्व रेडियो दिवस सालाना 13 फरवरी को मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसे यूनेस्को ने अपने 36 वें वार्षिक सम्मेलन से मनाने का निर्णय लिया था। 13 फरवरी ही वह तारीख थी जो 1946 में अमेरिका में पहली बार रेडियो ट्रांसमिशन से संदेश भेजा गया था और संयुक्त राष्ट्र रेडियो की शुरूआत हुई। इसलिए संयुक्त राष्ट्र रेडियो की वर्षगांठ के दिन से ही वर्ल्ड रेडियो डे मनाने का चलन आरंभ हुआ। विश्व के ऐसे कई छोटे मुल्क जो अब भी काफी पिछड़े हुए हैं, वो सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिहाज से आधुनिक युग में भी रेडियो पर ही निर्भर हैं। भारत में भी आजादी के कुछ दशकों तक संचार का प्रमुख जरिया रेडियो ही रहा। 80 के दशक से पूर्व जनमानस के बचपन का सीधा वास्ता भी रेडियो से ही होता था! संचार के विभिन्न आयाम जैसे, गाना, समाचार, स्वर चित्रहार, अच्छी-बुरी सभी सूचनाएं रेडियो से ही मिलती थीं। लाइव मैच की कमेंट्री हो, या सरकारी कामकाज, खेतिबाड़ी, रोजगार आदि की जानकारी का भी एक मात्र साधन रेडियो ही होता था। नब्बे के दशक के बाद जैसे ही देश ने बदलाव की अंगड़ाई ली, उसके बाद बहुत कुछ पीछे छूट गया, काफी कुछ बदला. हालांकि उससे कुछ समय पहले 'ब्लैक एंड बाईट' टीवी ने दस्तक दे दी थी।

**इस बार की थीम 'सूचना देने, मनोरंजन करने और शिक्षित करने वाली एक सदी' रखी गई है जिसका उद्देश्य रेडियो के उल्लेखनीय अतीत, प्रासंगिक वर्तमान और गतिशील भविष्य पर व्यापक प्रकाश डालना है।**



बोधि वृक्ष

# एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

जैसे ही कोई इस मंडप से दूसरे मंडप में जाता है, इनका आकार, आयतन और स्थान छोटा और प्रकाश मंद होने लगता है, जो विकर्षणों के कम होने और एक व्यक्ति के दूसरे लोक के निकट जाने का प्रतीक है। **मंडप के भीतर :** कहा जाता है कि मुख्य मंदिर की ओर जाने वाली सीढ़ियों की चढ़ाई प्रतीकात्मक रूप से स्वर्ग की ओर बढ़ना दर्शाती है, और इसका लंबा, नुकीला शिखर स्वर्गीय क्षेत्र के एक विकल्प का कार्य करता है।

**जुड़े हुए मंडप :** मुख्य मंदिर की ओर ले जाने वाली सीढ़ियाँ एक-दूसरे को मजबूत करते एवं एक-दूसरे के अस्तित्व को आपसी वैधता प्रदान करते विपरीत तत्वों का साथ में होना, एक अन्य सिद्धांत है जिसका, कुछ शिक्षाविदों के हिसाब से, यह मंदिर परिसर एक उदाहरण है। इसका प्रमाण इससे मिलता है कि जो गुफाएँ सम्पूर्ण रूप से अंधेरी हैं, उनमें मंडप से छनकर आती हल्की सी रोशनी भी आसानी से देखी और महसूस की जा सकती है। परिसर के जटिल नक्काशीदार हिस्सों को बिना नक्काशी की चट्टानें अर्थ प्रदान करती हैं। एक अन्य दावे के अनुसार मुख्य मंदिर में रखा शिव लिंग, पुरुष और प्रकृति (या विनाश और निर्माण) जैसे विरोधी तत्वों के संलयन का प्रतीक है।

**शिवलिंग की पूजा करते श्रद्धालु :** इस परिसर पर शंकर के अद्वैत दर्शन के प्रभाव का भी अध्ययन किया गया है, जहाँ एक भगवान, मंदिर और भक्त को एक चट्टानी पहाड़ी में उकेरा गया है। यह ज्ञान और भक्ति का एक अद्वैतवादी सामंजस्य दर्शाता है। आत्मन, मानव-आत्मा का मूलभूत घटक, व्यक्ति का सार या चेतन ऊर्जा, को अपने आप में स्वतंत्र और पूर्ण माना जाता है, जबकि यह ब्रह्मांड की भव्य योजना ब्रह्म का भी एक घटक है जो एक अपरिवर्तनीय सार्वभौमिक आत्मा या चेतना के रूप में ब्रह्मांड की सभी चीजों का आधार है। **( क्रमशः )**

टेक वर्ल्ड

# भूलकर भी न करें यह गलतियां

**फोन को ओवरचार्ज करने से बचें**
अक्सर लोग अपने फोन को चार्ज में लगा कर भूल जाते हैं और कई बार तो फोन रात रात भर चार्जिंग में लगा रहता है। ऐसे में फोन ओवरहिट हो सकता है और ब्लास्ट की संभावना बन सकती है। अगर आप अपने फोन का बेहतर यूज करना चाहते हो तो कभी भी फोन की बैटरी को 100% की बजाय 90% पर ही चार्जर से निकाल दें।



**लोकल रिपेयर शॉप पर अपने फोन की मरम्मत न करवाए :** अक्सर हमारा फोन खराब होता है तो हम अपने आसपास लोकल रिपेयर शॉप पर जाकर फोन मरम्मत करवाने लग जाते हैं। हमें ऐसा करने से बचना चाहिए और ऑथराइज सर्विस सेंटर पर जाकर अपने फोन को ठीक करना चाहिए, क्योंकि यहां पर फोन के लिए सही उपकरण इस्तेमाल किए जाते हैं ना कि डुप्लीकेट और अनऑथराइज्ड।

**चार्ज करते समय फोन को हीट वाले जगह पर ना रखें :** जब भी आप अपने फोन को चार्ज में लगाएं तो ध्यान रखें कि आपका चार्जर और फोन कहीं ऐसी जगह पर तो नहीं है, जहां पर नॉर्मल से ज्यादा गर्मी हो या सीधे धूप आ रही हो! ऐसा करने से आपको बचना चाहिए वरना आपका फोन तेजी से गर्म होने लगेगा। उम्मीद हैं आप इन निदेर्शों को ध्यान में रखेंगे और सुरक्षित तरीके से फोन का इस्तेमाल कर पाएंगे।

**(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार में राजद के तीन विधायकों ने बदला पाला, भड़के तेजस्वी

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा में एनडीए सरकार के विश्वास मत पर चर्चा के दौरान सदन का दृश्य बदला नजर आया। राजद के तीन विधायक सत्ता पक्ष की ओर बैठे दिखे। राजद के विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव सदन पहुंचे और सत्ता पक्ष की ओर आकर बैठ गए। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के विधानसभा में विश्वास मत पर चर्चा में भाग लेते हुए राजद के नेता तेजस्वी यादव ने विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि समय आएगा तो तेजस्वी आएगा। तेजस्वी ने पूर्व सांसद आनंद मोहन के पुत्र और विधायक चेतन आनंद को छोटा भाई बताते हुए कहा कि जब किसी ने कुछ नहीं किया तो हमने टिकट देकर इन्हें जिताने का काम किया। उनके पिता के नहीं, चेतन के काम पर दिया। बिहार को आगे ले जाने के लिए हम युवाओं को आगे करते हैं।



उन्होंने कहा कि हमको पता है कि आपकी क्या-क्या मजबूरी है। ये कोई नई बात नहीं है, बहुत दिनों से पीड़ित हैं और इस पीड़ा में ये कहीं भी रहें, हम इनके साथ हैं। उन्होंने पूर्व विधायक अनंत सिंह की पत्नी और राजद विधायक नीलम देवी के पाला बदलने पर कहा कि हम उनके निर्णय का स्वागत करते हैं। बात बने या न बने, बाद में हमको याद जरूर कीजियेगा।

उन्होंने सदन में प्रह्लाद यादव के पाला बदलने पर कहा कि हमारे सबसे बुजुर्ग प्रह्लाद यादव हम आपका धन्यवाद करते हैं कि आपने इतने दिनों तक हमारी पार्टी का झंडा उठाए रखा। आप स्वस्थ रहिए। मैं सरकार और मुख्यमंत्री से निवेदन करूंगा कि आपकी उन लोगों से जो भी बात हुई है, उसे वो जरूर पूरा करें।

## बिहार विधानसभा स्पीकर अवध बिहारी ने छोड़ी कुर्सी

**पटना।** बिहार विधानसभा में एनडीए सरकार को सोमवार को विश्वास प्राप्त करना है। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने आसन छोड़ दिया। इससे पहले भाजपा के सदस्य नंद किशोर यादव ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। इस अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में 38 से अधिक विधायक खड़े हुए। इसके बाद अध्यक्ष चौधरी अध्यक्ष पद से हट गए। उन्होंने इस मौके पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जब तक इस पद पर रहे बिना किसी भेदभाव के नियमावली से सदन का संचालन किया। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ों का खेल है।

## बागी हुए जदयू विधायक को जिला प्रशासन ने किया नजरबंद



**नवादा।** जदयू के बागी विधायक डॉ संजीव कुमार को नवादा जिला प्रशासन के द्वारा सोमवार को नजरबंद किया गया। राजद कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी मिलते ही वन विभाग कार्यालय के चारों ओर घेर कर जमकर नीतीश कुमार मुदार्बाद आदि के नारे लगाए गए। वहीं पूर्व एमएलसी प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज पटना स्थित विधानसभा में सरकार की स्थिरता को लेकर फ्लोर टेस्ट है। ऐसे में नीतीश कुमार के निदेर्शानुसार खगड़िया जिले के परबत्ता विधानसभा के विधायक डॉ संजीव कुमार को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, रजौली एसडीओ, रजौली एसडीपीओ एवं कई थाना के पुलिस बलों के सहयोग से नजरबंद कर वन विभाग के कैम्पस में रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि परबत्ता विधायक रांची से पटना जा रहे थे। इसी बीच समेकित जांच चौकी से पुलिस बलों ने सोमवार की सुबह ही विधायक को रोक लिया। वन विभाग स्थित रेस्ट हाउस में विधायक से किसी कार्यकर्ता अथवा पत्रकारों को भी नहीं मिलने दिया गया। वहीं राजद कार्यकताओं के जमावड़े को देखते हुए सुबह के लगभग नौ बजे विधायक को पुलिस एवं प्रशासन द्वारा पटना ले जाया जा रहा है।

### आपराधिक अपीलों में देरी को कम करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश

## ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी तुरंत मंगाने की प्रथा पर जोर दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने किसी आपराधिक मामले में दोषसिद्धि या दोषमुक्ति के न्यायिक निर्धारण में देरी को कम करने के लिए किसी अपील में इजाजत मिलते ही हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी तुरंत मंगाने की प्रथा पर जोर दिया है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने हाल ही में पारित आदेश में कहा, हमारी राय में जब भी दोषसिद्धि के आदेश या दोषमुक्ति के आदेश को चुनौती देने वाली अपील में अनुमति दी जाती है, तो तुरंत उच्च न्यायालय और अदालत के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी मंगाने की प्रथा होनी चाहिए। ट्रायल कोर्ट इसे सिस्टम पर अपलोड करने के लिए और पक्षों का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्वान वकील को उसकी सॉफ्ट कॉपी प्रदान करें। पीठ ने कहा कि बड़ी संख्या में अपीलों की सुनवाई में देरी हो जाती है, क्योंकि जब तक शीर्ष अदालत का इस आशय का कोई आदेश न हो तब तक रिकॉर्ड नहीं मांगा जाता है। बेंच ने आगे कहा, यह उचित होगा, यदि रजिस्ट्रार (न्यायिक) भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश से उचित प्रशासनिक निर्देश मांगे, ताकि रजिस्ट्री छुट्टी दिए जाने के तुरंत बाद उच्च न्यायालय और ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी मंगवाए।

# बंगाल में कब तक होता रहेगा हिंदू महिलाओं का बलात्कार : स्मृति ईरानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कुछ महिलाओं द्वारा सामने आकर मीडिया को अपनी व्यथा बताने का जिक्र करते हुए राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल पूछा कि पश्चिम बंगाल में कब तक टीएमसी की राज्य प्रायोजित हिंसा द्वारा हिंदुओं की बलि चढ़ती रहेगी और हिंदू महिलाओं का बलात्कार होता रहेगा। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कुछ महिलाओं ने बांग्ला में अपनी व्यथा को मीडिया के सामने रखा है कि टीएमसी के लोग घर-घर जाकर देखते थे कि किस घर में कौन सी बहू सुंदर है, उम्र में कौन कम है और फिर उन औरतों को पहचान कर उनके पतियों से कहा



जाता था कि तुम इसके पति हो सकते हो, लेकिन अब तुम्हारा इस औरत पर कोई अधिकार नहीं है। बंगाल में कम उम्र की नवविवाहिताओं के साथ बलात्कार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जब तक टीएमसी के गुंडों का मन नहीं भरता था, तब तक इन औरतों को रिहा नहीं किया जाता था और इसके लिए विशेष रूप से टीएमसी के गुंडे हिंदू परिवारों को चिन्हित करते थे। तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां पर निशाना साधते हुए उन्होंने आगे कहा कि यह शेख शाहजहां वहीं है, जिसके गुंडों ने ईडी अधिकारियों का घेराव कर उन पर ईंट-पत्थर फेंककर उन्हें घायल कर दिया था। टीएमसी सुप्रीमो पर बड़ा हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि ममता बंदोपाध्याय (ममता बनर्जी) ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए एससी, एसटी, मछुआरों और कृषक समुदायों की महिलाओं की गरिमा का सौदा किया है। हिंदू नरसंहार पर सौदा कर ममता अपनी सत्ता का साम्राज्य चला रही हैं। घर-घर जाकर ममता के गुंडे हिंदू परिवार की छोटी उम्र की बहुओं को उठाकर उनका बलात्कार कर रहे हैं और ममता उस पर चुप्पी साधे हुए हैं। ममता बंदोपाध्याय बताएं कि शेख शाहजहां कहां हैं? स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी और इंडी अलायन्स में शामिल अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि ममता बनर्जी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं, देश में न्याय यात्रा निकालने वाले चुप हैं और गठबंधन की बात करने वाले भी चुप हैं।

# पीएम मोदी करेंगे कल्कि धाम का शिलान्यास

## सीएम योगी ने तैयारियों का लिया जायजा

**एजेंसी। लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को संभल पहुंचेंगे। वह कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह कार्यक्रम में भाग लेंगे। पीएम के दौरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को संभल पहुंचे। यहां उन्होंने शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में श्री कल्कि धाम के शिलान्यास का कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों से होने जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। सीएम ने कार्यक्रम स्थल, गर्भगृह, मंच और हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन के लिए की जा रही सभी तैयारियों को समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि



शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां तेज गति से पूरी की जा रही हैं। छह हेलीपैड भी बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियो से गर्भगृह और वीवीआईपी सहित अन्य आगंतुकों के प्रवेश की जानकारी ली। सीएम योगी ने आगंतुकों खासकर संतों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने के निर्देश अधिकारियों को दिये। गौरतलब है कि 1 फरवरी को श्रीकल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर शिलान्यास का निमंत्रण देकर कार्यक्रम में आने का आग्रह किया था। इसे पीएम मोदी ने स्वीकार कर लिया था।

# पीएम से मिला कर्पूरी ठाकुर का परिवार बेटे ने 'भारत रत्न' देने पर जताया आभार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत रत्न से सम्मानित जननायक कपूर्री ठाकुर के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इसकी जानकारी दी। पीएम मोदी ने कपूर्री ठाकुर के परिवार से मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए लिखा भारत रत्न से सम्मानित जननायक कपूर्री ठाकुर जी के परिजनों से मिलकर बहुत खुशी हुई। कपूर्री जी समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के मसीहा रहे हैं, जिनका जीवन और आदर्श देशवासियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

पीएम मोदी से मुलाकात के बाद कपूर्री ठाकुर के बेटे और राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने कहा जननायक कपूर्री ठाकुर जी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न देने का काम किया। मैं अपने परिवार की तरफ से उन्हें बधाई देने आया था। बहुत खुशी है और हमारे बिहार की जनता भी खुश है, उन्होंने बहुत बड़ा काम किया है। बता दें कि पीएम मोदी ने कपूर्री ठाकुर के परिवार वालों के साथ फोटो भी खिंचाई। साथ ही उनके परिजनों से वातालर्ाप भी की। इस दौरान बिहार के पूर्व सीएम कपूर्री ठाकुर पर लिखी किताब भी उनके बेटे रामनाथ ठाकुर ने पीएम मोदी को भेंट की। ज्ञात हो कि 24 जनवरी को मोदी सरकार ने बिहार के पूर्व सीएम कपूर्री ठाकुर को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की थी।

# एम्स-एसबीआई डिजिटल रोगी देखभाल कार्ड लॉन्च

## जल्दी ही देश के सभी एम्स में मिलेगी यह सुविधा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

एम्स-एसबीआई डिजिटल रोगी देखभाल कार्ड सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया द्वारा एम्स नई दिल्ली के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास और एसबीआई के महाप्रबंधक मंजीत सिंह की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने इसे डिजिटल इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह वन नेशन, वन एम्स, वन कार्ड की दिशा में पहला कदम है। इस कार्ड से एम्स नई दिल्ली में कैंटीन सहित किसी भी स्वास्थ्य सेवा शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। एक मरीज इस कार्ड में राशि जमा कर सकता है और इसे एम्स के विभिन्न ब्लॉकों में विभिन्न बिंदुओं पर रिचार्ज कर सकता है। जल्द ही इसे देश के अन्य 22 एम्स तक भी बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने कहा, कई मरीज दूर-दूर से आते हैं और विभिन्न सेवाओं के लिए अपने साथ नकदी लेकर आते हैं। अब सभी लेनदेन कैशलेस होंगे और इस कार्ड का उपयोग किया जाएगा। उपचार पूरा होने पर कार्ड में शेष राशि मरीज को वापस उनके खाते में स्थानांतरित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह रोगी देखभाल में गेम-चेंजर साबित होगा। एम्स-एसबीआई स्मार्ट पेमेंट कार्ड निशुल्क उपलब्ध है। एम्स में मरीज के भर्ती होने के बाद उसे कार्ड जारी किया जाएगा। यह कार्ड मरीज के आभा नंबर या फिर अस्पताल में दिए जाने वाले यूनिक पहचान नंबर दिया जाएगा।

## सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे अमेरिकी यात्रा पर

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे 13 से 16 फरवरी तक संयुक्त राज्य अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। वह सोमवार को अपनी अमेरिकी यात्रा के लिए रवाना हो गए। उनकी यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सैन्य सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित करती है। इस यात्रा का लक्ष्य रक्षा सहयोग तथा दोनों देशों की सेनाओं के बीच संबंधों को और मजबूत करना है। कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे यूनाइटेड स्टेट्स चीफ ऑफ स्टाफ ऑफ आर्मी (सीएसए) के जनरल रैंडी जॉर्ज और अन्य वरिष्ठ सैन्य प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय वार्ता में भाग लेंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचने पर उन्हें प्रतिष्ठित अमेरिकी सेना की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। वह आर्लिंगटन राष्ट्रीय कब्रिस्तान में अज्ञात सैनिकों के सम्मान में बने स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और पेंटागन का भी दौरा करेंगे।



# यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे से मचा हड़कंप, पांच लोग जिंदा जले

**एजेंसी। मथुरा**

थाना महावन क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 117 पर अनियंत्रित होकर डबल डेकर बस डिवाइडर से टकरा गई। इस दौरान पीछे से आ रही स्विफ्ट कार बस से भिड़ गई। टक्कर के साथ ही बस के डीजल टैंक में आग लग गई। कार सवार पांच व्यक्तियों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। आग में जलकर कार के अंदर ही पांच व्यक्तियों की मौत हो गई। सूचना पाकर जिले के जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पहुंच गए।

यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह साढ़े सात बजे के लगभग स्लीपर कोच बस का टायर पंचर हो जाने से बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई पीछे से आती तेज रफ्तार कार बस से भिड़ गई। तेज धमाका हुआ और दोनों गाड़ियां जलने लगीं। हादसे में स्विफ्ट कार संख्या डी एल 9 सी ए सी 9726 में सवार 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। टक्कर के बाद आग इतनी तेज फैली की कार सवार लोग कार का गेट तक नहीं खोल पाए।



कार को फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद निवासी अंशुल यादव पुत्र मनोज यादव ड्राइव कर रहा था। बाकी 4 दिल्ली के गोविंदपुरी के बताए जा रहे है।

हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं महावन पुलिस, फायर ब्रिगेड टीम और एक्सप्रेस वे की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। फायर फाइटर्स आग बुझाने की कोशिश में जुटे। आग इतनी भयंकर थी कि इसकी लपटें और धुआं दूर तक दिखाई दिया। आग तो कुछ घंटे की मशक्कत में बुझा ली गई, लेकिन तब तक दोनों गाड़ियां जल चुकी थीं। पुलिस ने ऐहतियात के तौर पर आगरा से नोएडा की तरफ जाने वाला ट्रैफिक रोक दिया। सभी बस सवार यात्रियो को सुरक्षित अन्य वाहनों से गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि महावन थाना इलाके के यमुना एक्सप्रेस-वे पर आज सुबह एक बस और स्विफ्ट कार में टक्कर हुई। अभी तक की जांच में यह पाया है कि आगे चल रही बस का टायर फटने से उसका संतुलन बिगड़ गया और बस रोड पर तिरछी हो गई। इस दौरान पीछे चल रही स्विफ्ट कार जाकर बस से टकरा गई। बस में सवार सभी यात्री उतर गए थे। आग की लपटें तेज थी इस वजह से कार में बैठे लोग फंसकर झुलस गए। एक मृतक की शिनाख्त हो गई है।

## उपराष्ट्रपति 13 को देंगे असम के सर्वोच्च राज्य नागरिक पुरस्कार

**गुवाहाटी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 13 फरवरी को असम की राजधानी गुवाहाटी का दौरा करेंगे। अपने एक दिवसीय दौरे में धनखड़ असम के सर्वोच्च राज्य नागरिक पुरस्कारों यानी असम वैभव, असम सौरव और असम गौरव पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होंगे। राज्य सरकार ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे उत्तराखंड मुख्यमंत्री धामी ने किया स्वागत

**देहरादून।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को उत्तराखंड एक दिवसीय दौरे पर देहरादून पहुंचे। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षा मंत्री सिंह का देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्वागत किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रेमनगर स्थित द टोंस ब्रिज स्कूल में देश के प्रथम सीडीएस जनरल स्व. बिपिन रावत की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था है।

## राष्ट्रपति मुर्मू 14 को लखपति दीदी सम्मेलन में शामिल होने बेणेश्वर धाम आएंगी

**डूंगरपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 फरवरी को बेणेश्वर धाम आएंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर कार्यक्रम जारी हो गया है। वे यहां स्थित मंदिरों में दर्शन करेंगी। इसके बाद वे धाम पर आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन घंटा 35 मिनट तक धाम पर रहेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 फरवरी को दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर विशेष हेलिकॉप्टर से बेणेश्वर धाम आएंगी। हेलीपेड पर असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, ग्रामीण विकास मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, हेमंत मीणा, ओटाराम देवासी, सांसद कनकमल कटारा सहित अधिकारी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हरी मंदिर में दर्शन करेंगी। महंत अच्युतानंद महाराज बेणेश्वर धाम के महत्व और आस्था के बारे में उन्हें जानकारी देंगे। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बेणेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले लखपति दीदी सम्मेलन में हिस्सा लेंगी। करीब तीन घंटे 35 मिनट तक बेणेश्वर धाम पर रुकने के बाद वे विशेष हेलिकॉप्टर से उदयपुर के लिए रवाना हो जाएंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर बेणेश्वर धाम पर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। धाम पर बड़ा पंडाल तैयार किया जा रहा है। वहीं सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

## अब कक्षा 9 से 12 के लिए भी आयोजित होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) ने माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से कक्षा 12 तक) पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। अब तक शिक्षकों के लिए टीईटी की परीक्षा सिर्फ 9वीं तक हुआ करती थी। सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित एनसीटीई द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के आलोक में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन में इसकी अनुशंसा की गई। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए एनसीटीई की सदस्य सचिव केसांग वाई शेरपा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में विभिन्न स्तरों पर टीईटी को लागू करने की अनुशंसा की गई है। एनसीटीई माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से कक्षा 12 तक) पर टीईटी को प्रस्तावित एवं कार्यान्वित करने की दिशा में काम कर रहा है। सीबीएसई की अध्यक्ष निधि छिब्बर ने अपने संबोधन में कहा कि एक शिक्षक की क्षमता ही कक्षा में एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करती है, इसलिए शिक्षक पात्रता परीक्षा, एक शिक्षक की क्षमता एवं दक्षता को समझने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई पिछले लम्बे समय से टीईटी की परीक्षा आयोजित करता रहा है, जिससे उसके पास एक लंबा अनुभव है।

# समाज को रूढ़ी मुक्त करने में दयानंद सरस्वती की भूमिका अहम

## महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वां जन्मोत्सव में बोलीं राष्ट्रपति

**एजेंसी। मोरबी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने 19वीं सदी के भारतीय समाज में व्याप्त अंधविश्वासों और कुरीतियों को दूर करने का बीड़ा उठाया। उनके फैलाए गए ज्ञान के प्रकाश से अज्ञान का अंधेरा दूर हुआ और समाज को रूढ़ियों से छुटकारा मिला है। हमारी भारत-भूमि धन्य रही है, जिसने महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी अद्भुत विभूतियों को जन्म दिया है। महर्षि ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया और सत्य को सिद्ध करने के लिए सत्यार्थ प्रकाश नामक अमर ग्रंथ की रचना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को मोरबी जिले के टंकारा में आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वें जन्मोत्सव-ज्ञान ज्योति पर्व स्मरणोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। तीन




दिवसीय समारोह का आयोजन दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, श्री महर्षि दयानंद सरस्वती स्मारक ट्रस्ट, टंकारा समेत समस्त आर्य संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। सत्यार्थ प्रकाश में दयानंद सरस्वती ने नमक कानून का विरोध किया था। उस ग्रंथ के प्रकाशन के 5 दशकों के बाद महात्मा गांधी ने नमक कानून का उल्लंघन किया। मुर्मू ने कहा कि देश की सोई आत्मा को जगाने, समाज को नैतिकता और समानता के आदर्शों से जोड़ने और देशवासियों को आत्म-गौरव का संचार करने में सौराष्ट्र की भूमि ने पूरे राष्ट्र को सही दिशा दिखाई है। उन्होंने कहा कि दयानंद सरस्वती नारी-शिक्षा और नारी-स्वाभिमान के प्रबल पक्षधर थे। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के प्राकृतिक खेती को लेकर चलाए जा रहे अभियान की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्य समाज छात्राओं के लिए कन्या स्कूल और उच्च शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना कर महिला सशक्तिकरण में योगदान दे रहा है। राष्ट्रपति ने आशा व्यक्त की कि दयानंद सरस्वती के 200वीं जयंती के आयोजनों के तहत अगामी दो साल तक आर्य समाज ने परिवार और सामाजिक समरसता, प्राकृतिक खेती और व्यसन मुक्ति जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है, जो कि स्वस्थ्य समाज के निर्माण में सहायक साबित होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि अगले साल आर्य समाज अपनी स्थापना का 150वां साल पूरा करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आर्य समाज के साथ जुड़े सभी लोग महर्षि दयानंद सरस्वती के बेहतर विश्व के निर्माण के विजन को साकार करने की दिशा में कार्य करते रहेंगे।

## यूएई के बाद कतर की यात्रा पर जायेंगे पीएम

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूएई की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद बुधवार को कतर जायेंगे। यात्रा का मकसद द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विचार करना है। उल्लेखनीय है कि कतर में भारतीय नौसेना के 8 पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया गया है। वे पिछले कई महीनों से यहां जेल में बंद थे। पहले उन्हें जासूसी के आरोपों पर मृत्यु दंड दिया गया। बाद में मृत्युदंड पर रोक लगी और अब उन्हें रिहा कर दिया गया। इनमें से सात सोमवार को भारत आ गए। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे स्वयं कतर में कैद भारतीयों के विषय को देख रहे थे।

# अंडर-19 फाइनल में हार के बाद उदय सहारन का छलका दर्द



**बेनोनी (एजेंसी)।** भारतीय टीम का छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने का सपना और भारतीय क्रिकेट फैंस का दिल चकनाचूर हो गया। फाइनल मुकाबले में मिली इस हार के बाद भारतीय कप्तान उदय सहारन काफी निराश दिखे। उनका मानना है कि उनकी टीम अपनी बनाई रणनीति पर अमल नहीं कर पाई। भारत के कप्तान उदय सहारन ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप फाइनल में उनके बल्लेबाज गलत शॉट खेलने और प्रदर्शन में नाकाम रहने के कारण लड़खड़ा गए, जिसके कारण उन्हें 79 रन से हार का सामना करना पड़ा। रविवार को खिताबी मुकाबले से पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों पूरी प्रतियोगिता में अजेय रहे थे। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए हरजस सिंह, हैरी डिक्सन, कप्तान और ओलिवर पीक ने अच्छी बल्लेबाजी की और टीम को 50 ओवरों में 253/8 रन के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में मौजूदा चैंपियन भारत को शुरूआती झटके लगे। 20वें ओवर तक मात्र 68 रन पर अपने 4 विकेट खो दिए। बाएं हाथ के आदर्श सिंह (47) और निचले क्रम के बल्लेबाजी ऑलराउंडर मुरुगन अभिषेक (42) ने भारतीय पारी को संभाला, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। भारतीय टीम 43.5 ओवर में मात्र 174 रन पर सिमट गई। भारत को फाइनल मैच में 79 रन से हार झेलनी पड़ी। हार के बाद सहारन ने कहा, 'यह बहुत अच्छा टूर्नामेंट रहा। मुझे अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। उन्होंने शानदार खेल दिखाया। उन्होंने शुरू से ही अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया। हालांकि फाइनल मुकाबले में हम थोड़े पीछे रहे गए। 'हमने कुछ खराब शॉट खेले और क्रीज पर अधिक समय बिताने में नाकाम रहे। हमने अच्छी तैयारी की थी लेकिन हम अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पाए।'

सहारन प्रतियोगिता के अग्रणी रन स्कोरर रहे। उन्होंने सात मैचों में 56.71 की औसत से 397 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल थे। उन्होंने कहा कि वह अपने क्रिकेट करियर में आगे बढ़ने के लिए इस प्रतियोगिता से सीख लेना चाहते हैं। सहारन ने कहा, 'शुरूआत से लेकर अब तक बहुत कुछ सीखने को मिला है। मैंने स्टाफ से बहुत कुछ सीखा है। मैं बस इस टूर्नामेंट से सारी सीख लेना चाहता हूं और आगे बढ़ना चाहता हूं।'

## टॉमी पॉल ने जीता दूसरा एटीपी खिताब

**डलास (अमेरिका) (एजेंसी)।** टॉमी पॉल ने ऑल-अमेरिकन फाइनल में अपने ही देश के मार्कोस गिरोन को 7-6 (7-3), 5-7, 6-3 से हराकर डलास ओपन ट्रॉफी जीती, जो उनका दूसरा एटीपी टूर खिताब है। यह स्टॉकहोम में 2021 के बाद उनकी पहली बड़ी जीत भी है। दक्षिणी मेथोडिस्ट विश्वविद्यालय के परिसर में एक रोमांचक मैच में टॉमी पॉल ने निर्णायक सेट में अपनी बढ़त कायम रखी। शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो और चौथी वरीयता प्राप्त एड्रियन मन्नारिनो के खिलाफ लगातार शीर्ष 20 में जीत हासिल करने के बाद गिरोन ने दमदार अंदाज के साथ फाइनल में प्रवेश किया। जब उन्होंने दूसरा सेट जीत लिया, तो ऐसा लगा कि वह इस गति का उपयोग करके अपना पहला एटीपी टूर खिताब सुरक्षित कर सकते हैं। लेकिन, दबाव में पॉल थोड़े बेहतर दिखे। इंफोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, दूसरे वरीय ने अपने सामने आए छह ब्रेक प्वाइंट में से चार बचाए और अपने दो अवसरों को भुनाया। मैच के बाद पॉल ने कहा, 'यह अविश्वसनीय मैच था। मेरे करियर का अब तक खेला सबसे अच्छा फाइनल।" रविवार की खिताबी जीत के बाद पॉल एटीपी रैंकिंग में 14वें नंबर पर पहुंच गए, जिससे वह अमेरिकी खिलाडियों में टेलर फ्रिट्ज के बाद नंबर 2 पर पहुंच जाएंगे।

## इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग में यूपी बटालियन का नेतृत्व करेंगे सुरेश रैना

**देहरादून (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना खेल के प्रति अपने प्यार को फिर से जगाने के लिए तैयार हैं। वह इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले संस्करण में यूपी बटालियन का नेतृत्व करेंगे। सुरेश रैना वीवीआईपी उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करने की तैयारी कर रहे हैं। यह उनकी जड़ों की ओर लौटने की यात्रा का प्रतीक है, जिसमें वे अपने प्रारंभिक वर्षों का आनंद लेंगे। इस क्षेत्र से उनकी काफी यादें जुड़ी हैं, क्योंकि यहीं उन्होंने पहली बार अपने गृह राज्य के लिए बल्ला उठाया था। भारत के महानतम टी20 खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले रैना उत्तर प्रदेश के लिए अपनी बल्लेबाजी क्षमता और कप्तानी दिखाने के लिए आईवीपीएल का हिस्सा बनकर खुश हैं। रैना ने कहा, 'मैं इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। मैं टीम वीवीआईपी उत्तर प्रदेश के लिए खेलूंगा। यह एक बार फिर दिग्गज क्रिकेटरों के साथ खेलने का मौका है।' टीम में रैना के साथ पूर्व आईपीएल चैंपियन रजत भाटिया और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर डैन क्रिश्चियन भी शामिल हैं। अपने सामूहिक अनुभव और कौशल के साथ, टीम आईवीपीएल में एक शानदार छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जो 23 फरवरी से 3 मार्च, 2024 तक देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय वेटरन क्रिकेट बोर्ड (बीवीसीआई) द्वारा आयोजित और 100 स्पोर्ट्स द्वारा प्रबंधित आईवीपीएल वीरेंद्र सहवाग, मुनाफ पटेल, सुरेश रैना, रजत भाटिया, क्रिस गेल, प्रवीण कुमार, यूसुफ पठान, हर्शल गिब्स जैसे दिग्गजों को एक साथ ला रहा है। बीवीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष और आईवीपीएल के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी ने कहा, 'दिग्गज क्रिकेटर भारत में वेटरन क्रिकेट के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करेंगे।

## रोहित एंड कंपनी को कड़ी टक्कर देगी इंग्लैंड : इयान चैपल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के लिए भारत का समर्थन किया है, लेकिन उनका मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली मेहमान टीम बाकी तीन टेस्ट मैचों में रोहित शर्मा एंड कंपनी को कड़ी टक्कर देगी। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रन से जीता, जबकि भारत ने विशाखापत्तनम में 106 रन की जीत के साथ वापसी की। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर है, और तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। इसके बाद भारत और इंग्लैंड दोनों 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए रांची जाएंगे, जिसके बाद 7 मार्च को धर्मशाला में श्रृंखला का अंतिम मैच होगा। चैपल ने कहा, 'घरेलू टीम के रूप में भारत को ये श्रृंखला जीतनी चाहिए, लेकिन इसके लिए उन्हें एक मजबूत टीम का डट कर सामना करना पड़ेगा।' चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'स्टोक्स के आक्रामक नेतृत्व में इंग्लैंड खराब कप्तानी वाली जो रूट टीम से बहुत पीछे है, जिसने देश के अपने पिछले दौरे पर स्पिन के खिलाफ घुटने टेक दिए थे। "भारत बनाम इंग्लैंड का यह मुकाबला वैसा ही आकार ले रहा है जैसा होना चाहिए। यह दो प्रतिभाशाली टीमों के बीच पांच मैचों का एक रोमांचक मुकाबला है।" उन्होंने कहा कि रवींद्र जडेजा और केएल राहुल की वापसी से भारत को बल मिलेगा, चैपल को यह भी लगता है कि विराट कोहली का व्यक्तिगत कारणों से पूरी श्रृंखला से हटना टीम के लिए एक बड़ा झटका है।

कप्तानी के लिए बेन स्टोक्स का आक्रामक रवैया भले ही दूसरे टेस्ट में टीम को जीत नहीं दिला सका, लेकिन पांच मैचों की श्रृंखला भारत के खिलाफ अभी भी 1-1 से बराबरी पर है। राजकोट में श्रृंखला का तीसरा मैच शुरू होने पर स्टोक्स अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और चैपल को लगता है कि यह ऑलराउंडर इंग्लैंड के लिए बहुत ही दमदार और स्मार्ट कप्तान साबित हुआ है।

## डब्ल्यूपीएल 2024 से पहले दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगी लैनिंग : अभिनव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अभिनव मुकुंद ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बेंगलुरु में 23 फरवरी से शुरू होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल 2024) से पहले मेग लैनिंग सही मानसिक स्थिति और नए उत्साह के साथ दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगी। पांच बार के विश्व कप विजेता कप्तान और ऑस्ट्रेलिया के लिए राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मेग लैनिंग पिछले साल डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र में अग्रणी रन-स्कोरर थी, जिन्होंने 139.11 की स्ट्राइक रेट से 9 पारियों में 345 रन बनाए थे। उन्होंने डब्ल्यूपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करते हुए टीम को फाइनल तक पहुंचाया। उसके बाद मेग ने 31 साल की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जिससे सभी हैरान रह गए। हालांकि, मेग ने ब्रेक लेने के बावजूद डब्ल्यूबीबीएल में मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलना जारी रखा। मेग हाल ही में एक दिवसीय प्रतियोगिता में विक्टोरिया के लिए उतरीं। पिछले साल की डब्ल्यूपीएल नीलामी में दिल्ली ने ऑस्ट्रेलिया की युवा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर एन्नाबेल सदरलैंड के साथ-साथ घरेलू खिलाड़ियों अश्विनी कुमारी और अपर्णा मंडल की सेवाएं लेने पर 2 करोड़ रुपये खर्च किए थे। अभिनव मुकुंद ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स एक मजबूत टीम है। उसे शैफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स के रूप में दो सबसे होनहार युवा भारतीय खिलाड़ी मिली हैं और मेग लैनिंग के रूप में यकीनन सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर भी हैं। फिर, उनके पास मैरिजेन कप्प और ऐलिस कैप्सी हैं। उनके सभी गेंदबाज फॉर्म में हैं। यह टूर्नामेंट में एक मजबूत टीम है। भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज सबा करीम का मानना है कि दिल्ली इस साल एक कदम आगे बढ़ने के लिए मजबूत दिख रही है। डीसी इस बार एक मजबूत टीम है। दिल्ली 23 फरवरी को गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। मेग एंड कंपनी मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम से पिछली बार सात विकेट से हार गई थी।

## गुरबाज की बल्लेबाजी में दिखती है धोनी की झलक : गावस्कर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की प्लेइंग इलेवन में रहमानुल्लाह गुरबाज को शामिल करने की वकालत करते हुए कहा कि अफगान विकेटकीपर-बैट्समैन की बल्लेबाजी शैली 'एमएस धोनी की थोड़ी सी नकल' है। अपने आक्रामक रवैये के लिए मशहूर रहमानुल्लाह गुरबाज ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सुनील गावस्कर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। मिचेल स्टार्क, आंद्रे रसेल और सुनील नरेन के चार विदेशी स्लॉट में से तीन को सुरक्षित करने की उम्मीद के साथ गुरबाज को अंतिम स्थान के लिए जेसन रॉय से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। गावस्कर के इस समर्थन ने गुरबाज के लिए आगे का रास्ता काफी हद तक आसान कर दिया है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'मैंने जो कुछ भी देखा है उसके आधार पर मुझे गुरबाज की बल्लेबाजी काफी पसंद आई है। वह बेहद आक्रामक हैं और उनकी बल्लेबाजी एमएस धोनी की थोड़ी नकल जैसी है और शायद यही कारण है कि मुझे वह पसंद हैं।' आईपीएल 2023 के दौरान 11 पारियों में गुरबाज ने 20.64 की औसत से 227 रन बनाए। वह केवल दो अर्द्धशतक लगाने में सफल रहे, जिनमें से सबसे अच्छा ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आया, जब उन्होंने 39 गेंदों पर 81 रन की तूफानी पारी खेली। टीम के भारतीय बल्लेबाजी दल पर ध्यान केंद्रित करते हुए गावस्कर ने श्रेयस अय्यर, नितीश राणा और वेंकटेश अय्यर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही रिंकू सिंह भी उनकी नजर में एक शानदार खिलाड़ी हैं। चोट के कारण पिछले सीजन में श्रेयस अय्यर की कमी के बावजूद रिंकू, नितीश और वेंकटेश ने केकेआर के शीर्ष रन-स्कोरर के रूप में अपनी योग्यता साबित की थी। केकेआर 14 मैचों में छह जीत के साथ आईपीएल 2023 अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही।

## बेंगलुरु ओपन 2024 के उद्घाटन पर डेविस कप सितारों को किया गाया सम्मानित

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय डेविस कप टीम ने हाल ही में पाकिस्तान को उसी के मैदान पर हराया। उसे सोमवार को बेंगलुरु के कर्नाटक लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) स्टेडियम में बेंगलुरु ओपन 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा का उद्घाटन आईएएस मंजूनाथ प्रसाद, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी, युवा अधिकारिता और खेल विभाग, और मुख्य अतिथि आर. अशोक सहित कई अन्य दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा, 'यह कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन के लिए गर्व का क्षण है कि डेविस कप सितारे बेंगलुरु ओपन 2024 में भाग ले रहे हैं। पाकिस्तान में उनकी उपलब्धि ऐतिहासिक और प्रेरणादायक थी। हम इस ऐतिहासिक मैच में उनकी उल्लेखनीय जीत के लिए पूरी टीम को हार्दिक बधाई देते हैं और हम भविष्य में कई और सफलताओं का जश्न मनाने के लिए तत्पर हैं।' भारतीय टीम ने इस महीने की शुरूआत में डेविस कप विश्व ग्रुप (आई) में अपनी जगह पक्की करने के लिए पाकिस्तान को 4-0 से हराया। विजेता टीम के सदस्य रामकुमार रामनाथन, श्रीराम बालाजी, साकेत माइनेनी और निक्की के. पूनाचा सम्मान समारोह में उपस्थित थे, क्योंकि वे चल रहे टूर्नामेंट में भी भाग लेंगे। केएसएलटीए द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित एटीपी चैलेंजर टूर 100 कार्यक्रम 12-18 फरवरी तक खेला जाएगा। जिसमें स्टार भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल, जिन्होंने एटीपी टॉप-100 रैंकिंग में जगह बनाई, कनाडा के पूर्व विश्व नंबर 25 वासेक पोस्पिसिल और जैसे खिलाड़ी शामिल होंगे।

## 75 के हुए गुंडप्पा विश्वनाथ, जानें 'ट्रीट टू वॉच' कहे जाने वाले इस बल्लेबाज की कहानी



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत के महान बल्लेबाज गुंडप्पा विश्वनाथ अपनी खूबसूरत कलाई की कला के लिए जाने जाते हैं। वो 12 जुलाई 2024, सोमवार को 75 साल के हो गए। उनका करीब 14 साल का अंतर्राष्ट्रीय करियर रहा और उन्हें भारत के महानतम बल्लेबाजों में शुमार किया जाता है। यह एक ऐसे बल्लेबाज थे जिन्हें खेलता देख क्रिकेट फैंस खूब लुत्फ उठाते थे। 12 फरवरी, 1942 को कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के एक औद्योगिक शहर भद्रावती में जन्मे विश्वनाथ देश के लिए खेलने वाले बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक रहे। नई पीढ़ी के लोगों ने उन्हें लाइव खेलते तो नहीं देखा लेकिन उनके किस्से खूब सुने। वो एक ऐसे खिलाड़ी थे जिसे हर कोई देखना पसंद करता था। 1967-68 में विजयवाड़ा में आंध्र के खिलाफ मैसूर (कर्नाटक टीम का तत्कालीन नाम) के लिए अपने प्रथम श्रेणी डेब्यू में दोहरा शतक बनाकर वह राष्ट्रीय स्तर पर पहचान में आए। 1969 में कानपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में शून्य पर आउट होने के बाद विश्वनाथ ने अपने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 137 रन बनाए। उन्होंने 91 टेस्ट मैचों में 41.93 की औसत से 6,080 रन बनाए। जिसमें 14 शतक और 35 अर्द्धशतक शामिल थे। वो भारतीय टीम के पहले संकटमोचक कहे जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि गुंडप्पा विश्वनाथ ने टेस्ट करियर में जो 14 शतक लगाए उसमें से किसी भी मैच में भारतीय टीम को हार का सामना नहीं करना पड़ा। इन मैचों में या तो भारतीय टीम जीत गई या मैच ड्रॉ रहा। टेस्ट क्रिकेट में उनकी कुछ यादगार पारियों में 1974/75 में चेन्नई में एंडी रॉबर्ट्स की मौजूदगी वाली वेस्टइंडीज की गेंदबाजी लाइन-अप के खिलाफ 97 रन की मैच जिताऊ पारी थी। साथ ही 1978/79 में उसी स्थान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ 124 रन की पारी शामिल है। फिर, 1975/76 में क्राइस्टचर्च की हरी पिच पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 83 और 79 रन की यादगार पारी भी उनके नाम दर्ज है। दो टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी करने वाले विश्वनाथ ने 25 वनडे मैच भी खेले, जिसमें दो अर्धशतक सहित 439 रन बनाए। विश्वनाथ, 1975 और 1979 के पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम के सदस्य थे। कलाई वाली बल्लेबाजी शैली के साथ विश्वनाथ स्क्वेयर कट खेलने के लिए बेहद लोकप्रिय रहे। संन्यास के बाद विश्वनाथ ने 1999 से 2004 तक आईसीसी मैच रेफरी के रूप में कार्य किया। उन्होंने कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम किया, साथ ही 1992 से 1996 तक राष्ट्रीय चयनकताओं के अध्यक्ष रहे। विश्वनाथ के ब्रदर-इन-लॉ भारत के एक अन्य महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर हैं। उन्होंने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में बल्लेबाजी कोच के रूप में भी काम किया। विश्वनाथ को 2008 में सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

# खबरें व्यापार जगत की

## 2010 के बाद से चीन के शून्य रिटर्न की तुलना में भारतीय शेयर बाजार 4 गुना बढ़ा



**मुंबई (एजेंसी)।** चीन के बाजार का प्रदर्शन पिछले कई वर्षों से खराब रहा है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। 2010 की शुरूआत में, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 3,000 के आसपास था। अब यह उस स्तर से नीचे लगभग 2,865 पर है। पिछले 14 वर्षों के दौरान कोई रिटर्न नहीं आया। उन्होंने कहा, इसके ठीक उलट, निफ्टी 2010 की शुरूआत में 5,000 के आसपास था और अब 21,500 से ऊपर है, जो 14 वर्षों के दौरान चार गुना से अधिक हो गया है। प्रदर्शन में यह विरोधाभास मूल्यांकन में भी दिखता है। विजयकुमार ने कहा कि जहां निफ्टी वित्त वर्ष 2024 की अनुमानित आय के 21 गुना से ऊपर कारोबार कर रहा है, वहीं शंघाई कंपोजिट केवल 11.5 गुना पर कारोबार कर रहा है।

चीनी अर्थव्यवस्था कठिन दौर से गुजर रही है। विकास दर में भारी गिरावट, बढ़ती बेरोजगारी और रियल एस्टेट बाजार गंभीर संकट में है। भारत निश्चित रूप से अधिक पूंजी प्रवाह को आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा, चिंता की बात भारत में हाई वैलुएशन है। जनवरी में सभी उभरते बाजार सूचकांकों का प्रदर्शन रहा, जिसमें चीन 10.6 प्रतिशत के साथ सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला देश रहा। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी की एक रिपोर्ट के अनुसार, जहां तक विकसित बाजारों का सवाल है, जापान 4.6 प्रतिशत के साथ सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला देश बनकर उभरा है।

जनवरी 2024 में निफ्टी में 0.03 फीसदी की गिरावट आई। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, पिछले साल से सूचकांक में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

## चीनी कंपनियों को भारत में प्लांट लगाने से लग रहा डर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन की स्मार्टफोन निर्माता कंपनी श्याओमी का कहना है कि सप्लायर्स को भारत में परिचालन शुरू करने में दिक्कतें आ रही हैं। कंपनी का कहना है कि चीन की कंपनियों को भारत में प्लांट लगाने से डर लग रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, श्याओमी ने इस संबंध में भारत सरकार को एक पत्र भेजा है। पत्र में कंपनी ने कहा है कि भारत में सरकार के द्वारा चीन की कंपनियों की हो रही जांच के कारण स्मार्टफोन के कंपोनेंट सप्लायर को यहां परिचालन शुरू करने में हिचक हो रही है।

**भारत सरकार ने मांगे थे सुझाव :** श्याओमी ने 6 फरवरी को भेजे गए पत्र में भारत से विनिर्माण पर प्रोत्साहन देने और स्मार्टफोन के कुछ चुनिंदा कल-पुर्जों पर इम्पोर्ट टैरिफ कम करने की मांग की है। कंपनी का कहना है कि भारत सरकार को इन प्रोत्साहनों पर विचार करना चाहिए। कंपनी भारत सरकार के द्वारा मंगाए गए सुझावों पर प्रतिक्रिया दे रही थी। भारत सरकार ने कंपनी से पूछा था कि देश में कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए।

**भारतीय बाजार में सबसे ज्यादा हिस्सा :** श्याओमी बाजार हिस्सेदारी के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी स्मार्टफोन कंपनी है। भारत के स्मार्टफोन बाजार में श्याओमी की 18 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी भारत में ही अपने फोन असेंबल करती है। श्याओमी अपने स्मार्टफोन में भारत में बने कंपोनेंट्स का भी इस्तेमाल करती है और चीन से भी कल-पुर्जों का आयात करती है।

**श्याओमी के ऊपर हुई ये कार्रवाई :** साल 2020 में भारत और चीन के बीच हिंसक सीमा विवाद के बाद चीन की कई कंपनियों के ऊपर भारत में सख्ती हुई है। भारत ने किस्तों में सैंकड़ों चाइनीज ऐप को भारत में प्रतिबंधित किया है। श्याओमी के ऊपर ही की गई कार्रवाई में उसकी 600 मिलियन डॉलर से ज्यादा की एसेट फ्रीज कर दी गई। एक अन्य स्मार्टफोन कंपनी वीवो के ऊपर भी पैसों के हेर-फेर का आरोप लगा है।

## स्पाइसजेट में हजारों कर्मचारियों पर लटकी छंटनी की तलवार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्तीय संकट से जूझ रही बजट एयरलाइन स्पाइसजेट लागत में कटौती और निवेशकों की रुचि बनाए रखने के लिए 1,400 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। यह संख्या कुल वर्कफोर्स का 15% है। एयरलाइन में वर्तमान में 9,000 कर्मचारी हैं और यह लगभग 30 विमानों का संचालन करता है। इनमें से आठ विदेशी वाहकों से वेट-लीज पर लिए गए हैं, साथ ही चालक दल और पायलट भी इसके साथ हैं। स्पाइसजेट ने नौकरी में कटौती की पुष्टि की है। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा, 'यह फैसला परिचालन आवश्यकताओं को देखते हुए कंपनी की लागत कम करने के लिए लिया गया है।'

**कई महीने से हो रही सैलरी मिलने में देरी :** मामले की जानकारी रखने वाले एक शख्स ने कहा कि 60 करोड़ रुपए के सैलरी बिल को देखते हुए कर्मचारियों की संख्या में कटौती का जरूरी हो गया था। एक अन्य शख्स ने छंटनी का जिक्र करते हुए बताया, ₹लोगों को पहले से ही कॉल आना शुरू हो गया है। स्पाइसजेट कई महीनों से वेतन भुगतान में देरी कर रही है। कई लोगों को अभी तक जनवरी का वेतन नहीं मिला है।

**2,200 करोड़ के फंड हासिल करने की प्रक्रिया में कंपनी :** स्पाइसजेट ने कहा है कि वह 2,200 करोड़ रुपए का फंड हासिल करने की प्रक्रिया में है लेकिन जानकारों का मानना है कि कुछ निवेशकों ने इसमे दिलचस्पी नहीं दिखाई है। हालांकि, एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, ₹फंडिंग में कोई देरी नहीं हो रही है और हम अपने फंड इकट्ठा करने के मामले में अच्छी तरह से प्रगति कर रहे हैं और पहले ही अपनी सार्वजनिक घोषणाएं कर चुके हैं। ₹हम अगली किस्त के लिए अतिरिक्त घोषणाएं करेंगे। अधिकांश निवेशकों ने इसमें दिलचस्पी दिखाई है। 2019 में जब स्पाइसजेट अपने चरम पर था, एयरलाइन के पास 118 विमानों का बेड़ा था और 16,000 कर्मचारी थे। बाजार हिस्सेदारी के मामले में इसका निकटतम प्रतिद्वंद्वी अकासा एयर है, जिसमें 23 विमानों का बेड़ा और 3,500 कर्मचारी हैं। घरेलू बाजार में उनकी लगभग 4% हिस्सेदारी है।

## इस शादी सीजन देश में 42 लाख शादियों से होगा 5.5 लाख करोड़ का कारोबार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शादियों के इस सीजन (15 जनवरी से 15 जुलाई) के दौरान 42 लाख शादियां होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिससे विवाह संबंधित खरीदारी और सेवाओं के माध्यम से करीब 5.5 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है। यह आकलन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने राज्यों के विभिन्न 30 शहरों के व्यापारी और सेवा प्रदाताओं से बातचीत के आधार पर किया है।

**दिल्ली में 4 लाख विवाह होने का अनुमान :** कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि पिछले साल 14 दिसंबर को समाप्त हुए विवाह सीजन में लगभग 35 लाख विवाह हुए थे, जिनके खर्च का अनुमान 4.25 लाख करोड़ रुपए था। इस साल 15 जनवरी से 15 जुलाई तक शादियों के सीजन में 42 लाख शादियां हो सकती हैं। जिनसे 5.5 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है। दिल्ली में इस शादियों के मौसम में 4 लाख से अधिक विवाह होने की संभावना है। जिससे करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए का कारोबार कारोबारियों को मिल सकता है।

# 25 से 5 मार्च तक तक चलेगा लाभार्थी संपर्क अभियान

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला संपन्न

**झारखंड के 30 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के घर घर पहुंचेंगे पार्टी कार्यकर्ता**

**मिस्ड कॉल के माध्यम से लाभार्थी करेंगे समर्थन**

### 2024 में पीएम के लक्ष्य 400पार को पूरा करेगी जनता : बाबूलाल मरांडी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलाए जाने वाले लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय प्रवेश अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कराया जबकि संचालन सह संयोजक सत्यनारायण सिंह किया। मंचस्थ पदाधिकारियों का स्वागत सह संयोजक डॉ लुइस मरांडी, आरती कुजूर,बारी मुर्मू, विनय चौबे एवम केके गुप्ता ने किया। कार्यशाला में सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित सभी लोकसभा क्षेत्र के अभियान संयोजक,सह संयोजक,कलस्टर प्रभारी शामिल हुए।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को पूरा कराने का अभियान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र ने 10वर्षों तक देश की जनता के लिए अपना पल पल समर्पित किया है। एक घंटे की भी छुट्टी नहीं ली। गांव, गरीब, किसान मजदूर, महिला-आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। कहा कि शायद ही कोई घर परिवार होगा जो मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नहीं हुआ होगा। चाहे उज्जवला योजना हो, प्रधानमंत्री आवास हो, आयुष्मान कार्ड हो, 5 किलो अनाज हो, मुद्रा योजना हो, शौचालय निर्माण हो, कोरोना का टीकाकरण हो, पेंशन योजना हो सभी ने बढ़ते भारत-बदलते भारत को महसूस किया है। उन्होंने कहा कि आज जनता के बीच में विपक्षी पार्टियां भ्रम फैलाने में जुटी हैं। मोदी सरकार के कार्यों को अपना कार्य बताकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही। उन्होंने कहा कि हम लाभार्थियों के बीच जाएं,उनका समर्थन भी प्राप्त करें और उनके भ्रम को भी दूर करें। उन्होंने कहा कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान अबकी बार 400पार को पूरा करने केलिए संकल्पित है।

### देश में चल रही मोदी है तो मुमकिन है की लहर : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में मोदी है तो मुमकिन है की लहर चल रही है। यह लहर सर्व स्पर्शी सर्व व्यापी सर्व समावेशी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी ,दलित,पिछड़े,सामान्य , महिला,युवा,किसान , मजदूर सभी वर्गों ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को नजदीक से महसूस किया है। कहा कि मोदी सरकार अपने संकल्पों के अनुरूप सबके विकास की चिंता की है। मोदी सरकार ने बिना भेदभाव के जरूरतमंदो तक योजनाओं को पहुंचाया है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवम अभियान के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने कहा कि देश भर में 7 करोड़ लाभार्थियों को भाजपा से जोड़ने का यह अभियान है। जिसमे झारखंड के 30 लाख से ज्यादा लाभार्थी हैं। कहा कि 25 फरवरी से 5मार्च तक कार्यकर्ता सभी लाभार्थी के घर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि 20 से 24फरवरी के बीच सभी लोकसभा क्षेत्र में कार्यशाला आयोजित कर अभियान को सफल बनाने की योजना लोकसभा स्तर पर बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोकसभा क्षेत्र एवम मंडल स्तर पर अभियान के संयोजक एवम सह संयोजक बनाए जायेंगे।

### जनता और कार्यकर्ता के बीच सेतु बनेगा अभियान : कर्मवीर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह लाभार्थी संपर्क अभियान जनता और कार्यकर्ता के बीच सेतु बनाने का अभियान है। कहा कि हमें अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक जुनून और जिद्द से पूरा करें। कोई घर नहीं छूटे। कार्यकर्ता को जिनसे संपर्क की जिम्मेवारी है उसे पूर्ण करें। कि अभियान में हम संपर्क भी बढ़ाएं,और समर्थन भी बढ़ाएं।

# ऐसी अर्थव्यवस्था जरूरी, जिसमें कार्बन उत्सर्जन खत्म हो : रमापति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में 30 देशों के एक्सपर्ट 14-15 फरवरी को जुटेंगे। इस दौरान वे कार्बन उत्सर्जन के चैलेंज को कम करने के साथ नये इकोनॉमिक मॉडल पर सुझाव साझा करेंगे। इस संबंध में होटल रेडिसन ब्लू में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीड्स के रमापति कुमार ने बताया कि अब एक ऐसी अर्थव्यवस्था की ओर अब बढ़ना जरूरी हो गया है, जिसमें कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम या खत्म किया जा सके। इसके लिए ही रांची में टास्क फोर्स के जरिये विशेष कार्यशाला का आयोजन होना है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में 30 देशों के 300 डेलीगेट्स शामिल होंगे। इसके अलावा यूपी, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों के अलावा झारखंड सरकार के अलग-अलग महत्वपूर्ण विभागों के सीनियर अधिकारी और अन्य भी इसमें शामिल होंगे। अलग-अलग सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। देश दुनिया के अलावा बाकी राज्यों में कार्बन उत्सर्जन और नये तरह के इकोनॉमी को लेकर किस तरह के काम हो रहे हैं, उनके खट्टे- मीठे अनुभव क्या रहे, इसे जानने के अलावा इस आधार पर राज्य के लिए रोडमैप तैयार करने में मदद मिलेगी।

मौके पर पूर्व वन अधिकारी और टास्क फोर्स के चेयरपर्सन एके रस्तोगी ने बताया कि इस कार्यशाला की ओर देश दुनिया के अलावा सभी राज्यों की भी नजर है। देशभर में पहली बार इस विषय को लेकर इतने बड़े स्तर पर इंटरनेशनल कान्फ्रेन्स होने जा रहा है। जापान, साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया सहित दुनियाभर के 30 देशों के 300 डेलीगेट्स के अनुभव बेहद कारगर साबित होंगे।


**Government of Jharkhand**
**District Health Society, Palamu**
**Department of Health, Medical Education & Family Welfare**
**Mail ID: civilsurgeonpalamu@gmail.com**

Tender Notice No. 01/2024 **Short Tender notification** Date: 12-02-2024

Civil Surgeon cum CEO, Palamu invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for **Rate Contract for different kinds of printed materials required in District Health Society, palamu**

**TENDER NOTICE No. 01/2024** **Dated: 12-02-2024**

**TENDER FOR THE SUPPLY OF: -Rate contract for different kind of printed material required in DHS palamu**

**DETAILED TENDER NOTICE**

1.**Tender reference** :
2.**Cost of tender fee** : 5,000/- (Five Thousand only) in form of demand draft in favour District health society , palamu
3EMD : DD Amt 50,000.00
4. **Place of opening of tenders** : Office of District Health Society, palamu
5. Date of tender published : 12-02-2024
6.last Date of tender submission : 28-02-2024 By 5pm

Note:1. The purchase committee reserves the rights to reject or make the necessary Changes. The same shall be informed to the tendered as and when required.
2.Detail of the tender document may download from palamu district official website of www.palamu.nic.in
3.Detail information may get in the office of District Health society palamu at every working day in official times

PR 318653 (District)23-24*D **Civil Surgeon cum CEO,Palamu**


# 1328 भाजपा कार्यकताओं को लेकर आस्था ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना

**प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने ध्वज दिखाकर किया रवाना**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची लोकसभा क्षेत्र के 1350 रामभक्तों को लेकर आस्था ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना हुई। ये सभी अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सोमवार को भगवा ध्वज दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आप सभी रामभक्त भाग्यशाली है कि चंद घंटों में आप अयोध्या में भव्य एवं दिव्य मंदिर में रामलला का दर्शन करेंगे। राम मंदिर सिर्फ प्रभु राम का मंदिर नहीं, भारत का मंदिर है, राष्ट्र का मंदिर है। उन्होंने कहा कि 1992 में जब मैं गया था तब वहां प्रभु श्रीराम टेंट में हुआ करते थे। आज वहां भव्य एवं दिव्य मंदिर बनकर तैयार है और भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को दुनिया के पटल में प्रकाशमय कर रहा है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने आप सभी को अपने पास बुलाया है। हमारे पूर्वजों के लंबे संघर्ष के बाद आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर मिला है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रभु श्रीराम 14 वर्षों के यात्रा में अनुशासन के साथ रहे उसी अनुशासन के साथ रामभक्तों को भी अनुशासन का पूर्ण पालन करने को कहा। सभी राम भक्त वहां से पूजा का प्रसाद और स्मृतियों को संजो कर वापस आएंगे और अपने-अपने गांव-मोहल्लों में लोगो के बीच बैठकर प्रसाद वितरण करेंगे। साथ ही उस भव्य मंदिर का चित्रण करेंगे कि पहले रामलला टेंट में थे और अब विशाल मंदिर में विराजमान है।



### सरयू राय ने सीएम को लिखा पत्र, कहा-

# स्वास्थ्य विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ करें कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



निर्दलीय विधायक सरयू राय ने सीएम चंपाई सोरेन को पत्र लिखा है. पत्र में कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करें. स्वास्थ्य विभाग के अवैध क्रिया-कलाप, वस्तुतः आपकी सरकार को बीमार बना रहे हैं. राय ने पत्र में कहा है कि जिस दिन आपकी सरकार विधानसभा में विश्वास मत प्राप्त कर रही थी, उसी दिन 24 डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति करने के आदेश की अधिसूचना स्वास्थ्य विभाग ने निकाला. इस अधिसूचना पर दो फरवरी को निवर्तमान स्वास्थ्य मंत्री के प्रियपात्र एक अवर सचिव का हस्ताक्षर था।

**न कोई सरकार थी और न ही कोई मंत्री :** राय ने कहा है कि 31 जनवरी को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा त्यागपत्र दे दिए जाने के कारण राज्य में न कोई सरकार थी और न कोई मंत्री था. फिर किसके आदेश से यह अधिसूचना निकली। क्या तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री ने बैक डेट में फाइल पर दस्तखत किया और उनके चहेते अधिकारी ने दो फरवरी के डेट में अधिसूचना पर दस्तखत कर 5 फरवरी को अधिसूचना निर्गत कर दिया. आपकी सरकार के शपथ लेने के दिन ही स्वास्थ्य विभाग ने यह जालसाजी की. सवाल है कि क्या आप यह अधिसूचना निरस्त करेंगे और इसके लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।


**उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा।**
**(एन0आर0ई0पी0 शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

NIT NO – 09 वर्ष 2023–24

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथिः– :– कार्यालय अवधि में दिनांक 26.02.2024 अपराह्न 1.00 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 27.02.2024 को 1:00 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 27.02.2024 को 1:30 बजे अपराह्न में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सेन्हा | बदला | राजकीय मध्य विधालय, बदला में VDP कार्यक्रम के तहत दो कमरे का जीर्णोद्वार कार्य | 566500.00 | 12000.00 | 1250.00 | 02 (दो) माह |

2 ग्रामीण कार्य विभाग/भवन निर्माण विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0इ0पी0,लोहरदगा।

PR 318729 (Lohardaga) 23-24 (D)


# यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली प्रोफेसर को बहाल करने का आदेश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) में अपने सहकर्मी प्रोफेसर के खिलाफ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला प्रोफेसर को नौकरी में बहाल करने का आदेश दिया है। आईआईएम के डायरेक्टर एवं डिसिप्लिनरी अथॉरिटी ने अक्टूबर, 2017 में महिला प्रोफेसर को मेजर मिसकंडक्ट के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। झारखंड हाईकोर्ट ने महिला प्रोफेसर की याचिका पर सुनवाई के बाद उन्हें नौकरी में फिर से बहाल करने और नौकरी से बाहर रहने की पूरी अवधि का पचास फीसदी वेजेज 30 दिनों के अंदर भुगतान करने का आदेश आईआईएम प्रबंधन को दिया है। निर्धारित समय पर बीती अवधि का वेजेज नहीं देने पर प्रतिवर्ष छह प्रतिशत ब्याज की दर से राशि का भुगतान करना होगा। आईआईएम रांची की महिला प्रोफेसर ने अपने सहकर्मी प्रोफेसर पर वर्क प्लेस पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाते हुए रांची के गोंदा थाने में 24 जुलाई 2014 को एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के दौरान मामले में साक्ष्य नहीं मिलने का हवाला देते हुए महिला प्रोफेसर को बिना नोटिस दिए निचली अदालत में फाइनल फॉर्म दाखिल कर दिया था। इसके बाद निचली अदालत ने उनके केस को उन्हें बिना नोटिस दिए बंद कर दिया था। आईआईएम रांची के डायरेक्टर और डिसिप्लिनरी अथॉरिटी ने इस मामले में मेजर मिसकंडक्ट के तहत विभागीय कार्यवाही करते हुए महिला प्रोफेसर को नौकरी से बर्खास्त कर दिया था।

# कांग्रेस सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के लिए तैयारः गुलाम अहमद

### लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




नवगठित झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की प्रथम बैठक कांग्रेस मुख्यालय रांची में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड की लोकसभा की सभी 14 सीटों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रत्येक सीट के विभिन्न पहलुओं का सूक्ष्मता पूर्वक विश्लेषण किया गया। इसमें क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, जातिगत आंकड़ों की स्थिति को सामने रखकर ठोस निष्कर्ष पर पहुंचने का प्रयास किया गया। इस क्रम में प्रत्येक लोकसभा सीट के तीन-तीन संभावित उम्मीदवारों के नाम को चयनित कर अंतिम निर्णय के लिए आलाकमान के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान कांग्रेस झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के लिए कमर कसकर तैयार हो चुकी है। कार्यकर्ता पूरे उत्साह में है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता से झारखंड में कार्यकताओं के बीच एक नया जोश पैदा हुआ है, जो लोकसभा चुनाव तक केंद्र की जनविरोधी सरकार के खिलाफ जुनून के रूप में बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का यही जोश केंद्र सरकार को सत्ता से बेदखल करेगी। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार की हर गतिविधि पर गहरी नजर रख रहे हैं और जनता भी खुली आंखों से मोदी सरकार की ओर से देश में किये जा रहे समाज विरोधी कृत्यों को साफ-साफ देख रही है। देश में बदलाव का दौर आने वाला है और इसके लिए हमें पूरी ताकत से चुनाव में लगना होगा। हमारी मेहनत और जनता का साथ देश को बदलाव के नए दौर में ले जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव समिति के सभी सदस्यों ने प्रत्येक सीट पर अपनी राय जाहिर की है। चुनाव समिति के सभी सदस्यों की राय से लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने और गठबंधन तथा उम्मीदवारों के चयन के लिए आला कमान को अधिकृत कर दिया गया है आलाकमान का निर्णय ही अंतिम निर्णय होगा।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
BUILDING DIVISION, GARHWA.
Email Id-eengbcdgarhwa-jhr@nic.in
**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**
Quotation Reference No: BCD/GARHWA -21/2023-24

Sealed Quotations are invited for the work **(1) Proposed Furnishing of Collectorate Building at Garhwa.** for all Materials from Reputed Shop Keepers/Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोटः–
1. वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथिः 15.02.2024 के अपराह्न 3:30 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथिः 22.02.2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समयः 23.02.2024 अपराह्न 3:30 बजे।
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, गढ़वा।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 9955921643
6. कोटेशनदाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

नोटः जो कोटेशनदाता कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण, भवन प्रमण्डल, गढ़वा के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।
अन्य किसी जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 318638 Building(23-24)D


## पृष्ठ एक के शेष

**राज्य के विकास में महिलाओं का...**

को सम्मानजनक रोजगार से जोड़ा जा रहा है। चिन्हित महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए 50 हजार रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। राज्य में अब तक 33000 से ज्यादा महिलाओं ने इस योजना का लाभ उठाया और सम्मानजनक जीवन की शुरूआत की है।

**पीएम आवास योजना से वंचित परिवारों को देंगे अबुआ आवास योजना का लाभ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सोच को हम हर हाल में आगे बढ़ाएंगे। पीएम आवास योजना से वंचित हमारे गरीब जरूरतमंद परिवारों तक हम अबुआ आवास योजना का लाभ पहुंचाएंगे। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तहत अबुआ आवास योजना के लिए 30 लाख से ज्यादा आवेदन मिले हैं। हमारी सरकार 20 लाख पात्र परिवारों को अबुआ आवास देने का कार्य करेगी। जो लोग घास फूस और खपड़े, मिट्टी के कच्चे मकान में रहते हैं उनकी पीड़ा को हमारी सरकार अच्छी तरीके से समझता है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे परिवारों तक हर हाल में तीन कमरों वाला पक्का मकान उपलब्ध कराएंगे ताकि वे सम्मानजनक तरीके से जीवन-यापन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यह मानते हैं कि रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य जीवन के लिए नितांत आवश्यक है। हमारी सरकार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आकांक्षाओं को पूरा करते हुए सभी को रोटी, कपड़ा और मकान का अधिकार उन तक पहुंचाएगी।

**समाज को बेहतर दिशा देने में...**

साथ ही महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 से लेकर अब तक करीब 01 लाख 40 हजार एसएचजी समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज के जरिए 08 हजार 247 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए। वर्ष 2019 से पहले यह राशि महज 642 करोड़ रुपये थी। महिला स्वयं सहायता ग्रुप के माध्यम से राज्य में छोटे-बड़े ग्रामीण उद्यमिता को भी जमकर बढ़ावा देने का कार्य हमारी सरकार निरंतर करती रही है।

**जेट से होगा राज्य में असिस्टेंट...**

लौटाएंगे, उन्हें ही इस योजना का लाभ मिल सकेगा।

**सड़क निर्माण की चार योजनाओं को स्वीकृति :** बैठक में चार विभिन्न निर्माण योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इसके तहत गढ़वा जिले में नगरउंटारी गरबांध- रोहनीया सड़क का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 61,52,41,700 रुपये की स्वीकृति दी गई। इसी तरह जिले के डेंटल मोड़ से नावाडोहरी भाया हुर चारमुहान पथ निर्माण के लिए 97,60,16,200 रुपये दिए गए। एनएच -75 से मंझिआंव पीडब्ल्यूडी पथ भाया विकताम दलेली पथ का 39,33,73,000 रुपये से चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण किया जाएगा।

**छात्राओं की तकनीकी शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति :** छात्राओं की तकनीकी शिक्षा को लेकर अहम निर्णय लिया गया है। राज्य की छात्राएं तकनीकी शिक्षा लेने से वंचित न रहें, इसलिए उन्हें छात्रवृति दी जाएगी। राज्य के छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना लागू करने की स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के अंतर्गत जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में संचालित लॉ फैकल्टी को जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के रूप में अंगीभूत करने की स्वीकृति दी गई।

### एसआर डीएवी पुंदाग में ज्ञान ज्योति महापर्व का आयोजन

**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल,पुंदाग में महर्षि दयानंद सरस्वती का जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक हवन को आहूति दे कर हुई,जिसमें विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भाग लिया। ऋषिवर को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय की संगीत मंडली ने भजन के माध्यम से महर्षि के प्रति भावांजलि अर्पित किया। सप्तम वर्ग के आदित्य राज ने स्वामी जी के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला । कक्षा छह तथा सात के विद्यार्थियों ने लोमहर्षक लघु नृत्यनाटिका प्रस्तूत किये। विद्यालय की सुपरवाइजरी प्रमुख राजश्री मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि महर्षि ने नव भारत सृजन में अग्रणी भूमिका निभाई। श्रेष्ठ भारत की बुनियाद महर्षि ने ही डाली थी। उनके ऋण से हम उऋण नहीं हो सकते । उन्होंने आर्य समाज की स्थापना कर आर्य मूल्यों का प्रतिस्थापना की।


**OFFICE OF THE DISTRICT BOARD CHATRA.**
**(districtboardchatra@gmail.com)**


**Expression of Interest (very short)**
**EOI No.:- EOI-56/2023-24**

The **District Engineer, District Board, Chatra** invites proposals thereinafter referred as bid(s) from eligible bidders for entering Into a rate contracts for the supply and installation of Medical Equipment Appliances/Accessories etc. in chatra lok sabha as per details hereunder.

| SI. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Rate Contracts for SITC of Infant baby warmer machine at various CHC/HSC/PSC/Hospitals in Chatra Lok Sabha |
| 2. | Estimated BOQ Amount | Rs. 6000000.00 (Sixty lakh only) |
| 3. | Completion Period of work | 04 months |
| 4. | Tender fee | Rs. 10000.00 |
| 5. | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 120000.00 |
| 6. | Date of publication of Tender on Website | 17.02.2024 Time: 11:00AM |
| 7. | Start Date/time for Online Submission of bid | 19.02.2024 Time: 11:00AM |
| 8. | Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids | 26.02.2024 Time: 17:00PM |
| 9. | Technical Bid Opening Date and Time | 28.02.2024 Time: 02:00PM |
| 10. | Place of Opening Bid | O/o the District Board Chatra |
| 11. | Name & Address of inviting EOI Officer | Suresh Ram, District Engineer District Board chatra. |
| 12. | Contact No. of Inviting EOI Officer | 87091-84201 |

Note:
1. The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web portal and when required.
2. The detailed tender notice terms and conditions can be obtained from the website **https://jharkhandtenders.gov.in** & copies of technical bid and financial bid can be downloaded there from
3. No hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/Evaluation. However ZP Chatra/Department may ask original documents for verification before award of contract.
4. Tender Fee and EMD will be received through online mode only. Bidders can use Internet Banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS Challan generated for the tender from www.jharkhandtenders.gove.in portal
5. Refund will only be issued to the originated bank account use for the payment of Tender Fee and EMD. So, Bidders are advised NOT to close Bank Account used for online payment/ (NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
6. L-1 Bidder online EMD submitted amount will be refunded in the same bank account through which online tender fee and EMD fee payment has been done after AOC process.
7. Companies registered under Jharkhand MSME/MSME under Gov. of India for said work are exempted for EMD Submission.

PR.NO.318665 District(23-24):D
District Engineer
District Board Chatra





# मौत की सजा माफ, कतर से लौटे सात भारतीय

**फैसले का स्वागत**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कतर की अदालत ने भारतीय नौ सेना के आठ पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया है। इनमें से सात भारत लौट आए हैं। इस बात की जानकारी विदेश मंत्रालय (एमईए) ने दी है। विदेश मंत्रालय ने नौ सेना के पूर्व कर्मियों को रिहा करने के कतर अदालत के फैसले का स्वागत किया। जिन्हें पहले मौत की सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा भारत सरकार दाहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है। जिन्हें कतर में हिरासत में लिया गया था। उनमें से आठ में से सात भारत लौट आए हैं। हम इन नागरिकों की रिहाई और घर वापसी को तय करने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करते हैं। इससे पहले, कतर और भारत के बीच राजनयिक वार्ता के बाद जेल में बंद भारतीय नौसेना के कर्मियों की मौत की सजा को कारावास में बदल दिया गया था।

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि कतर में कैद आठ पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारियों में से सात भारत लौट आए हैं। अंतिम रिहा किए गए कर्मी को घर लाने की व्यवस्था की जा रही है। आठ भारतीय नागरिक जो पहले भारतीय नौसेना के कर्मी थे, को कथित रूप से जासूसी करने के आरोप के बाद अक्टूबर 2022 में कतर में कैद कर लिया गया था। भारतीय नागरिकों को कतर की अदालत ने जासूसी का दोषी माना था और मौत की सजा सुनाई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अदालत का फैसला बेहद चौंकाने वाला था और कहा कि वे भारतीय नौसेना के पूर्व कर्मियों के खिलाफ आरोपों को हटाने के लिए सभी कानूनी विकल्प तलाशेंगे। मामले में पिछले साल एक बड़ा परिवर्तन तब आया, जब कतर की अदालत ने भारत सरकार के हस्तक्षेप के बाद भारतीय नागरिकों की मौत की सजा को कम कर कारावास की सजा में बदल दिया गया।

## कई देशों में मोदी सरकार बनी 'संकटमोचक'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया में एक बार फिर भारत सरकार की सफल कूटनीति दिखी। कतर में काम कर रहे 8 भारतीय नौसेना के पूर्व अफसरों को रिहा कर दिया गया है, जिनमें 7 सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। भारत लौटे सभी पूर्व अधिकारियों ने मोदी सरकार को इसका पूरा श्रेय दिया। बता दें कि इन सभी पूर्व अधिकारियों को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद कतर की एक अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। वहीं, मोदी सरकार के हस्तक्षेप के बाद फांसी की सजा को घटाकर उम्रकैद में बदला गया और आज सरकार की सफल विदेश नीति के बाद कतर ने 8 पूर्व अधिकारियों को सुरक्षित छोड़ दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने दुबई में सीओपी 28 शिखर सम्मेलन में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से भेंट की थी। द्विपक्षीय साझेदारी और कतर में रहने वाले भारतीयों की भलाई पर चर्चा भी की थी। इसके अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल ने भी इस मुद्दे को कतर के सामने बार-बार उठाया था। इसी का नतीजा है कि 18 महीने बाद सोमवार को 8 पूर्व भारतीय अधिकारियों की वतन वापसी हो पाई। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब मोदी सरकार की कूटनीति को जीत मिली हो। भारत सरकार ने अपने कार्यकाल में कई रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए भारतीय नागरिकों को सकुशल स्वदेश पहुंचाया है। बीते नौ सालों में विदेश मंत्रालय ने कई अभियानों के तहत युद्धग्रस्त देशों से हजारों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। खास बात ये भी है कि मोदी सरकार में दूसरे मुल्कों से न केवल भारतीय नागरिक सुरक्षित स्वदेश लौटे, बल्कि इन ऑपरेशन के तहत दूसरे देशों के लोगों को भी सकुशल उनके घर पहुंचाया। यूक्रेन-रूस के बीच छिड़ी जंग के बीच से मोदी सरकार ने ऑपरेशन गंगा के तहत 22,500 से अधिक भारतीयों को सुरक्षित निकाला। इसी तरह 2023 में ऑपरेशन कावेरी के तहत सूडान से 3,800 से अधिक भारतीयों की वतन वापसी करवाई। इसके अलावा, साल 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान ने कब्जा कर लिया था। इसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन देवी शक्ति के जरिए अफगानिस्तान से लगभग 1,200 लोगों को सकुशल बाहर निकाला। इन लोगों में अफगान हिंदू/सिख अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाले 206 अफगान भी शामिल थे।

# भारत का समय आ गया है, पूरा विश्व भारत की ओर उम्मीदों से देख रहा है : मोहन भागवत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ रहे प्रभाव का जिक्र करते हुए कहा है कि आज पूरा विश्व ठोकरे खा रहा है, लड़खड़ा रहा है और भारत की तरफ उम्मीद से देख रहा है कि अब दुनिया को भारत से ही रास्ता मिलेगा। भगवान महावीर स्वामी के 2250वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि भारत के बारे में कहा जाता है कि यहां विविधता में एकता है। वास्तव में यहां एकता की ही विविधता हमारे ध्यान में आती है कि हम सब एक हैं। उन्होंने कहा कि हम सब के एक होने से हम प्रतापी, शक्तिसम्पन्न, ताकतवर और प्रभावशाली बन जाएंगे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमें दुनिया को जीतना है बल्कि हमें सारी दुनिया को जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि हम (भारत) प्रभावशाली बन जाएंगे तो इसका उपयोग दुनिया को जोड़ने के लिए करेंगे क्योंकि ऐसा उच्च जीवन दर्शन हमारे यहां मिला है और सारी दुनिया को यह रास्ता बताना हमारा कर्तव्य है और उसका समय फिर से आ गया है।भागवत ने आगे कहा कि दो हजार वर्षों में अनेक प्रकार के प्रयोग करने के बाद विश्व आज ठोकरे खा रहा है, लड़खड़ा रहा है और भारत की ओर आशा से देख रहा है।

दुनिया को यह लगता है कि भारत से ही उपाय मिलेगा और ऐसा विश्व इसलिए सोचता है क्योंकि विश्व को पता है कि ऐसे ही दर्शनों, तत्वों और व्यवहारों के आधार पर ही बहुत पहले भारत ने पूरे विश्व को शांति और समृद्धि के रास्ते पर बनाए रखा था। उन्होंने अयोध्या में हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का जिक्र करते हुए कहा कि अयोध्या के बारे में कहा जाता है कि वहां कलह नहीं होता और जब कैकेई के मन में कलह आया तो भगवान राम 14 वर्षों के लिए वनवास चले गए और पूरी दुनिया का कलह खत्म कर वापस लौटे। उन्होंने कहा कि एक बार फिर भगवान राम वापस अयोध्या लौटे हैं। भारत में सबके एक होने की बात कहते हुए संघ प्रमुख ने यह भी कहा कि हम चाहे किसी भी समाज से ताल्लुक रखते हों, लेकिन हम सब एक हैं और हम सब का एक होना ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मान ने परिवार सहित किए रामलला के दर्शन



**एजेंसी। लखनऊ**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। दोनों मुख्यमंत्री परिवार के साथ श्री रामलला के दर्शन करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने अपने परिवार के साथ और भगवंत मान ने अपने परिवार के साथ अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन किए। मेरे साथ मेरी पत्नी, मेरे माता-पिता और मान साहब की पत्नी और उनकी माता जी हम सबको रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। केजरीवाल ने कहा कि रामलला के दर्शन करके असीम शांति का अनुभव हुआ है। उसका वर्णन नहीं किया जा सकता है। यह पूरे देश-समाज के लिए सौभाग्य की बात है। इतना भव्य और सुंदर मंदिर तैयार हुआ है। हर रोज लाखों लोग दर्शन कर रहे हैं। उनकी आस्था देखकर दिल गदगद हो जाता है। भगवंत मान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि परिवार के साथ भगवान श्रीराम के दर्शन किए। बड़े दिनों से इच्छा थी, जो आज पूरी हो गई।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए चंदा देने के मामले में आंध्र प्रदेश सबसे आगे

**एजेंसी। अमरावती**



राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए चंदा देने के मामले में आंध्र प्रदेश पहले स्थान पर है। आंध्र प्रदेश ने पूर्व-पश्चिम यात्रा के लिए अब तक 1.02 करोड़ रुपये से अधिक का दान दिया है। कांग्रेस सांसद और तेलंगाना के पार्टी प्रभारी मनिकम टैगोर ने सोमवार को सबसे अधिक सार्वजनिक दान वाले पांच राज्यों की सूची साझा की। आंध्र प्रदेश से दान 1,02,32,907 रुपये है। 86,42,697 रुपये के दान के साथ राजस्थान दूसरे स्थान पर है। हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर है। उन्होंने कहा, राजनीति में पारदर्शिता को बढ़ावा देने, आंध्र प्रदेश में मजबूत समर्थन हासिल करने के लिए राहुल गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व को धन्यवाद। इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए एपीसीसी अध्यक्ष वाई एस, शर्मिला रेड्डी की सराहना। आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शर्मिला ने आंध्र प्रदेश की जनता को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया। मैं तहे दिल से आंध्र प्रदेश के लोगों को धन्यवाद देती हूं जो न्याय में योगदान देने में राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान पर रहे। यह इस सच्चाई का ज्वलंत प्रमाण है कि राज्य कांग्रेस पर भरोसा करता है और पार्टी को आशा की किरण के रूप में देखता है। यह सिर्फ शुरूआत है और हम प्रतिबद्धता के साथ राज्य के हित के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। शर्मिला को पिछले महीने कांग्रेस नेतृत्व ने एपीसीसी अध्यक्ष नियुक्त किया था, जिसे आंध्र प्रदेश में खोई हुई जमीन वापस पाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। राज्य के विभाजन पर जनता के गुस्से के कारण 2014 में आंध्र प्रदेश से कांग्रेस पार्टी का लगभग सफाया हो गया था। 2019 में लगातार दूसरे चुनाव में, कांग्रेस को आंध्र प्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कोई फायदा नहीं हुआ।

## पति से झगड़े का गिरोह ने उठाया फायदा पत्नी से किया दुष्कर्म, पांच गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कोप्पल जिले के गंगावती शहर में मदद के बहाने 6 सदस्य वाले गिरोह ने एक विवाहित महिला से बलात्कार किया। पुलिस ने बताया कि पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। पांचों आरोपियों की पहचान मौला हुसैन, शिवकुमार, प्रशांत, महेश और मदेश के रूप में हुई है। मुख्य आरोपी की पहचान लिंगराज के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि बेंगलुरु की मूल निवासी 21 वर्षीय पीड़िता 9 फरवरी को रात करीब साढ़े नौ बजे गंगावती शहर में अपने पति से मिलने आई थी। पीड़िता अपने पति से मिली, लेकिन जल्द ही दंपति के बीच झगड़ा शुरू हो गया। पुलिस ने कहा कि गिरोह ने दंपति के बीच झगड़े में हस्तक्षेप किया और पत्नी का पक्ष लिया। मदद करने के बहाने गिरोह ने उसके पति पर हमला किया और उसे खींचकर ले गए। पुलिस ने बताया कि इसके बाद उन्होंने पीड़िता को बहलाया-फुसलाया और सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने कहा, मुख्य आरोपी की पहचान लिंगराज के रूप में हुई है, जिसने महिला के साथ बलात्कार किया, जबकि अन्य ने अपराध करने में उसकी मदद की। पुलिस ने बताया कि दुष्कर्म के बाद आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ पीड़िता को छोड़कर मौके से फरार हो गया। बाद में पीड़िता ने घटना के संबंध में गंगावती पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

## दिल्ली पुलिस ने धारा 144 की लागू, 12 मार्च तक जुलूस व प्रदर्शन पर प्रतिबंध

**किसानों का विरोध**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने किसानों के 'दिल्ली चलो मार्च' के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में 12 मार्च तक 30 दिनों की अवधि के लिए धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। रविवार को दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने आदेश जारी किया कि, संयुक्त किसान मोर्चा, किसान मजदूर मोर्चा और कई अन्य किसान यूनियनों और संघों ने अपनी मांगों को दबाने के लिए संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन करने के लिए 13 फरवरी को 'दिल्ली चलो' मार्च की घोषणा की है, और आशंका है कि उपरोक्त मार्च में भाग लेने वाले, नई दिल्ली पहुंचने और अपनी मांगों पर जोर देने के लिए प्रदर्शन करने के लिए निकटवर्ती राज्यों के साथ अपनी सीमाओं के विभिन्न प्रवेश बिंदुओं से दिल्ली के क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास कर सकते हैं। आदेश में आगे कहा गया है कि मार्च में भाग लेने वालों के दिल्ली/नई दिल्ली के क्षेत्र में प्रवेश करने के कारण व्यापक तनाव, सार्वजनिक उपद्रव, सार्वजनिक झुंझलाहट, सामाजिक अशांति और हिंसा की संभावना का आसन्न खतरा है। इसे लेकर निषेधाज्ञा लागू किया गया है।

## मिथुन चक्रवर्ती को मिली अस्पताल से छुट्टी बोले- जल्द ही फिल्मों की शूटिंग शुरू करुंगा

**कोलकाता।** भाजपा नेता और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सोमवार दोपहर कोलकाता के अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। डॉक्टरों ने उन्हें नियमित दवाई लेने और कम से कम 15 दिनों तक लम्बे आराम करने की सलाह दी है। अस्पताल से बाहर निकलकर मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि वह बिल्कुल ठीक हैं और जल्द ही फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे। शनिवार को एक बांग्ला फिल्म की शूटिंग के दौरान ब्रेन स्ट्रोक आने की वजह से अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी रविवार को उनसे फोन पर बात की थी।

## अमेरिकी रेस्तरां के बाहर हमले में भारतीय मूल के टेक अधिकारी की मौत

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



वाशिंगटन में एक रेस्तरां के बाहर हमले के कुछ दिनों बाद अमेरिका में एक टेक कंपनी के भारतीय मूल के एक 41 वर्षीय अधिकारी की मौत हो गई है। डायनेमो टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष और सह-संस्थापक विवेक तनेजा ने 2 फरवरी को शोटो रेस्तरां के बाहर एक व्यक्ति द्वारा हमला किए जाने के बाद गुरुवार को दम तोड़ दिया। एक मौखिक विवाद के बाद संदिग्ध ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया और उसका सिर फुटपाथ पर दे मारा। पुलिस घटना रिपोर्ट के अनुसार, तनेजा एक महिला साथी का बचाव कर रहे थे जिसे संदिग्ध परेशान कर रहा था। पुलिस को वह करीब 2 बजे फुटपाथ पर जानलेवा चोटों के साथ मिला था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

तनेजा को जानने वाले एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि लड़ाई रेस्तरां के अंदर शुरू हुई जिसके बाद दोनों को बाहर निकाल दिया गया। पुलिस ने बार के बाहर घूमते हुए संदिग्ध का एक निगरानी वीडियो जारी किया। उसकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 25 हजार डॉलर तक का इनाम देने की पेशकश की गई है। तनेजा वर्जीनिया विश्वविद्यालय से स्नातक थे और उनके पड़ोसी उनसे बहुत प्यार करते थे।

## 1979 की इस्लामी क्रांति की वर्षगांठ मनाने पूरे ईरान में सामूहिक रैलियां आयोजित

**एजेंसी। तेहरान**



देश की 1979 की इस्लामी क्रांति की जीत की 45वीं वर्षगांठ मनाने के लिए रविवार को पूरे ईरान में सामूहिक रैलियां आयोजित की गईं। रैलियों में देश के अधिकारी और सैन्य कमांडर भी शामिल हुए। यह देश के 1,400 शहरों और 35,000 गांवों में स्थानीय समयानुसार सुबह 9:00 बजे शुरू हुईं। राजधानी तेहरान में लोगों ने 13 स्थानों से आजादी स्क्वॉयर की ओर मार्च किया, जहां ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने भाषण दिया। उनके कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, रायसी ने कहा कि देश के सतर्क, व्यावहारिक और जागरूक लोग दुश्मनों के कारण होने वाली सभी समस्याओं पर काबू पाने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान न तो पूर्व और न ही पश्चिम पर निर्भर है और वह स्वयं निर्णय लेता है और कार्य करता है। उन्होंने मानवाधिकार समर्थक होने का दावा करने वाले पश्चिमी राज्यों के समर्थन से गाजा में किए गए इजरायली अपराधों की भी निंदा की। तेहरान में रैलियों के दौरान, लोगों ने नारे लगाए और ईरान, इसकी इस्लामी क्रांति और फिलिस्तीनियों के समर्थन में समान नारे वाले बैनर ले रखे थे। उन्होंने अमेरिका और इजराइल की निंदा भी की। रैलियों के मार्गों पर, कई घरेलू मिसाइलों और सिमोर्ग नामक एक लॉन्च वाहन को प्रदर्शन के लिए रखा गया था। ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति ने अमेरिका समर्थित शाह शासन को उखाड़ फेंका था और देश को इस्लामी गणराज्य के दिवंगत संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में ला दिया।

# पाक चुनाव में खंडित जनादेश : पीएमएल (एन) ने 'सहभागी गठबंधन सरकार' का रखा विचार



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

आम चुनावों में मिले जनादेश के बीच, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) (पीएमएल-एन) ने एक भागीदारी वाली गठबंधन सरकार का सुझाव दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी है। डॉन ने बताया देश में राजनीतिक परिदृश्य और भविष्य की कार्रवाई पर पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ विचार-विमर्श करने के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए। पीएमएल (एन) नेता और पूर्व कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा कि हम सेंटर में सरकार बनाने के लिए पूर्व सहयोगियों के साथ परामर्श कर रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा देश के व्यापक हित में सभी को संघीय सरकार बनाने के लिए हाथ मिलाना चाहिए। चुनावों में धांधली के आरोपों के बीच, तरार ने कहा कि नेशनल असेंबली में एक भी राजनीतिक दल ने बहुमत हासिल नहीं किया है, जो दर्शाता है कि चुनाव निष्पक्ष थे।

## पीटीआई का पीएमएल(एन) व पीपीपी के साथ गठबंधन से इनकार

**इस्लामाबाद।** सरकार बनाने के लिए पीपीपी और पीएमएल (एन) के साथ गठबंधन से इनकार करते हुए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने कहा है कि उनके साथ हाथ मिलाने के बजाय विपक्ष में बैठना बेहतर है। डॉन को दिए एक साक्षात्कार में पीटीआई प्रमुख गौहर अली खान ने कहा कि पार्टी उन दोनों (पीपीपी और पीएमएल-एन) के साथ सहज महसूस नहीं करती है और उनके साथ सरकार बनाने से बेहतर है कि विपक्ष में बैठें। पीटीआई आरक्षित सीटों पर दावा करने के लिए किसी अन्य पार्टी से हाथ मिलाएगी, क्योंकि उसके अभाव में राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं में सरकार बनाने की उसकी संभावनाओं को गंभीर झटका लगेगा।

## पाकिस्तान में विस्फोट में दो की मौत, तीन घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। बचाव दल ने यह जानकारी दी। सरकारी रेस्क्यू 1122 ने एक बयान में कहा कि यह घटना रविवार को प्रांत के निचले दीर इलाके के एक बाजार क्षेत्र में हुई। घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां तीनों की हालत गंभीर है। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी।

## ज्ञानवापी पर मुस्लिमों की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई 15 को

**प्रयागराज (यूपी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के एक तहखाने में हिंदू प्रार्थनाओं की अनुमति देने के वाराणसी जिला अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 15 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति द्वारा दायर अपील पर आदेश पारित किया, जो काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे मस्जिद के मामलों की देखभाल करती है। मुस्लिम पक्ष के वकील - पुनित गुप्ता और एसएफए नकवी को विस्तार से सुनने के बाद, न्यायमूर्ति अग्रवाल ने नकवी के अनुरोध पर मामले में आगे की सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तारीख तय की। मस्जिद समिति की ओर से पेश हुए एसएफए नकवी ने अदालत के समक्ष कहा कि विवादित संपत्ति पर वादी (व्यास) का क्या अधिकार है, यह अभी तक तय नहीं हुआ है और इसलिए वादी के अधिकार का पता लगाए बिना, तहखाने में पूजा की अनुमति देने का आदेश गैरकानूनी है।